लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 196, पृष्ठ 14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 2 जून 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हमारा पर्यावरण हमारा भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम** 42.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05:16 सूर्यास्त 18:58



बिग बॉस ओटीटी- 3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर...14

## बच्चा न होने पर किया दूसरा निकाह पहली पत्नी को मारीं तीन गोलियां

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

**अमृत विचार :** बच्चा न होने पर एक युवक ने दूसरा निकाह कर लिया। पहली पत्नी को घर से निकालने की कोशिश की। वह घर से नहीं गई तो तमंचे से तीन गोलियां मारीं। गंभीर अवस्था में उसे अलीगढ़ के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

सहसवान के चौधरी मोहल्ला निवासी शबीना उर्फ शब्बो का निकाह सात साल पहले गांव जौनेरा निवासी राशिद पुत्र कल्लन के साथ हुआ था। शबीना को संतान नहीं हुई तो वह चिकित्सक को दिखाने की बात कहती रही। राशिद नहीं माना। करीब चार महीने पहले गांव गुड़ौलिया पट्टी तासौर निवासी शहनाज से दूसरा निकाह कर लिया और शबीना पर घर छोड़ने का दबाव बनाने लगा। शनिवार सुबह राशिद ने शबीना से झगड़ा किया और तमंचे से तीन गोलियां दाग दीं और भाग गया। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने हालत गंभीर देख रेफर कर दिया। परिजन उसे अलीगढ़ के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह ने बताया कि आरोपी पति राशिद की तलाश की जा रही है।




• गंभीर हालत में अलीगढ़ राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए परिजन

### इलाज के लिए एक साल का मांगा था समय

शबीना के बहनोई हारुन ने बताया कि संतान न होने पर पति-पत्नी के बीच अक्सर ही विवाद होता रहता था। कई बार पंचायत भी हुई थीं। शबीना के मायका पक्ष ने उसका इलाज कराने के लिए एक साल का समय मांगा था। पंचायत में यह भी कहा गया कि राशिद पहली पत्नी को 20 बीघा जमीन में हिस्सा दे। अलग-अलग मकान दे ताकि दोनों पत्नियां रह सकें। इसके बाद भी राशिद शबीना को अपनी जिंदगी से निकालने पर आमादा था।

## अंतिम चरण : उप्र की 13 लोकसभा सीटों पर 55 .60% मतदान

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ



• चंदौली सीट पर सबसे ज्यादा 60.34% और सलेमपुर में सबसे कम 51.25% वोटिंग

• मतदान के दौरान कुल 236 शिकायतें प्राप्त हुईं, सबसे ज्यादा देवरिया सीट पर 34 शिकायतें

**अमृत विचार :** प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक 55.60 प्रतिशत मतदान हुआ। चंदौली में सबसे ज्यादा 60.34 प्रतिशत व सलेमपुर में सबसे कम 51.25 प्रतिशत मतदान रहा। सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर 54.48 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी सीटों पर छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि महाराजगंज में 60.08 प्रतिशत, गोरखपुर में 54.69 प्रतिशत, कुशीनगर में 57.29, देवरिया में 55.30, बांसगांव में 51.59, घोसी में 54.87 प्रतिशत, सलेमपुर में 51.25, बलिया में 52.84 प्रतिशत, गाजीपुर में 55.21, वाराणसी में 56.35 प्रतिशत, मिर्जापुर में 57.72 व राबर्ट्सगंज (अजा) में 55.92 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कुल 236 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें सबसे ज्यादा देवरिया सीट पर 34 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें ईवीएम खराब होने व फर्जी मतदान होने समेत विभिन्न शिकायतें रहीं।

### प्रचंड गर्मी और लू के बीच आठ राज्यों की 57 सीटों पर 59 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण में शनिवार को देश के विभिन्न अंचलों में प्रचंड गर्मी और लू के बीच 59 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा की बाकी बची 42 सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान कराया गया। निर्वाचन आयोग से शाम साढ़े सात बजे उपलब्ध कराई सूचना के अनुसार इस चरण में भी पश्चिम बंगाल मतदान में 69 .89 प्रतिशत वोट डाले गए। बिहार में मत प्रतिशत 49 .35 रहा। पंजाब और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केन्द्रों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण बताया गया है। ओडिशा विधानसभा के आखिरी चरण में 42 सीटों पर 62 .76 प्रतिशत वोट डाले गए। लोकसभा की इन 57 सीटों पर कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे। सातवें और अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक सीट के साथ हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, ओडिशा की छह, बिहार की आठ, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों पर मतदान कराया गया।

### मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद

सातवें चरण के मतदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। मोदी वाराणसी सीट से तीसरी बार प्रत्याशी रहे। उनके मुकाबले में इंडी गठबंधन से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रहे। गोरखपुर सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद रवि किशन प्रत्याशी थे। इनका मुक़ाबला सपा नेता काजल निषाद से रहा। चंदौली सीट से केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे, रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा से रिंकी कोल, घोसी सीट पर राजग से ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर, कुशीनगर सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद विजय दुबे, मिर्जापुर सीट से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल चुनाव मैदान में रहीं।










# भाजपा-राजग को प्रचंड बहुमत इंडिया गठबंधन टक्कर में नहीं

## एग्जिट पोल : अधिकांश सर्वे में राजग के बहुमत से तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

• अकेले भाजपा को 305 सीटें और राजग को 400 के पार सीटें मिलने का जताया गया अनुमान

• इंडी गठबंधन को 139 से 161 सीटें मिलना संभव कांग्रेस को अकेले मिल सकती हैं 64 सीटें

अठाहरवीं लोकसभा के लिए हुए चुनावों में ज्यादातर एग्जिट पोल यानी मतदान पश्चात सर्वेक्षण में भाजपा तथा उसके नेतृत्व वाले राजग के भारी बहुमत से तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान व्यक्त किया गया है और कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों का इंडिया समूह कहीं भी टक्कर में दिखाई नहीं दे रहा है। शनिवार को सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद टुडेज चाणक्य और इंडिया टीवी इन दोनों के एग्जिट पोल में राजग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुमान के अनुसार 400 के पार सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। टुडेज चाणक्य ने राजग को 400 सीटें मिलने तथा इंडिया टीवी ने राजग को 371 से 401 सीटें देने की बात कही है।

इन दोनों ने इंडिया समूह को क्रमश 107 और 109 से 139 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है। अन्य को क्रमश 36 और 28 से 38 सीटें मिलने की बात कही गई है। एनडीटीवी के पोल ऑफ पोल्स में राजग को 366 , इंडिया समूह को 144 तथा अन्य को 33 सीटें मिलने की बात कही गई है। इसमें भाजपा को अकेले 305 सीटें मिलने की बात कही गई है। वहीं कांग्रेस को अकेले 64 सीटें मिलने का अनुमान है। इंडिया न्यूज-डी डायनमिक्स ने राजग को 371, इंडी गठबंधन को 125 तथा अन्य को 47 सीटें दी हैं जबकि जन की बात के सर्वेक्षण में राजग को 362 से 392, इंडी गठबंधन को 141 से 161 तथा अन्य को 10 से 20 सीटें दी हैं। रिपब्लिक भारत मैट्रिज़ ने राजग को 353 से 368, इंडी गठबंधन को 118 से 133, अन्य को 43 से 48 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है।

### अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विश्वास जताया कि लोगों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा है। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान समाप्त होने के बाद मोदी ने कहा कि लोगों ने उनकी सरकार का 'ट्रैक रिकॉर्ड' देखा है। कहा कि उनकी सरकार के कामकाज से गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव आया है।

### इंडिया गठबंधन का लोकसभा चुनावों में 295 से ज्यादा सीट जीतने का दावा



**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं ने शनिवार को यहां अनौपचारिक बैठक कर लोकसभा चुनाव की मतगणना से जुड़ी तैयारियों एवं रणनीति पर चर्चा की तथा दावा किया कि इस चुनाव में गठबंधन को 295 से अधिक सीट मिलेंगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में यह फैसला भी किया गया कि विपक्षी गठबंधन के घटक दल एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) से जुड़ी टेलीविजन चैनलों की चर्चाओं में भाग लेंगे।

## मई में 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा जीएसटी संग्रह

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह चालू वित्त वर्ष के दूसरे महीने मई में 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 157090 करोड़ रुपये की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने अप्रैल-मई में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 3.83 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में संग्रहित राजस्व की तुलना में 11.3 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2024 में पहली बार जीएसटी संग्रह रिकार्ड दो लाख करोड़ को पार करते हुए 210267 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो अप्रैल 2023 के 187035 करोड़ रुपये की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक था। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को मासिक जीएसटी संग्रह के आंकड़े जारी किए जिसके अनुसार रिफंड के बाद अप्रैल 2024 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1.44 लाख करोड़ रुपये रहा है जो मई 2023 के शुद्ध संग्रह से 6.9 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार मई 2024 में कुल जीएसटी संग्रह 172739 करोड़ रुपये रहा है।

## अफसर के खाने में हड्डी निकली, होटल सील

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)



हवेली होटल में मौजूद उत्तराखंड के सीनियर पीसीएस अधिकारी श्रीश कुमार।

• दिल्ली जा रहे थे ओडिशा के कांउटिंग आर्ब्जवर श्रीश कुमार


**अमृत विचार :** गजरौला में हाईवे पर हवेली होटल में खाना खा रहे ओडिशा में मतगणना ऑब्जर्वर उत्तराखंड के वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी के खाने में मुर्गे की हड्डी निकल आई। इस पर उन्होंने कॉल करके स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी दी। इस पर खाद्य विभाग की टीम पहुंची। जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम ने होटल को सील करा दिया है।

पूर्व सांसद हरीश नागपाल का गजरौला में नेशनल हाईवे पर हवेली होटल है। पंकज भारद्वाज समेत तीन लोग होटल का संचालन करते हैं। शनिवार दोपहर राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर सीनियर पीसीएस अफसर श्रीश कुमार अल्मोड़ा से दिल्ली जाते समय होटल में खाना खाने के लिए रुके। उनके साथ बेटा भी था। उन्होंने कढ़ाई पनीर का आर्डर दिया। खाना सर्व होने के बाद दोनों ने खाना शुरू किया। तभी पनीर में मुर्गे की हड्डी निकल आई। उनकी सूचना के बाद अमरोहा से खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम चंद्रकांता व प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन भी पहुंचे। खाद्य विभाग की टीम ने हड्डी समेत खाने के नमूने लिए। इसके बाद एसडीएम ने होटल को सील करा दिया। होटल के प्रबंधक पंकज भारद्वाज ने बताया कि शुक्रवार रात होटल के कर्मचारियों ने पार्टी करने के लिए चिकन बनाया था। गलती से हड्डी खाने में आ गई।

> राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर श्रीश कुमार बेटे के साथ अल्मोड़ा से दिल्ली जा रहे थे। इस बीच वह गजरौला में हवेली होटल में खाना खाने के लिए रुके थे। वहीं उनके खाने में हड्डी निकल आई। होटल को सील कर दिया गया है।
> – **चंद्रकांता**, एसडीएम, मंडी धनौरा

### एक नजर

#### विमान को बम से उड़ाने की धमकी, इमरजेंसी लैंडिंग



**मुंबई।** विमानन कंपनी इंडिगो की चेन्नई से मुंबई आ रही एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को यहां पूर्ण आपात स्थिति में उतारा गया। इस उड़ान में 172 यात्री थे। विमान सुबह करीब 8 .45 बजे उतरा और यात्रियों को सीढ़ी का इस्तेमाल करके विमान से उतारा गया। इंडिगो के विमान में बम की धमकी मिलने की पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है। इससे पहले 28 मई को दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो की एक उड़ान में बम होने की धमकी मिली थी। चेन्नई से मुंबई आ रही उड़ान संख्या 6ई5314 में कथित रूप से बम की धमकी की पुष्टि करते हुए इंडिगो ने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है।

## सलमान खान को मारने की साजिश में 4 शूटर गिरफ्तार

मुंबई, एजेंसी



• अभिनेता पर एके-47 राइफलों से हमला करने की थी योजना

• गिरफ्तार किए गए सभी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य

नवी मुंबई पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि उसने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की साजिश रचने के आरोप में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने महाराष्ट्र के पनवेल में इस साल की शुरुआत में सलमान के फार्महाउस के समीप उनकी कार रोककर उन पर एके-47 राइफलों से गोलीबारी कर हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों की पहचान धनंजय तपसिंह उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ नाहवी, वस्पी खान उर्फ वसीम चिकना और रिजवान खान उर्फ जावेद खान के रूप में की गई है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस उपायुक्त विवेक पनसारे ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों को एके-47 राइफलों व अन्य हथियारों से हमला करने के निर्देश दिए गए थे।

## केजरी को आज जाना होगा जेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर शनिवार को आदेश पांच जून के लिए सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि यह आवेदन चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत के लिए था न कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत की अवधि के विस्तार के लिए। मुख्यमंत्री को उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी । उन्हें रविवार 2 जून को आत्मसमर्पण करना है।

## भाजयुमो नेता ने पिता को चाकू से गोदा

संवाददाता, रुद्रपुर

• भाजयुमो उत्तरी मंडल उपाध्यक्ष है हत्यारोपी दीपक राठौर

• हत्या के बाद थाना ट्रांजिट कैंप में हत्यारोपी ने किया आत्मसमर्पण



**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में भाजयुमो नेता ने चाकू से गोदकर अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी पुत्र ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। उधर, मृतक के भांजे ने मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में तोताराम राठौर (50) अपने बड़े बेटे दीपक राठौर और सुमित राठौर के साथ रहते थे। बड़ा बेटा दीपक भाजयुमो उत्तरी मंडल का उपाध्यक्ष है। बताया जा रहा है कि तोताराम का बड़े बेटे दीपक के साथ कुछ समय से मकान बेचने को लेकर विवाद चल रहा था। पिता को डर था कि दीपक मकान बेचकर रकम को खुर्दबुर्द कर देगा। इसलिए तोताराम पैसे छोटे बेटे को देना चाहता था।


शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे इसी बात को लेकर तोताराम व दीपक में झगड़ा हुआ। उस समय तो परिजनों ने दोनों में बीच-बचाव करा दिया। लेकिन, सुबह चार बजे दीपक ने सो रहे पिता पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार कर उनकी निर्मम हत्या कर दी। इस वारदात के बाद हत्यारोपी खुद ही थाना ट्रांजिट कैंप पहुंचा और पुलिस को घटना के बारे में बताया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर निहारिका तोमर, थानाध्यक्ष भारत सिंह घटनास्थल पहुंचे। वहां तोताराम का शव जमीन पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के बाद फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। मृतक के भांजे जेपीनगर, जनपथ फुलसुंगा निवासी गौरी शंकर राठौर ने दीपक राठौर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## वाणिज्यिक एलपीजी के दाम 69 रुपये घटे

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम में शनिवार को 6.5 प्रतिशत की कटौती की गई, वहीं 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर पर 69 रुपये की कमी की गई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्यों में गिरावट के मद्देनजर ऐसा किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के अनुसार 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 69 रुपये घटाकर 1,676 रुपये कर दी गई है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक मई को 19 रुपये तथा एक अप्रैल को 30.5 रुपये की कटौती की गई थी।

## पिकअप ने छह ग्रामीणों को रौंदा, चार की मौत

संवाददाता, बिसौली (बदायूं)



धनपाल



ज्ञानचंद्र



ब्रह्मापाल



राम प्रकाश

• लोगों ने पिकअप चालक को पकड़कर पीटा, पुलिस से झड़प और धक्का-मुक्की

• दोपहर में पीपल के नीचे बैठकर बातें कर रहे थे ग्रामीण, तभी हुए हादसे के शिकार

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार पिकअप ने पीपल के पेड़ के नीचे बैठे छह लोगों को रौंद दिया। चार लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने पिकअप चालक को पकड़कर जमकर धुनाई की फिर सड़क पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस से ग्रामीणों की झड़प भी हुई। एक मृतक के भाई के समझाने पर साढ़े चार घंटे के बाद जाम खोलने पर राजी हुए।

बिसौली-आंवला मार्ग पर गांव पैगा भीकमपुर में छह ग्रामीण शनिवार दोपहर पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर बातें कर रहे थे। इसी दौरान आंवला की ओर से आई पिकअप का चालक नियंत्रण खो बैठा और पिकअप ने ग्रामीणों को रौंद दिया। राम प्रकाश (45), ब्रह्मपाल (40), धनपाल (50), ज्ञानचंद्र (35) की मौके पर मौत हो गई। जबकि रामवीर और नेत्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर धुनाई शुरू कर दी। सूचना पर बिसौली के प्रभारी निरीक्षक सुनील अहलावत के साथ पहुंचे पुलिसकर्मियों ने चालक को बचाने की कोशिश की तो ग्रामीणों से उनकी झड़प और धक्का-मुक्की हो गई। पुलिस ने जैसे-तैसे चालक को बचाकर कोतवाली भेजा। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने आंवला मार्ग पर डनलप और ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर जाम लगा दिया। मौके से शव नहीं उठाने दिए। वाहनों की कतार लग गई। ग्रामीण डीएम को बुलाने की जिद करने लगे। एडीएम प्रशासन रेनू सिंह और एसपी देहात राम मोहन सिंह गांव पहुंचे लेकिन उनके समझाने के बाद भी नहीं माने। मृतक राम प्रकाश के चचेरे भाई अधिवक्ता वीर सिंह यादव के समझाने के बाद ग्रामीणों ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए जाने दिए।

> हादसे में चार लोगों की मौत हुई थी और दो लोग घायल हैं। ग्रामीणों को समझाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। – **राम मोहन सिंह**, एसपी देहात

## राहत : 15-22 जून के बीच बारिश संभव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

• मानसून जल्द देगा दस्तक, फसलों को भी होगा फायदा

• मानसून से पहले कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना

**अमृत विचार :** जानलेवा गर्मी व हीट वेव से परेशान लोगों को जल्द ही राहत मिल सकती है। आगामी 24 घंटे में प्रदेश में मौसम परिवर्तन की संभावना है। राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। मानसून के इसी माह के तीसरे सप्ताह में दस्तक देने की संभावना है।

मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में 15 से 22 जून के बीच मानसून की बारिश शुरु हो सकती है जो सितंबर माह तक जारी रहेगी। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना जताई है। अच्छी बारिश से गर्मी से राहत मिलने के साथ फसलों को भी काफी फायदा मिलेगा और किसानों की चिंता कम होगी। लखनऊ मौसम विभाग के अनुसार मानसून आने से पहले फिलहाल अगले तीन दिनों में भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उप्र. में अलग-अलग स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गाजीपुर, सीतापुर, लखनऊ, हरदोई, बहराइच, उन्नाव, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, इटावा, एटा, महामायानगर, मैनपुरी, फर्रुखाबाद समेत राज्य के कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 2 से 4 जून तक तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

### टूटा रिकॉर्ड, उप्र में 29,727 मेगावाट बिजली की मांग

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के कारण प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड फिर टूट गया। शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई। बिजली अभियंताओं के मुताबिक बिजली मांग के 30 हजार मेगावाट पर पहुंचने की संभावना है। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले साल प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंची थी। इस बार 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंच गई। 24 मई को अधिकतम मांग 29,197 मेगावाट थी। 25 मई को 29,215 मेगावाट, 26 मई को 29,084 मेगावाट, 27 मई को 29,261 मेगावाट, 28 मई को 29,282 मेगावाट व 29 मई को 29,077 मेगावाट व इसके बाद 29,129 मेगावाट दर्ज हुई थी। जल्द ही 30 हजार मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग पहुंचने की संभावना है।




भीषण गर्मी से बचने को चिकित्सकों ने दिए सुझाव, कहा- पानी की कमी न होने दें

# बच्चों को गीली तौलिया से लपेटकर रखें, बुजुर्ग डिहाइड्रेशन से बचें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला क्या पूरा प्रदेश ही इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है, जिस कारण चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है। सुबह 10 बजते ही तेज धूप और गर्मी से आम आदमी त्रस्त होने लगता है। इसका असर बाजार पर भी पड़ रहा है। पूरे दिन बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। दुकानदार भी खाली बैठे ऊंघते रहते हैं।

शाम पांच बजे के बाद ही लोग घरों से निकल रहे हैं। गर्मी के कारण बच्चे-बुजुर्ग ही नहीं, युवा भी पस्त हो चुके हैं। ऐसे में सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों तथा नर्सिंग होम, क्लीनिकों पर डिहाइड्रेशन के शिकार मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। चिकित्सकों ने लोगों को बहुत एहतियात बरतने

- **कोल्ड ड्रिंक के बजाय नारियल पानी लाभकारी**

का परामर्श दिया है। उनका कहना है कि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक घर से नहीं निकलना चाहिए। बहुत जरूरी हो, तो छाता लगाकर और नीबू-पानी की बोतल साथ लेकर चलें। वहीं, छोटे बच्चों को गीली तौलिया में लपेटकर रखने का सुझाव भी दिया गया है। चिकित्सकों का दो टूक कहना है कि गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचने की बहुत जरूरत है, इसके लिए प्यास हो अथवा न हो, पानी बराबर पीते रहना चाहिए। तली-भुनी चीजों के सेवन से भी बचना चाहिए। दोपहर को बिना वजह घर से नहीं निकलना है, धूप से बचाव करना बहुत जरूरी है।



भीषण गर्मी में कोई भी लापरवाही न करे। ऐसे में डिहाइड्रेशन से बचने की बहुत जरूरत है। लोगों को चाहिए कि वह पानी बराबर पीते रहें। खासतौर पर 60 वर्ष के अधिक आयु के बुजुर्ग सुबह 10 से शाम पांच बजे तक घर से निकलने को बचें। यदि बहुत जरूरी हो, तो छाता लगाकर और पानी की बोतल जरूर साथ रखें। कोल्ड ड्रिंक और ग्लूकोज पीने से बचें, मधुमेह से पीड़ित लोग शुगरफ्री इलेक्ट्राल और नारियल पानी का सेवन करें। नीबू और नमक का घोल बनाकर रख लें और उसका सेवन करते रहें। पानी वाले फलों का सेवन करें। तली हुई चीजों का परहेज करें और कमरे का तापमान 23-24 डिग्री मेंटेन रखें।

– **डॉ. अंकित अग्रवाल**, वरिष्ठ फिजीशियन



गर्मी का प्रभाव रात-दिन बराबर बढ़ता जा रहा है। गुटखा, पान मसाला आदि के बजाय सौंफ और मिश्री का सेवन लाभकारी साबित होगा। पानी लगातार पीते रहें, फिर चाहें प्यास लगी हो या न लगी हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। शरीर में पानी की कमी बिल्कुल न होने दें। आम का पना, नीबू शिकंजी का सेवन भी लगातार करते रहें। अनावश्यक घूमने से बचें और धूप में तो बिल्कुल भी घर से न निकलें। जरूरी हो तो सिर पर गमछा डालकर अथवा छाता लेकर धूप का बचाव करें।

–**डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी**, आयुर्वेदाचार्य



अत्यधिक गर्मी से बच्चों को भी बचाए रखने की बहुत जरूरत है। बच्चों को गर्मी-सर्दी का असर जल्दी होने लगता है, इसलिए बड़ों के साथ बच्चों को भी पानी पिलाते रहना चाहिए। जब भी महिलाएं गोद वाले बच्चों को लेकर घर से निकलें तो उन्हें भीगे तौलिया या फिर गीले कपड़े से लपेटकर ही लेकर निकलें, इससे बच्चों को गर्मी के प्रभाव से काफी हद तक बचाया जा सकता है। कोशिश करें कि बच्चों को लेकर धूप में घर से न निकलें। घर में भी कमरों को ठंडा रखने का प्रयास करें। कूलर, पंखे लगातार चलाकर रखें। बच्चों में किसी प्रकार की उलझन महसूस करने पर तत्काल चिकित्सक का परामर्श लें। इसी तरह बुजुर्गों को भी धूप से बचाव करने की जरूरत है।

– **डॉ. यूडी कपूर**, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ

## यातायात कर्मियों को लेमन ड्रिंक और ओआरएस पिलाया



यातायात पुलिस कर्मियों को पानी की बोतल व ओआरएस का वितरण करते अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर में विभिन्न चौराहे और तिराहे पर लगे यातायात पुलिस कर्मियों तथा पीआरडी जवानों को लेमन ड्रिंक व ओआरएस का वितरण किया गया।

एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर शनिवार को सीओ ट्रैफिक वीएस वीरकुमार सिंह व यातायात प्रभारी बाल कृष्ण यादव ने अशफाक नगर तिराहे, खिरनीबाग चौराहे, लाल इमली चौराहे, अंटा चौराहा, मालखाना मोड़, गर्रा फाटक मोड़, जीआईसी तिराहे, हथौड़ा चौराहे, केरुगंज चौराहे, अंटा चौराहे आदि पर यातायात पुलिस कर्मचारियों और पीआरडी जवानों को पानी की बोतल एवं ओआरएस पैकेट, लेमन ड्रिंक आदि का वितरण किया गया। यातायात सुरक्षा में लगे कर्मचारियों को गर्मी से राहत पाकर कुशल यातायात व्यवस्था बनाएं रखें।

### एक नजर

#### बीकॉम-एमकॉम की मौखिक परीक्षा आज

**शाहजहांपुर।** एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग में दो जून रविवार को प्रातः नौ बजे से बीकॉम तृतीय वर्ष के वार्षिक पाठ्यक्रम तथा 10 बजे एमकॉम द्वितीय वर्ष वार्षिक पाठ्यक्रम के संस्थागत तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की मौखिक परीक्षा होगी। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि उनके यहां आर्य महिला डिग्री कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय तिलहर, राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद और सुभद्रा देवी मूलाराम महाविद्यालय निगोही के परीक्षार्थियों का भी केंद्र बनाया गया है। इसके अतिरिक्त पूर्वांह 11 बजे से नवीन शिक्षा नीति से आच्छादित बीकॉम छठे सेमेस्टर के संस्थागत छात्रों के प्रोजेक्ट वर्क की मौखिक परीक्षा भी होगी। परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था वाणिज्य संकाय के कमरा नंबर 130, 131 और 132 की गई है। अधिकतम जानकारी के लिए वाणिज्य विभागाध्यक्ष से संपर्क किया जा सकता है।

#### दो दिन नहीं बनेगा डीएल

**शाहजहांपुर।** एआरटीओ प्रशासन ने बताया कि परिवहन विभाग में दो दिन डीएल बनाने का कार्य बंद रहेगा। यह बंदी एनआईसी द्वारा साफ्टवेयर को अपडेट करने के लिए की गई है। सिस्टम अपडेट न होने के कारण डीएल बनने के बाद आवेदक के पते पर पहुंचने में असुविधा हो रही है। जिसके सुधार किए जाने के लिए 2 व 3 जून को लाइसेंस का सारथी पोर्टल पूरी तरह से बंद रखा जाएगा। पूर्व में जारी डीएल बनवाने के स्लॉट आगे की तिथियों में परिवर्तित कर दिए जाएंगे। 4 जून से पोर्टल की सभी सुविधाएं बहाल हो जाएगी।

# तीन केंद्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा देंगे 1530 परीक्षार्थी

## एसएस कॉलेज में जनपद नोडल समन्वयक ने की बैठक

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में नौ जून को होने वाली उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शनिवार को स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में किया गया। बैठक की अध्यक्षता परीक्षा के नोडल समन्वयक एवं उप नोडल अधिकारी ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में एसएस कॉलेज के प्राचार्य एवं परीक्षा के जनपद नोडल समन्वयक प्रोफेसर डॉ. आर के आजाद ने कहा कि 2024 की बीएड प्रवेश परीक्षा जिले में तीन केंद्रों पर आयोजित हो रही है, जिनमें से दो परीक्षा केंद्र स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में एवं एक केंद्र जीएफ कॉलेज में बनाया गया है। जिले को कुल 1530 परीक्षार्थी आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दूसरी पाली अपरान्ह 2 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगी। परीक्षा संबंधित जानकारी देते हुए नोडल समन्वयक ने बताया कि प्रत्येक दशा



एसएस कॉलेज में बीएड प्रवेश परीक्षा संबंधी बैठक लेते जनपद नोडल समन्वयक प्रोफेसर डॉ. आरके आजाद व अन्य। ● अमृत विचार

- **नौ जून को होने वाली परीक्षा की तैयारियों पर की चर्चा**
- **केंद्राध्यक्षों और पर्यवेक्षकों को समझाए गए परीक्षा संबंधी नियम**

में परीक्षा संबंधी सामग्री खोलते समय वीडियोग्राफी कराई जाएगी। स्ट्रांग रूम में कोई भी अनधिकृत व्यक्ति किसी भी दशा में मौजूद नहीं रहेगा। इस अवसर पर परीक्षा संबंधी सभी निर्देशों को पावर पॉइंट के माध्यम से एलईडी स्क्रीन पर भी प्रदर्शित किया गया।

उप नोडल अधिकारी प्रोफेसर डॉ. राजकुमार सिंह ने कहा कि पर्यवेक्षक एवं केंद्राध्यक्ष दोनों को ध्यान रखना है कि परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक के पास प्रवेश पत्र की एक प्रति जमा करेगा। किसी भी दशा में परीक्षार्थी परीक्षा के उपरांत प्रश्न पुस्तिका अपने साथ नहीं ले जाएगा। इसके अलावा उन्होंने अन्य सभी महत्वपूर्ण निर्देशों से सभी पर्यवेक्षकों एवं केंद्राध्यक्षों को अवगत कराया। बैठक में जीएफ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक, डॉ. राम शंकर पांडेय, डॉ. शिशिर शुक्ला, डॉ. अवधेश कुमार, डॉ. शोएब, डॉ. कमलेश गौतम, डॉ. श्रीकृष्ण यादव, डॉ. खलील, डॉ. जयेन्द्र कुमार, कमलेश त्रिवेदी, मनोज अग्रवाल, अवनीश चौहान समेत केंद्रों के केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक मौजूद रहे।













# रानी अहिल्याबाई ने किया महिला सशक्तिकरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सपा कार्यालय पर शनिवार को रानी अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि मनाई गई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस दौरान सपा नेताओं ने गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

सपा नेता डॉ. संतोष पाल ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई एक साधारण महिला थीं, जिनका जन्म महाराष्ट्र में हुआ था। इनके पति खंडेराव की मृत्यु के समय सती प्रथा का चलन था लेकिन उन्होंने पति की मृत्यु के बाद सती न होकर सती प्रथा पर विराम लगा दिया और एक कुशल राजमाता बनकर महिलाओं की सेना बनाकर राजगद्दी संभाली और अपने शासन में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने में अहम रोल अदा किया। इस दौरान उन्होंने लड़कियों की शिक्षा विस्तार करने का भी पूरा प्रयास किया। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, चौधरी रामकुमार भोजवाल, संजीव कुमार वर्मा, ओंकार सिंह, अवधेश कुमार पाल, विशनू दयाल



सपा कार्यालय पर अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की 299वीं जयंती**
- **सैफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया के नेतृत्व में पाल समाज ने भी मनाया कार्यक्रम**

कनौजिया, विकास चंद्र एडवोकेट, अतिउल्लाह सिद्दीकी, सरताज खान, नाजिम फारुकी, हफीज अंसारी, लखपत राम वर्मा आदि मौजूद रहे।

उधर, सैफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया के अध्यक्ष विकास कुमार पाल एडवोकेट के नेतृत्व में पाल समाज ने अजीजगंज स्थित गेस्ट हाउस में अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके के जीवन पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम में अतिथि को अहिल्याबाई होल्कर का चित्र देते सैफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरदोई कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुभाष पाल रहे। अध्यक्षता पूर्व प्रधान मलिखान पाल ने की। कार्यक्रम में महासचिव अतुल कुमार एडवोकेट, विवेकेशील, राजीव पाल, अरविंद पाल आदि मौजूद रहे।






शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# खाना बनाने के विवाद में पत्नी की फावड़ा मारकर हत्या, बेटे हैदराबाद से लाए शव

## एक साल पहले बेटों के साथ मजदूरी करने गई थी परौर की महिला, पति भी पहुंच गया था

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम, आरोपी पति फरार
- विवेचना के लिए हैदराबाद भेजा जाएगा केस

**अमृत विचार :** हैदराबाद में पति ने खाने के विवाद में पत्नी पर फावड़े से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान अस्पताल में महिला की मौत हो गई।


मृतका शमशीदा।

बेटे मां का शव लेकर तेलंगाना राज्य के हैदराबाद से 1500 किलोमीटर की दूरी तय कर परौर पहुंचे। यहां की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। परौर पुलिस का कहना है कि घटना हैदराबाद की है इसलिए केस की विवेचना वहीं से होगी। थाना पुलिस निल क्राइम नंबर पर केस दर्ज कर विवेचना हैदराबाद ट्रांसफर कर देगी।

परौर थाना क्षेत्र के गांव बम्हनी निवासी शमशीदा(49) अपने बेटों के साथ मेहनत-मजदूरी करने करीब एक साल पहले हैदराबाद गई थीं। कुछ दिनों बाद उसका पति मुश्ताक भी वही पहुंच गया था। 29 मई की शाम सात बजे मुश्ताक काम कर कमरे पर आया। इसी बीच खाना बनाने को लेकर उसका शमशीदा से विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि बेकाबू मुश्ताक ने आवेश में आकर पत्नी के सिर पर फावड़े से प्रहार से कर दिया। जिससे उसकी पत्नी घायल हो गई। बेटे मुस्तकीम ने मां को हैदराबाद में ही सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की 30 मई को वहीं पर मौत हो गई। उधर आरोप पति घटना के बाद ही फरार हो गया। मुस्तकीम व अन्य बेटे अपनी मां का शव एंबुलेंस से लेकर 1500 किलोमीटर की यात्रा कर शुक्रवार की देर रात यहां अपने गांव बम्हनी पहुंचे। उन्होंने परौर थाने पर घटना की सूचना दी। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एसओ सोनी शुक्ला ने बताया कि घटना हैदराबाद की है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। केस को विवेचना के लिए हैदराबाद भेजा जाएगा।

### पिता ने लगा दी बेटों की खुशियों में आग

पुलिस ने बताया कि नौशाद, मुस्तकीम, इमरान, रिजवान चारों बेटे हैदराबाद में ही थे। सभी वहां मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करते थे। सभी ने सोचा था कि मेहनत कर पैसा कमाएंगे और अपने सपनों को पूरा करेंगे। किसी ने नहीं सोचा था कि उनके भरे पूरे परिवार को इस तरह नजर लग जाएगी। उनका अपना पिता ही सभी की खुशियों को आग लगा देगा। मां की मौत हो जाने से दुखी बेटों ने हैदराबाद की जगह अपने गांव में मां को सुपुर्द एक खाक करने का फैसला लिया। ऐसे में वह शव को गांव लाने के लिए एंबुलेंस से निकल पड़े।

### दंपती में अक्सर होता था विवाद

परौर पुलिस को परिजनों से पूछताछ के दौरान पता चला है कि शमशीदा का अपने पति से अक्सर विवाद रहता था। कई बार पहले भी विवाद हो चुका था। यही वजह थी कि पहले शमशीदा हैदराबाद पहुंच गई थी। बाद में पति भी पहुंच गया। हमेशा की तरह इस बार भी दोनों में नहीं बन सकी और बात उसकी मौत तक पहुंच गई। उधर, घटना के बाद किराये के घर में अफरा-तफरी मच गई। पत्नी को गंभीर चोट लग जाने की बात सामने आने के बाद पति मौके से फरार हो गया।

# दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल साथी फरार

**खुटार, अमृत विचार :** किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि पुलिस उसके दो दोस्तों की तलाश कर रही है। क्षेत्र के गांव निवासी एक किशोरी ने पुलिस को बताया था कि 29 मई को वह खेत पर जा रही थी। तभी गांव टाह खुर्द कलां निवासी सकावत ने उसे रास्ते में रोककर अपने घर ले गया था। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। परिजन आरोपी के घर शिकायत करने गए, तो उक्त ने अपने दोस्त जफर व नफासद के साथ मिलकर गाली गलौज की और पिटाई पर आमादा हो गए थे। 30 मई को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष संजय कुमार ने अपनी टीम के साथ 31 मई को मुख्य आरोपी सकावत को महोलिया वीरान गोशाला के पास उसे पकड़ लिया और जेल भेज दिया। पुलिस उसके दो साथियों की तलाश कर रही है।


आरोपी सकावत।

# पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत नौ पर गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- वृद्धावस्था पेंशन घोटाला: दो करोड़ 52 लाख 39 हजार का किया गया है घोटाला

**अमृत विचार :** वृद्धावस्था पेंशन घोटाले में पुलिस ने पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार समेत नौ लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि वर्ष 2022-23 के वृद्धावस्था पेंशन योजना के पात्र लाभार्थियों के स्थान पर पीएमएफएस सर्वर से अपना डोंगल व डिजिटल हस्ताक्षर लगाकर अपात्र व्यक्तियों के खातों में दो करोड़ 52 लाख 39 हजार रुपये का सरकारी पैसा भेजा गया और फिर गबन कर लिया गया। पुलिस ने पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार निवासी तुलसीपुर, जिला मऊ, रामऔतार निवासी खपटी थाना कांट, सतीश कश्यप निवासी निकरा थाना कांट, पप्पू निवासी पल्हौरा थाना कांट, अनूप कुमार निवासी कचनार कोतवाली जिला सीतापुर, जयपाल निवासी कुरिंया कला थाना कांट, विशान निवासी सबलापुर थाना पुवायां, सूरज निवासी खरगपुर जिला लखीमपुर खीरी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की थी।

पुलिस ने सभी आरोपियों का गिरफ्तार करके चालान किया था और लेपटाप, रुपये आदि बरामद किए थे। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों का अपना गैंग है। पुलिस सभी के खिलाफ गैगस्टर की कार्रवाई की है।

## एक नजर

### टिकट घर के पास अज्ञात मिला युवक का शव

**शाहजहांपुर।** जीआरपी एसओ रेहान खान ने बताया कि शुक्रवार की शाम एक युवक बेहोशी की हालत में स्टेशन पर टिकट घर के पास मिला था। उसे मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी उम्र 35 साल है और कोई आधार कार्ड व मोबाइल फोन नहीं मिला है। अज्ञात शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### आवासीय भूमि को कृषि दिखा 56 लाख की कर चोरी

**शाहजहांपुर।** स्टांप चोरी कर राजस्व विभाग को लाखों की क्षति पहुंचाने वाले जमीन क्रेता पर आईजी स्टांप की ओर से बड़ी कार्रवाई करते हुए स्टांप वाद दायर किया गया है। आईजी स्टाम्प वाल्मीकि त्रिपाठी ने बताया कि हयातपुरा निवासी राजीव सक्सेना की ओर से आईजीआरएस पर एक शिकायत की गई थी। जिसमें बताया गया था कि मिश्रीपुर के गाटा संख्या 306 रकबा 0 .195 हेक्टेयर का बैनामा शिवा खान की ओर से 30 जून 2023 को अनूप कुमार अग्रवाल को किया गया है। जिसमें बड़ी स्टांप चोरी की गयी है। जिसके बाद उन्होंने स्वयं व सब रजिस्ट्रार सदर द्वारा मौका मुआयना कर जमीन का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें पाया गया कि क्रेता ने जमीन कृषि दर्शाकर खरीदी है, वह आवासीय उसके आसपास कई मकान, ढ़ाबा बने हुए। जिसमें 56 लाख रुपये की स्टांप चोरी हुई है। जिसके बाद संबंधित क्रेता के खिलाफ स्टांप वाद दायर कर दिया गया है।

### दो पक्षों में विवाद, मारपीट में बालिका घायल

**कलान।** क्षेत्र के गांव दारानगर टड़ई निवासी शबनम देवी पत्नी राम प्रताप यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार सुबह गांव के दो पक्षों में विवाद हो रहा था। उसने अपने परिवार के सभी लोगों को घर के अंदर कर लिया और कुंडी लगा ली जिससे वह किसी की गवाही में न पड़े। इस दौरान उसकी पुत्री रागिनी(3) घर से बाहर ही रह गई। जिससे आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। घायल बेटी को लेकर वह थाने गई। जहां पुलिस ने उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

### रास्ता बंद करने का आरोप, दी तहरीर

**खुटार।** क्षेत्र के गांव मैनिया निवासी महेंद्र सिंह की पत्नी कश्मीर कौर ने पुलिस को बताया कि खेत के पड़ोस में रास्ता है। वर्ष 2023 में घर के पास में रहने वाले एक व्यक्ति से पैसे देकर दस फीट का रास्ता लिया था। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने परिजनों और दामाद के साथ मिलकर रास्ता पर कब्जा कर बंद कर दिया है। विरोध करने पर गाली गलौज और पिटाई करने पर आमादा हो जाते है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** घरेलू कलह में तंग आकर विवाहिता ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। पिता ने ससुरालियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।


मृतक सबरीना।

क्षेत्र के गांव याकूबपुर निवासी नवियार ने बताया कि बेटी सबरीना(24) की शादी तीन वर्ष पहले गांव के ही रहने वाले हनीफ के साथ की थी। कुछ दिन के ही बाद से बेटी जेठ शरीफ, उसकी पत्नी परवीन की शिकायत करने लगी कि यह लोग परेशान करते हैं। बताया कि बार-बार समझाने के बाद भी अभी दो तीन दिन पहले भी विवाद किया था। पीड़ित ने बताया कि बेटी एक दिन के लिए घर भी आई। हमने उसे समझाकर वापस भेज दिया। शनिवार सुबह सात बजे फोन आया कि सबरीना ने फांसी लगा ली है। बेटी के ससुराल पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे एक छह माह का बेटा छोड़ गई है। पति हनीफ ई-रिक्शा चलाकर अपना भरण पोषण करता है। वहीं सीओ अजय कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।


सबरीना की मौत पर रोते-बिखलते परिजन। • अमृत विचार

- पिता ने ससुरालियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का लगाया आरोप


पति हनीफ से जानकारी लेती पुलिस।

# बिल को पैर से दबा रहा था किसान, सांप ने कई जगह डसा, मौत

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कढ़ैया निवासी हरीराम कुशवाहा शुक्रवार सुबह गन्ने के खेत में सिंचाई कर रहा था। उस वक्त उसकी पत्नी खेत पर नाश्ता लेकर पहुंच गई। लेकिन हरीराम मेड़ टूटने की बात कहकर खेत में पानी देखने निकल गया।

उसे खेत की मेड़ पर एक सांप का बिल दिखाई दिया। तो वह उस बिल को पैर से दबाने लगा। इस बीच सांप ने उसके पैर के कई हिस्सों में काट लिया। शोर मचाने पर पत्नी दौड़कर पहुंची लोगों की मदद से हरीराम को वापस घर लेकर लौट आई। परिजन उसका इलाज कराने निजी अस्पताल ले गए लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर कस्बा बंडा के सुनासरनाथ झाड़फूंक करने वाले के यहां लेकर गए। इसके अलावा कई जगहों पर दिखवाया। शनिवार सुबह करीब चार बजे हरीराम की मौत हो गई। परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।

# हत्या या हादसा... पति समेत सात के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- स्वाति की मौत का मामला पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गंभीर चोटें आने से हुई मौत
- पति ने कही थी सड़क हादसे में मौत होने की बात, बहन ने लगाया था दहेज हत्या का आरोप

**अमृत विचार :** हत्या और हादसे के बीच झूल रही स्वाति की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। मां ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


मृतका स्वाति।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव लश्करपुर निवासी रवि सिंह मुरादाबाद में नौकरी करता है। वह अपनी पत्नी स्वाति सिंह को लेकर मंगलवार की रात दस बजे मुरादाबाद से बाइक पर मदनापुर आ रहा था। इसी बीच स्वाति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पति रवि ने बताया था कि बुधवाना मार्ग पर फाजिलपुर गांव के सामने वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे स्वाति की मौत हो गई। घटना में रवि को भी मामूली चोट आई। जबकि गाजियाबाद निवासी मृतका की बहन सिमरन सिंह ने हादसे वाली थ्योरी पर सवाल उठाए थे। आरोप लगाया था कि ससुराल वाले उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते थे। उसकी बहन की हादसे में मौत नहीं हुई बल्कि साजिश के तहत उसकी हत्या की गई है। ससुराल वालों ने रात में मारकर सड़क पर स्वाति के शव को फेंका है। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी सिंह ने बताया कि मृतका की मां संगीता देवी की तरफ से पति रवि सिंह, ससुर होशियार सिंह, ननद शीतल, देवर अमन, समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### पुलिस की जांच में उठेगा मौत से पर्दा

शुरुआत से स्वाति की मौत हत्या और हादसे के बीच झूल रही है। पति ने हादसे में मौत होने की बात कही थी, जबकि बहन ने दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी पूरी स्थिति साफ नहीं हो पाई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि स्वाति की मौत शरीर पर आई गंभीर चोटों की वजह से हुई थी। रिपोर्ट आने के बाद भी स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाई कि हादसे में मौत हुई है या हत्या कर शव फेंका गया है, लेकिन बहन के आरोपों का बल जरूर मिला। अब पुलिस की विवेचना पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। हत्या या हादसे से पर्दा पुलिस की जांच में ही उठेगा।

# भट्ठा मजदूर ने रुपये मांगे तो दी गालियां, थाने पहुंचने पर घेरा

संवाददाता, खुटार

- थाने शिकायत करने पहुंचे मजदूर के परिवार को पीटने पहुंच गए बाइक सवार
- पीड़ित ने बीमार बच्चे की दवा दिलाने के लिए मांगे थे बकाया 20 हजार रुपये

**अमृत विचार :** ईंट भट्ठा मालिक और मुंशी से मजदूरी के रुपये मांगने पर मजदूर के साथ गाली गलौज कर पिटाई पर आमादा हो गए। मजदूर परिवार को लेकर थाने पहुंचा। जहां पुलिस को तहरीर दी। यह बात ईंट भट्ठा मालिक को लगने के बाद दो बाइक पर सवार होकर लोग ब्लॉक मोड़ के पास आये और पिटाई करने को उग्र हो गए। लेकिन किसी तरह भागकर थाने गेट पर आ गया। इससे पिटाई होने से बच गई।

जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी के गांव ढाकनपुर निवासी नीरज ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ खुटार के गांव कुंभिया माफी में स्थित एक ईंट भट्टे पर ईंट पथाई का काम करता है। करीब सात माह से ईंट पथाई का काम करता आ रहा है। आरोप है कि भट्ठा मालिक पर उसके 20 हजार रुपये निकल रहे हैं। उसने अपने बीमार बच्चे की दवाई के लिए रुपये मांगे थे। तो उक्त टाल मटोल करने लगा। शनिवार को ईंट भट्ठा के मुंशी से अपनी मजदूरी मांगी तो गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर रुपये देने से साफ मना कर दिया। साथ ही पिटाई पर आमादा हो गया। इसके बाद वह अपनी पत्नी, बच्चों को लेकर थाने पहुंच गया। जहां तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। लेकिन उक्त लोग उसे व उसके परिवार को पीटने खुटार पहुंच गए।

नीरज ने बताया कि उसके छोटे-छोटे पांच बच्चे हैं और साथ में पत्नी है। वह गरीब तबके का है और मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता है। नीरज ने पुलिस को तहरीर देकर रुपये दिलाने और कार्रवाई की गुहार लगाई है।


थाने शिकायत करने परिवार के साथ पहुंचा मजदूर का परिवार। • अमृत विचार

### बच्चों को दिलाई चप्पल, खिलाया समोसा

गरीबी के चलते नीरज के दो बच्चों के पास पैर में पहनने के लिए चप्पल नहीं थी और इस भीषण गर्मी में नंगे पैर थाने तक आए। वहां मौजूद लोगों का दिल पसीजा तो उन्होंने दो बच्चों को चप्पल दिलाई। इसके बाद भूख से व्याकुल बच्चों को समोसा दिला उनके दु :ख को बांटा।

### थाने के सामने बैठा रहा नीरज

नीरज पत्नी और बच्चों को लेकर थाने के गेट के सामने बैठा रहा। डर था कि ईंट भट्टे पर गया तो उक्त लोग पिटाई करेंगे। थाने गेट पर करीब दो घंटे तक बैठा रहा। इसके बाद वह अपने परिवार के साथ वापस चला गया।


> मुझे इस संबंध में तहरीर नही मिली है। यदि थाने में तहरीर दी है। तो मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।
> – संजय कुमार, थानाध्यक्ष, खुटार

# पड़ोसी को फंसाने के लिए रचा था अपहरण का नाटक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पड़ोसी बबलू ने हिमांशु के माता-पिता से की थी गाली-गलौज

**अमृत विचार :** बीएससी के छात्र ने पड़ोसी को फंसाने के लिए अपहरण का नाटक रचा था। माता-पिता को गाली देने और उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी देने से नाराज हो उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने शनिवार को घटना का खुलासा कर दिया। अब हिमांशु के बयान सोमवार को कोर्ट में होंगे।


हिमांशु।

सिंधौली के गांव तेरा निवासी रविंद्र कुमार ने 27 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पुत्र हिमांशु(17) का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बरामदगी के लिए एसओजी, सर्विलांस टीम तथा सिंधौली पुलिस को लगाया था। 31 को प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को हरदोई के लोनार थाने से सूचना मिली थी कि वह लोनार थाना क्षेत्र की सीएचसी पर भर्ती है। पुलिस टीम वहां पहुंची और उसे सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस टीम उसे लेकर यहां आई और धारा 161 के बयान करा वीडियोग्राफी बनाई। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि हिमांशु ने बताया कि माता-पिता तथा उसकी एक माह पूर्व गांव के सर्वेश के बेटे आदित्य व बबलू से गाय को लेकर मारपीट हो गई थी। बबलू ने माता-पिता को गालियां दी थी और उसे धमकी दी थी कि दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में जेल भिजवा देंगे। दोस्त शिवम पर भी झूठा आरोप लगाया था। उसने बबलू को अपहरण के झूठे केस में फंसाने के लिए यह नाटक रचा था। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि हिमांशु के बयान सोमवार को होंगे। टीम में उप निरीक्षक बलराज सिंह, शिवम कुमार आदि थे।

### कपड़ा फाड़कर स्वयं बांध लिए थे हाथ-पैर

हिमांशु ने पुलिस को बताया कि 27 को घर से सिंधौली स्थित बैंक आया था। उसने एसबीआई से 3500 रुपये निकाले और सिंधौली से रेलवे स्टेशन पहुंचा। ट्रेन से दिल्ली चला गया। दो दिन दिल्ली और नोएडा स्टेशन पर रुका। 29 को दिल्ली से अलीगढ़ तो 30 मई की सुबह अलीगढ़ से फर्रुखाबाद आ गया था। फर्रुखाबाद में रोडवेज बस अड्डे से एक किमी दूर हनुमान मंदिर पर रुका। 31 को सुबह हरदोई आ रहा था। हरदोई से 10 किमी पहले बस से उतर गया था। वह पैदल जा रहा था कि रास्ते में उसे सफेद कपड़ा सड़क पर मिला। उसने कपड़ा फाड़कर अपने हाथ-पैर बांधकर लिए और पुलिया के पास सड़क के किनारे लेट गया। कुछ समय बाद पुलिस वाले आए और टेंपो में बैठाकर अस्पताल ले गए।

## अनदेखी

शिकायतों पर कार्रवाई न होने से बुलंद हैं विपक्षियों के हौसले, पीड़ितों की नहीं सुन रही सिंधौली पुलिस, एसपी से गुहार


# शासन के निर्देशों को ठेंगा... थानों में नहीं हो रहा समाधान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दो परिवारों पर विपक्षियों ने किया था हमला जमकर की मारपीट

**अमृत विचार:** छोटे-छोटे विवाद बड़ी घटनाओं के रूप में कब परिवर्तित हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सका। इसलिए शासन ने पुलिस को छोटे मसलों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए थे और इसी के तहत समाधान दिवस और तहसील दिवस भी हो रहे हैं लेकिन इस व्यवस्था के बीच भी कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिनके प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है, ऐसे ही सिंधौली के दो परिवार हैं, जिन्हें लोगों ने मारा पीटा लेकिन पुलिस सुन नहीं रही है और एसपी केवल कड़ी कार्रवाई का भरोसा देकर शांत करा देते हैं, वहीं विपक्षियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

### गर्भवती बहू को मारा, बेटे और पति को गाड़ी में लादकर ले गए और थाने में की मारपीट



**केस 1**

सिंधौली कस्बा निवासी बूटी देवी पत्नी राज किशोर ने बताया कि बेटा सूरज 30 मई को कस्बे में ही बाजार में सब्जी लेने गया था, जहां बेटे ने मूड़ा हारिस रोड पर एक दुकान के पास बाइक खड़ी कर दी।इस पर दुकानदार सूरज को गालियां देने लगा और मारपीट की। इसके बाद आरोपी ने अपने पिता व अपनी ससुराल से 30-35 लोगों को बुला लिया। शाम करीब पांच बजे पांच गाड़ियों में भरकर विपक्षी आ गए और घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों के पास सरिया और डंडे थे, जिनसे हमला बोला। बचाने पहुंची गर्भवती बहू को भी मारा और उसकी भी पिटाई कर दी। दूसरी बहू के बोतल चढ़ रही थी, उसकी सिरिंज निकाल कर फेंक दी। इसके बाद हमलावर दूसरे बेटे और पति को गाड़ी में लादकर ले गए और मारपीट करते हुए थाने ले गए। पीड़िता ने बताया कि वह थाने गई लेकिन उसकी पुलिस वालों ने नहीं सुनी। आरोप लगाया कि पति बेटे के साथ थाने में मारपीट की गई।

### निकास की जगह पर कब्जा करना चाहते हैं आरोपी हमलावर गांव छोड़ने की दे रहे धमकी



**केस 2**

सिंधौली कस्बा निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि मोहल्ले की कुछ लोग घर के सामने निकास की जगह पर कब्जा करना चाहते हैं और इसी को लेकर 28 मई को शाम करीब छह बजे घर के सामने आकर विपक्षी गाली-गलौज करने लगे, जिसका घर में मौजूद 15 वर्षीया बहन ने विरोध किया, तभी चार लोग घर में घुस आए और बहन के साथ मारपीट करने लगे। पीठ पर ईंट मार दी। पत्नी खुशबू बचाने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की ।पीड़ित ने बताया कि वह दूसरे मकान पर काम करवा रहा था शोर सुनकर वह मौके पर पहुंचा तो विपक्षियों ने उसके साथ भी मारपीट की और गर्दन दबा दी। इसी बीच मोहल्ले के लोग आ गए, जिन्हें देखकर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने बताया कि उसने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी लेकिन उसकी सुनी नहीं गई। जिससे हौसला बुलंद हमलावर गांव छोड़ने की धमकी दे रहे हैं। जिससे पीड़ित परिवार डरा सहमा हुआ है।

> दोनों ही मामलों की जांच कराई जाएगी, । मामला सही पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज कर मारपीट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
> – अशोक कुमार मीणा, एसपी

# गर्मी में घर के बाहर बैठीं महिलाओं से छेड़छाड़

**तिलहर, अमृत विचार :** कई महिलाओं ने शराब के नशे में चाचा भतीजे पर छेड़छाड़ करने और धमकी देने का आरोप लगाया। शुक्रवार देर रात मोहल्ले के तमाम लोगों लेकर महिलाएं कोतवाली पहुंची और कोतवाल विशाल प्रताप सिंह को तहरीर देखकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गुहार लगाई।

क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिलाओं ने बताया कि वह रात 9:30 बजे लाइट नहीं आने और गर्मी के कारण घर के बाहर बैठीं बात कर रहीं थी। आरोप है कि मोहल्ला दातागंज निवासी शीतल पांडे, चाचा सुभाष पांडे व छोटन आ गए। उन्होंने उनके साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें कीं। शोर सुनकर मोहल्ले के तमाम लोग आ गए, जिस पर आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। महिलाओं ने बताया कि इससे पहले भी शीतल ने अश्लील हरकतें की थीं, जिसका वीडियो है। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली को
अनुवादक की
अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने में दक्ष हो।
हिन्दी टाईपिंग का भी अनुभव होना चाहिए
योग्यता : न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव
वेतन योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें
9518031113, 8476006584
ऑफिस : नजदीक सैटेलाईट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### कूड़े को व्यवस्थित वैज्ञानिक विधि से निस्तारित किया जाए

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र के निर्देश पर शनिवार को उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी ने महानगर क्षेत्र के ककरा स्थित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी व गीला कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उप नगर आयुक्त ने प्लांट में मौजूद कर्मचारियों से फीडबैक लिया और दैनिक जनित ठोस अपशिष्ट के समय से निस्तारण को सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए प्लांट्स संचालकों को निर्देश दिए। साथ ही प्लांट व आने वाले ठोस अपशिष्ट की दैनिक रूप से मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। कचरे के ठोस निस्तारण के लिए उप नगर आयुक्त की ओर से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि महानगर क्षेत्र से नियमित रूप से आने वाले कूड़े को व्यवस्थित व वैज्ञानिक विधि से नियमित निस्तारित किया जाए। इस दौरान सैफ सिद्दीकी, एमआरएफ सुपरवाइजर आदि मौजूद रहे।

### बाबा का अंतिम संस्कार करने आया युवक गंगा में डूबा

**उसहैत।** बाबा के अंतिम संस्कार में शामिल होने आया युवक गंगा में डूब गया। डूबे हुए युवक की तलाश की जा रही है। शाहजहांपुर के बाराकलां निवासी पप्पू के पिता लटूरी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार करने अपने बेटे अमुकेश्वर( 18) व अन्य परिजनों के साथ अटेना गंगा घाट पर आए थे। अमुकेश्वर दाह संस्कार के बाद परिजनों के साथ गंगा में स्नान करने लगा। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया जिससे वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। उसहैत थाना पुलिस गंगा घाट पर पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने गोताखोरों को युवक की तलाश में गंगा में उतार दिया। देर शाम तक तलाश करने के बाद भी गंगा में डूबे युवक का शव नहीं मिल सका। रविवार को एक बार फिर गोताखोर शव को निकालने का प्रयास करेंगे।

# सात दिन में चार हादसे...15 की मौत...23 घायल

## वाहनों की तेज रफ्तार और ड्राइवरों की नींद पूरी नहीं होना बन रहे दुर्घटना की वजह

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** वाहनों की तेज रफ्तार और चालकों को झपकी आने से खुटार में करीब सात दिनों में चार हादसे हो चुके है। जिनमें 15 लोगों की जान चली गई और 23 लोग घायल हो चुके है। इसके साथ ही कई घायल गंभीर हालत में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किए गए। यह हादसा खुटार पूरनपुर, गोला और पुवायां मार्ग पर हुए है। इसके बावजूद पुलिस-प्रशासन तेज रफ्तार वाहन चालकों पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं करती है। जिससे उनकी लापवाही से लोगों को अपनी जान देकर खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वहीं, एक्सीडेंट जोन क्षेत्र में संकेतक व चेतावनी बोर्ड न लगे होना और चालकों को झपकी आना भी वजह रहा है।

25 मई को खुटार गोला रोड पर रिषि ढाबा के पास सड़क किनारे खड़ी प्राइवेट बस के ऊपर बजरी से भरा डंपर पलट गया था। जिसमें दस लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया था। जबकि तीन की जिला अस्पताल में मौत हो गई थी और 16 लोग घायल हो गए थे। यह सभी जनपद सीतापुर के थे। हादसा चालक को झपकी लगने से होने की बात सामने आई थी। 30 मई को गोला मार्ग पर बनकटा मोड़ के पास डीसीएम की टक्कर लगने से कार खाई में पलट गई और चार लोग घायल हुए थे। जिसमें एक की इलाज के वक्त मौत हो गई। कार सवार गोला और डीसीएम चालक मोहम्मदी का था।

31 मई को खुटार पूरनपुर रोड पर गांव कुइयां के नजदीक मारुति वैन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में छह साल के बच्चें की मौत हो गई और दंपति सहित तीन घायल हो गए थे।

उसी दिन दोपहर बाद पुवायां रोड गुटैया पुल पर डीसीएम ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। हादसे में एक की जान चली गई और दूसरा साथी घायल हो गया था। इन हादसों में वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इन हादसों के बाद भी पुलिस-प्रशासन सुधि लेने की जरूरत नहीं समझ रहा है।


25 मई को हुए हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन दे रहे भयानक हादसे की गवाही। ( फाइल फोटो )

- एक्सीडेंट जोन क्षेत्र में नहीं लगे हैं चेतावनी और संकेत बोर्ड

> लगातार चेकिंग अभियान चलाकर चालान काटे जा रहे हैं और लोगों हेलमेट पहनने के साथ ही चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।
> – संजय कुमार, थानाध्यक्ष, खुटार

### हेलमेट और सीट बेल्ट नहीं लगा रहे चालक, 15 हादसों में रिपोर्ट दर्ज

लगातार हो रहे हादसों से चालक कोई सबक नहीं ले रहे हैं। वाहनों की तेज रफ्तार कर हादसों को दावत देने में लगे है। बाइक सवार हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाने की जरा भी जरूरत नहीं समझते है। जबकि पुलिस वाहन चालकों को हादसों को लेकर जागरूक करती है। उधर, इसी वर्ष जनवरी से मई माह तक 15 हादसों में रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। इसके साथ ही कई हादसों में अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

### यहां होते है हादसे, ध्यान से करें सफर

खुटार पूरनपुर मार्ग के साथ ही बंडा, मैलानी, पुवायां, गोला मार्ग पर कुछ जगहों पर बच कर चलने जैसा है। नही तो जरा चुकने पर हादसों की वजह बन जाते हैं। खुटार पूरनपुर हाइवे पर आशीर्वाद पैलेश के पास, कुइयां मोड़, मोहनपुर मोड़, मुरादपुर, सिहुरा, पुनौति, लौंहगापुर जंगल और खुटार मैलानी के बीच लगोंटी बाबा, सरेली मोड़, नरौठा। इसके अलावा खुटार पुवायां मार्ग पर गन्ना मिल के पास, अठकोना मोड़, रौतापुर कलां, लक्ष्मीपुर मोड़ और खुटार गोला मार्ग पर बनकटा मोड़, सत्संग मोड़, जुड़ी सड़क पर हादसों की आशंका बनी रहती है। जिससे यह से चलने पर बड़ी सावधानी बरतनी पड़ती है।

### खुटार पूरनपुर के बीच लौंहगापुर जंगल तक एक्सीडेंट जोन क्षेत्र

खुटार पूरनपुर के बीच लौंहगापुर जंगल तक एक्सीडेंट जोन क्षेत्र है। यहां आए दिन हादसे देखने और सुनने को मिलते रहते है। इस मार्ग पर हादसों के दौरान कई लोगों की जान जा चुकी है। बताया जाता है कि जून माह के वर्ष 2016 में गोला से जागरण पार्टी करने वाले कलाकरों से भरी डीसीएम और ट्रक की टक्कर लौंहगापुर जंगल में हो गई थी। हादसे में तीन की मौत और करीब 38 लोग घायल हो गए थे। इसके अलावा कुछ साल पहले लौंहगापुर जंगल में एक मैजिक चालक ने एक कबड़िया को रौंद डाला था। इसके अलावा यह पर कई बड़े हादसे हो चुके है।

# डीईओ ने मतगणना के लिए अफसरों को दीं जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- निर्वाचन कार्यालय को सूचनाएं देंगे एडीएम संजय कुमार पांडेय

**अमृत विचार:** चार जून को लोकसभा व ददरौल विधानसभा उपचुनाव की मतगणना को सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को जिला निर्वाचन अधिकारी ने 14 अधिकारियों को नामित कर दिया है। सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि सभी नामित अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन गंभीरता, सजगता व सतर्कता से करते हुए कोई विशेष स्थिति होने पर पल-पल की रिपोर्टिंग करेंगे। मतगणना व्यवस्था से संबंधित समस्याओं का निस्तारण निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समय से सुनिश्चित कराई जाएगी। एडीएम प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को विभिन्न सूचनाएं भेजने और मतगणना संबंधी सभी व्यवस्थाएं कराने की जिम्मेदारी दी गई है। एडीएम न्यायिक राशिद अली खान को मतगणना स्थल के आंतरिक द्वार पर तैनात रहते हुए कानून व शांति व्यवस्था के प्रभारी की भूमिका अदा करनी है। वह मतगणना स्थल में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की चेकिंग कराएंगें। आपत्तिजनक वस्तु माचिस, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, मोबाइल फोन आदि लेकर नहीं जाएगा। मीडिया सेंटर और कम्युनिकेशन सेंटर से संबंधित सभी व्यवस्थाएं कराने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर होगी। इसी तरह एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कुमार मतगणना केंद्र के बाहरी प्रथम द्वार से आंतरिक द्वितीय द्वार के मध्य कार्डन क्षेत्र के कानून एवं शांति व्यवस्था के प्रभारी होगे। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दुर्गेश यादव मतगणना एजेंट व मतगणना कार्मिकों के मतगणना स्थल के प्रवेश द्वार पर शांति व्यवस्था के लिए प्रभारी होंगे। उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वरुण सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक, युवा कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी विजय दिवाकर, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बाबूलाल, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सतीश चंद्र पाठक, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी शिशुपाल सिंह, सहायक श्रमायुक्त नासिर खान को भी मतगणना की अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# नौकरी लगवाने के नाम दस लाख रुपये ठगे

संवाददाता, निगोही/ शाहजहांपुर

- पीड़ित ने अधिकारियों पत्र भेजकर लगाई न्याय की गुहार
- ब्लॉक प्रमुख व पत्नी सहित तीन लोगों पर लगाया आरोप

**अमृत विचार :** एक महिला ने क्षेत्र के एक ब्लॉक प्रमुख व उसकी पत्नी सहित तीन लोगों पर नौकरी के नाम पर दस लाख रुपये ठगी का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत अधिकारियों व मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर की गई है।


पीड़िता ऊषा सिंह।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला पुराना आवास विकास कॉलोनी निवासी ऊषा सिंह ने एएसपी सिटी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि कोरोना काल में उसके पति की मौत हो गई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि एक ब्लॉक प्रमुख व उसकी पत्नी व एक अन्य ने मिलकर उससे कहा कि बेटे वैभव प्रताप सिंह को नौकरी दिलवा देंगे, इसके लिए 10 लाख रुपये उच्चाधिकारियों को घूस देनी पड़ेंगी।17 अगस्त 2023 को शाम छह बजे तीन लोग घर आए और 10 लाख रुपये लेकर चले गए। कई बार कहने के बावजूद बेटे की नौकरी नहीं लगी और बराबर टाल-मटोल करते रहे। तब उसे ठगी का अहसास हुआ। इस पर उसने अपने रुपये मांगें तो आरोपियों ने रुपये देने से साफ इंकार कर दिया।

शिकायत करने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता एएसपी सिटी के अलावा मुख्यमंत्री, डीजीपी, आईजी बरेली को भी शिकायती पत्र भेजा है।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

संवाददाता, अल्हागंज/ जलालाबाद

**अमृत विचार :** अल्हागंज क्षेत्र में शनिवार तड़के नेशनल हाईवे पर ट्रक से कुचलकर वृद्ध की मौत हो गई। वहीं जलालाबाद क्षेत्र में मोपेड सवार दो लोगों को वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें एक युवक की जान चली गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। घटना के बाद से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी रामपाल कश्यप (65) तनाव में रहते थे। इसी के तहत शनिवार तड़के तीन बजे वह अपना झोला लेकर पुत्री के यहां बगैर किसी को बताएं पैदल चल दिए। हाईवे पर आने के दौरान जलालाबाद की तरफ से आ रहे ट्रक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। तड़के अंधेरा होने की वजह से कई वाहन उनके ऊपर से निकाल गए, जिससे शव क्षत-विक्षत हो गया। शव को पहचान पाना भी मुश्किल हो रहा था। उजाला होने पर लोगों को जानकारी हुई, तो मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। कपड़ों को देखकर गांव वालों ने उनको पहचाना। सूचना पाकर उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उनके चार पुत्र व एक पुत्री हैं जिसमें उनका सबसे बड़ा पुत्र संतोष है, उससे छोटे राममिलन, मुलायम, काशीराम हैं। सभी की शादी हो चुकी है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेने के बाद शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दुर्घटना के बाद चालक ट्रक को मौके से भगा ले गया। आगे जाकर सड़क के किनारे ट्रक को छोड़कर भाग गया। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। ट्रक पर राजस्थान प्रदेश का नंबर अंकित है।


अस्पताल में भर्ती घायल अनूप।


जानकारी करने जलालाबाद अस्पताल पहुंची पुलिस।

- अल्हागंज में ट्रक ने पैदल जा रहे वृद्ध को कुचला, कई वाहन निकल गए ऊपर से, कपड़ों से हुई पहचान
- जलालाबाद पुरेना के पास वाहन ने मोपेड को मारी टक्कर, युवक की गई जान, साथी घायल

**जलालाबाद।** थाना कांट के मल्हपुर निवासी मुल्लू उर्फ फूल बहादुर पुत्र राम नारायण अपने गांव के ही साथी साथी अनूप पुत्र ओमप्रकाश के साथ शनिवार सुबह कांट से जलालाबाद जा रहे थे। सुबह करीब नौ बजे मोपेड पुरेना गांव के पास पहुंची, तभी अज्ञात वाहन ने मोपेड को टक्कर मार दी। जिसमें मल्लू उर्फ फूल बहादुर की मौत हो गई, जबकि उसका साथी अनूप घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घायल अनूप को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का का था। बड़े भाई श्रीनिवास, छोटा भाई रमाकांत है। मृतक अविवाहित था और मदनापुर रोड पर एक मंदिर में संत रूप में रहता था।

### हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत

**शाहजहांपुर।** सीतापुर रोड पर उचौलिया गांव के सामने पिकअप ने ई–रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे ई–रिक्शा चालक घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। निगोही थाना क्षेत्र के गांव अरेली निवासी देवेश पाल( 35) ई–रिक्शा चलाता था। वह उचौलिया क्षेत्र में सवारी छोड़ने गया था। शुक्रवार की शाम सात बजे वह लौट रहा था। सीतापुर रोड पर मोहद्दीनपुर गांव के सामने पिकअप ने ई–रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे चालक घायल हो गया और रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी पत्नी का नाम मुन्नी है और एक बेटी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### सड़क हादसे में दंपती और बच्चा घायल

**तिलहर।** दवा लेने जा रहे दंपती और बच्चा हादसे में घायल हो गए। शनिवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव डभौरा निवासी इवलेहसन अपनी पत्नी अनम बेगम और डेढ़ वर्षीय बच्चे मनाल को लेकर बुलेट से डॉक्टर के पास जा रहे थे। तभी नवीन गल्ला मंडी के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बुलेट टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बालक सहित दंपती रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बच्चे के सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जबकि माता–पिता को उपचार देकर घर भेज दिया।




# मतगणना नजदीक: परिणाम को लेकर बढ़ी प्रत्याशियों की बेचैनी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सभी प्रमुख दलों के कार्यालयों में हलचल हुई तेज
- एग्जिट पोल देखने और समझने के लिए टीवी से चिपके लोग
- समर्थकों में आया जोश, मतगणना की बनने लगी रणनीति

**अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सातवें और अंतिम चरण का चुनाव निपटने के बाद एक बार फिर से उम्मीदवारों और उनके समर्थकों की धड़कने बढ़ गई हैं। दो दिन बाद ही यानि चार जून की शाम चार-पांच बजे तक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि कौन सांसद की कुर्सी पर बैठेगा।

एक जून को अंतिम चरण का चुनाव संपन्न होते ही राजनीति में दिलचस्पी रखने वालों समेत चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशी सक्रिय हो गए। सपा प्रत्याशी ने तो जिलाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ पार्टीजनों के साथ डीएम को ज्ञापन देकर निष्पक्ष मतगणना कराने की मांग कर दी। वहीं, सपा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, भाजपा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर, बसपा प्रत्याशी दोदराम वर्मा समेत अन्य प्रत्याशियों की धड़कनें बढ़ गई। चूंकि अब दो दिन बाद किसने-कितनी वोटों की फसल काटी, इसका लेखा-जोखा सामने आ जाएगा, प्रत्याशी पार्टीजनों के साथ मतगणना स्थल पर वोटों की गिनती के समय अपने तेज-तर्रार अभिकर्ताओं की सूची बनाकर उनके पास बनाने में जुटे रहे।

इधर, शाम होते ही जैसे ही देश के विभिन्न राज्यों के एग्जिट पोल सामने आने शुरू हुए, वैसे ही राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले टीवी खोलकर उसके सामने पूरी एकाग्रता के साथ देश की स्थिति का आंकलन करने में जुट गए, इनमें प्रमुख राजनीतिक दलों के लोग भी शामिल रहे। बाजार में भी जगह-जगह दुकानों पर चार-छह लोग जुटकर अपने-अपने दावे करते देखे गए।

### यह हैं लोकसभा प्रत्याशी

नाम वापसी के बाद लोकसभा और विधान सभा दोनों चुनावों में दस दस प्रत्याशी मैदान में शेष रह गए हैं। लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर, सपा की ज्योत्सना गौंड और बसपा के दोदराम वर्मा के साथ दस प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। इसके अलावा विधानसभा चुनाव में भी दस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लोक सभा चुनाव की बात करें तो सपा की ज्योत्सना कश्यप को साईकिल चुनाव चिह्न मिला। इसी तरह बीएसपी के दोदराम वर्मा (हाथी), भाजपा अरुण कुमार सागर (कमल का फूल), राजेश कश्यप के भाई निर्दलीय प्रत्याशी शिवकुमार (अलमारी), मानव क्रांति पार्टी के रमेश चंद्र वर्मा (साबुनदानी), प्रदीप निर्दलीय (स्टेथोस्कोप), सपा के पहले प्रत्याशी रहे राजेश कश्यप की पत्नी मीना कश्यप भी निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। इनको चुनाव चिन्ह (एयरकंडीशनर), निर्दलीय धर्मपाल को (कैंची), किरन राष्ट्रीय सनातन पार्टी (हीरा) व प्रेमचंद्र सरदार पटेल सिद्धांतवादी पार्टी को कटहल चुनाव चिह्न मिला है।

### ददरौल उप चुनाव के प्रत्याशी

उपचुनाव ददरौल में सपा के अवधेश कुमार वर्मा को साइकिल चुनाव चिह्न दिया गया। भाजपा के अरविंद कुमार सिंह को कमल का फूल चुनाव चिह्न मिला। बसपा सर्वेश चंद्र मिश्रा (हाथी), नेताजी सुभाषचंद्र बोस आजाद पार्टी स्वयं प्रकाश कौशल (आटो–रिक्शा), राष्ट्रीय महान गणतंत्र पार्टी रामपाल (आदमी व पाल युक्त नौका) निर्दलीय प्रत्याशी आराधना मिश्रा (बक्शा), अजीत शुक्ला( कैमरा), कंचन (कैरम बोर्ड), दवेश कुमार( बल्ला), राशिद खान( बैटरी टार्च) चुनाव चिन्ह मिला। सभी प्रत्याशियों के चुनाव चिह्न के आधार पर मत खुलेंगे। मतगणना के प्रत्याशियों ने अपने एजेंट बनवाने शुरू कर दिए हैं। एजेंट के लिए परमिशन ली जा रही है।




### तंबाकू और पान मसाला की एक साथ बिक्री पर रोक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त अनीता सिंह की ओर से एक शासनादेश जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि अब एक ही दुकान पर पान मसाला व तंबाकू बेचना और भंडारित करना प्रतिबंधित होगा। खाद्य सुरक्षा के पत्र आने के बाद जनपद में इसको पहले दिन से ही लागू करने की कागजी कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से शुरू कर दी गई है। हालांकि लोकसभा चुनाव की मतगणना के चलते अभी 4 जून तक धरातल पर कोई भी छापामारी अभियान चलाया जाना संभव नहीं लग रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए पहले दुकानदारों को जागरूक किया जाएगा कि वह पान मसाला व तंबाकू की बिक्री, भंडारण एक साथ न करें। इसके बाद भी अगर दुकानदार ऐसा करते हैं तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# आमडार सुपर ने कनेंग इलेवन को 22 रनों से हराया

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** सुनारा बुजुर्ग में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवा मैच शनिवार को आमडार सुपर व कनेंग इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें आमडार सुपर टीम के कप्तान आजम खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टीम ने 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाए। जिसमें कादिर ने सर्वाधिक 46 रन, अभिषेक ने 30 रनो की शानदार पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी कनेंग इलेवन की टीम आमडार सुपर के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सकी ओर 10.4 गेंदों में 114 रन पर सिमट गई। गेंदबाज आदिल ने 25 रन देकर चार विकेट लिए। शानदार प्रदर्शन के चलते के चलते क़ादिर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सुनारा प्रीमियर लीग के आयोजक प्रधान पुत्र विकास पांडेय ने बताया कमेंट्री में सूरज पाण्डेय, वाशिम खान तो एंपायरी अंकित मिश्रा व सत्यम गिरी ने की।

### रोमांचक मैच में कबरा ने हरिहरपुर को दी पटखनी

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर के हरिहरपुर में चल रहे एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को कबरा सलेमपुर व हरिहरपुर की टीमों के बीच मैच खेला गया। इस दौरान दोनों टीमो में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरिहरपुर की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 104 रन बनाए। जवाब में उतरी कबरा की टीम ने एक गेंद शेष रहते रोमांचक मुकाबला जीत लिया। कबरा के आशुतोष को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस दौरान अनुराग यादव , प्रदीप , राहुल , अतुल , विनायक , सोनी , कल्लू , संदीप , यशपाल सिंह, रूचित आदि मौजूद रहे।

# खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306



बवासीर भगन्दर

ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार

सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता

(गुप्त रोग चिकित्सक)

बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ

ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।

नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।

नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक

स्थापित 1960

माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।

मो. 9259082174


**सड़क किनारे मिला वृद्ध का शव, शिनाख्त नहीं : पीलीभीत।** सदर कोतवाली क्षेत्र के तहसील भवन के सामने स्थित सड़क पर एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस जिंदा होने की उम्मीद लेकर उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र 60 वर्ष है। शिनाख्त नही हुई है।


नर्सिंग है अधिक रोजगार वाला क्षेत्र

B.Sc. NURSING

Website : http://www.abvmuup.edu.in

प्रवेश परीक्षा (CNET) दिनांक 14.06.2024

महेन्द्र गायत्री ग्रुप ऑफ कॉलेज

धन्वन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज

रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली

Mob.: 9410405769, 7599203105

● A.N.M. ● G.N.M. ● D.P.T. ● D. PHARMA ● BAMS ● D.OPT. ● DIPLOMA O.T.

Clinical Training

★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली

★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली



प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


# वन विभाग की टीम ने हटवाया अतिक्रमण

## वन भूमि पर दुकान खोलने का मामला

- नेशनल हाईवे पर अतिक्रमण की आइजीआरएस पर की गई थी शिकायत
- वन कर्मियों ने चेतावनी जारी कर स्वयं हटाए जाने के दिए थे निर्देश

रौसर कोठी/ शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर वन भूमि पर कब्जा कर दुकान खोलने के मामले में कार्रवाई करते हुए वन विभाग ने जेसीबी से अतिक्रमण हटवाया। वहीं आवास विकास परिषद कॉलोनी बरेली मोड़ के गेट नंबर एक के पास पौधों को उखाड़ कर नॉनवेज वैन लगाने के मामले में शिकायत के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

शनिवार को वन क्षेत्राधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद के नेतृत्व में वन विभाग की टीम लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के हरदोई चौराहे से करीब 100 मीटर तक वन भूमि पर कब्जा कर रखी हुई दुकान पर पहुंची। इस मामले में पूर्व में कई बार आइजीआरएस पर शिकायत की गई थी। वन कर्मियों की ओर से अतिक्रमणकारी को चेतावनी जारी कर स्वयं हटाए जाने को कहा गया था।

अतिक्रमण न हटाने की दिशा में वन विभाग ने जेसीबी के जरिए दुकान को हटवा दिया। हालांकि इस दौरान अतिक्रमणकारियों से वन विभाग की टीम की नोकझोंक भी हुई, लेकिन वन कर्मियों की सख्ती के आगे उनकी एक न चली। उधर आवास एवं विकास परिषद कॉलोनी बरेली मोड़ के गेट संख्या एक के पास वन भूमि में पौधे उखाड़ कर मिट्टी का पटान कर नॉनवेज वैन खड़ी कर होटल संचालित किए जाने के मामले में शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने से सवाल उठ रहे हैं। वन क्षेत्राधिकार सदर शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया कि उक्त मामले में अधिशीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

### जांच टीम के जाते ही शुरू हो गया अवैध निर्माण

**मीरानपुर कटरा।** शाहजहांपुर के सदफ खां ने डीएम और वक्फ बोर्ड अधिकारियों से बगैर अनुमति वक्फ मकान में अवैध निर्माण की शिकायत की थी। डीएम के निर्देश पर सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ ने मकान में अवैध निर्माण रुकवाने के लिए एसडीएम और पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखा था। एसडीएम तिलहर अंजलि गंगवार ने बीते दिन नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और प्रभारी निरीक्षक कटरा को तत्काल वक्फ मकान में अवैध निर्माण रोकने के आदेश दिए थे। एसडीएम के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों की टीम शनिवार को थाना कटरा पहुंची। पुलिस के साथ मौके पर जाकर टीम ने अवैध निर्माण रुकवाया और मौके की वीडियोग्राफी की। संबंधित वक्फ अधिकारी की बगैर अनुमति निर्माण न करने का निर्देश देकर टीम लौट गई। टीम के लौटते ही अवैध निर्माण फिर जारी हो गया। शिकायत के बावजूद कटरा पुलिस कोई ध्यान नहीं दे रही।

### गर्मी में राहगीरों को शर्बत बांटा, मिली राहत



**खुटार।** भीषण गर्मी के साथ उमस ने लोगों को परेशान कर रखा है। वहीं तपती धूप से आराम देने के लिए लोग जगह-जगह शर्बत बांटकर राहगीरों को राहत देने का काम भी कर रहे हैं। गांव रौतापुर कलां के लोगों ने एक बार फिर शर्बत का प्याऊ लगाया। खुटार और पुवायां की ओर से आने जाने वाले वाहनों को रोककर और बसों में बैठे यात्रियों को शर्बत बांटा। शनिवार सुबह गांव रौतापुर कलां के रहने वाले तमाम लोगों ने आपसी सहयोग से गांव की मोड़ के पास सड़क किनारे प्याऊ लगवाया। जहां राहगीरों ने कुछ देर पेड़ की छांव में आराम और सूख रहे गले को गीला के लिए शर्बत पीकर आनंद लिया। शर्बत बांटने वालों में बीपी सिंह, अवध किशोर मिश्रा, राजू मिश्रा, जगदीश, रवि वर्मा, अवधेश पाल, उमाशंकर, सर्वेश, रविंद्र कुमार, अनिरुद, विमल आदि का सहयोग रहा।

### गंगसरा में राहगीरों को पिलाया शर्बत



**पुवायां।** गंगसरा में ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी के चलते व्यापारियों द्वारा शीतल शर्बत वितरण किया गया। राहगीरों को भयंकर गर्मी में शर्बत पीने से राहत मिली। ज्येष्ठ के गर्मी व तपती धूप को देखते हुये गंगसरा के व्यापारियों द्वारा सुबह दस बजे शर्वत बितरण का आयोजन किया, जिसमें व्यापारियों ने बड़ी ही श्रद्धा भाव से शर्वत का बितरण किया। वहीं सैकड़ों राहगीर शीतल शर्बत पीकर अपने गंतव्य के लिये रवाना हुये। इस अवसर पर नन्हे वर्मा, पुष्पेन्द्र यादव, सुनील श्रीवास्तव, सर्वेश यादव, राजकुमार पंडित, लकी, सुधाकर वर्मा, शनि शुक्ला, रबी शुक्ला, राम जी शुक्ला, ललित मिश्रा, सुनील त्रिवेदी, विजय सराफा, रोहित गुप्ता, मनोज यादव सभी का सहयोग रहा।

### प्रेमिका गई अपने घर वाराणसी प्रेमी को किया मां-बाप के सुपुर्द

**शाहजहांपुर।** कचहरी में कोर्ट मैरिज करने एक युवती अपने प्रेमी के साथ आई थी। संगठनों ने प्रेमी-प्रेमिका को पकड़कर सदर बाजार पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। दोनों अलग-अलग समुदाय के थे और बालिग थे। कोर्ट ने आदेश दिया कि युवती स्वतंत्र है और कहीं भी जा सकती है। वह वाराणसी चली गई। युवक को मां-बाप के सुपुर्द कर दिया। वाराणसी की एक युवती बीएससी पास है। करीब आठ माह पहले इंस्टाग्राम और फेसबुक के माध्यम से खुदागंज के एक गांव के रहने वाले दूसरे समुदाय के युवक से जान पहचान हो गई थी। फिर दोनों में फेसबुक के जरिये बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। युवक जयपुर में सिलाई का काम करता है। युवती की गोद-भराई सात जून को थी। उसने सात जून से पहले अपना घर छोड़ दिया था। वह प्रेमी के पास खुदागंज पहुंच गई थी। गुरुवार को प्रेमी-प्रेमिका कचहरी में कोर्ट मैरिज करने के लिए आए थे। संगठनों ने दोनों को पकड़कर सदर बाजार पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। धर्म परिवर्तन के नाम युवक की पिटाई भी की थी। दोनों प्रेमी-प्रेमिका बालिग थे। पुलिस ने युवती और युवक को शनिवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में बयान हुए। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि युवती के बयान के बाद कोर्ट ने आदेश किया कि युवती स्वतंत्र है और कहीं भी जा सकती है। युवती अपने घर वाराणसी चली गई और युवक को मां-बाप के सुपुर्द कर दिया गया।

## एक नजर

### मृतक आश्रितों को दी गई अनुदान राशि

**तिलहर।** दो दिन पूर्व मकान की दीवार के नीचे दबकर मृत महिला के पुत्रों को तहसीलदार ने चार लाख रुपये की अनुदान राशि प्रदान की है। गुरुवार को आई तेज आंधी व बारिश के दौरान में कुदिरना गांव में दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर रामरती देवी की मौत हो गई थी। तहसीलदार जयप्रकाश यादव ने बताया कि मृतक के तीनों पुत्रों नंद किशोर सिंह, बृज किशोर सिंह तथा प्रेम किशोर सिंह को चार लाख रुपये की अनुदान राशि तत्काल प्रभाव से प्रदान कर दी गई है।

### दवा के धोखे में युवती ने पी लिया जहर

**बीसलपुर।** दवा के धोखे एक युवती ने घर पर रखा जहरीला पदार्थ पी लिया। युवती बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अर्जुनपुर की रहने वाली थी। प्राथमिक इलाज के बाद युवती की हालत में सुधार हुआ। पिता ईश्वरी प्रसाद ने बकी 21 वर्षीय पुत्री रोशनी ने दवा के धोखे जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। हालत बिगड़ती देख परिजनों ने उसे आनन फानन में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया।

# ट्रेन से उतरते समय फिसला पैर महिला सिपाही की गिरकर मौत

## यात्रियों ने सिपाही को रोका था, सरकारी कार्य से गई थी मुरादाबाद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मायका कानपुर नगर क्षेत्र में और कन्नौज में हुई थी शादी


मृतका किरन।

**अमृत विचारः** रोजा रेलवे स्टेशन रन थ्रू ट्रेन गुरुमुखी एक्सप्रेस से उतरते समय पैर फिसलने जाने से महिला सिपाही के दोनों पैर प्लेटफार्म के नीचे चले गए। ट्रेन को चेन पुलिंग कर रोक दिया गया। गंभीर रूप से घायल महिला सिपाही को प्लेटफार्म से बाहर निकाला गया। जीआरपी ने उसे मेडिकल कॉलेज भिजवाया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह मुरादाबाद सरकारी कार्य से गई थी। सिपाही का मायका कानपुर नगर के गांव भटतोईपुरवा और ससुराल कन्नौज में है। पिता रामदीन की मृत्यु हो चुकी है।

कनौज जिले के गांव कटेतीपुर निवासी किरन कटियार(36) पत्नी शिव पटेल पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर वर्ष 2016 में भर्ती हुई थी। उसकी पोस्टिंग चौक कोतवाली में थी। महिला सिपाही सरकारी कार्य से फोरेसिंक रिपोर्ट लेने शनिवार की सुबह मुरादाबाद ट्रेन से गई थी। वह मुरादाबाद में गुरुमुखी एक्सप्रेस ट्रेन में स्लीपर कोच में बैठ गई। उसका स्टॉपेज मैगलगंज में है। उसे जानकारी नहीं थी कि स्टॉपेज शाहजहांपुर में नहीं है। ट्रेन शाम आठ बजे शाहजहांपुर से रन थ्रू गुजर रही थी तो यात्रियों ने उसे ट्रेन यहां नहीं रुकने की बात कही। प्रत्यक्ष्दर्शियों के अनुसार रोजा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म दो से ट्रेन धीरे होकर गुजर रही थी। महिला सिपाही ने सोचा कि उतर जाएंगे। वह चलती ट्रेन से उतरने लगी तो पैर फिसल जाने उसके दोनों पैर प्लेटफार्म के नीचे चले गए। यात्रियों ने शोर मचाया तो ट्रेन को चेन पुलिंग करके रोक दिया गया। जीआरपी तथा आरपीएफ प्लेटफार्म पर पहुंची और घायल को प्लेटफार्म से बाहर निकाला। जीआरपी ने घायल को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते है कि कोच में सवार यात्रियों ने उसे उतरने के लिए मना किया था, कहने लगी ट्रेन धीरे है और उतर जाएंगे। सूचना मिलने पर एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सिटी सौम्या पाण्डे, प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। पुलिस ने परिवार वालों को सूचना दे शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## फंदे से लटका मिला महिला का शव

**बीसलपुर, अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। उसका शव मकान में फंदे से लटका मिला। परिजन ने बीमारी से तंग आकर खुदकुशी करने की आशंका जताई। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच करने में जुट गई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौखंडी के रहने वाले ज्ञान प्रकाश सक्सेना मजदूरी करते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। कुछ वर्षों से उसकी पत्नी अनीता देवी बीमार चल रही थी। उनका बरेली के एक चिकित्सालय में इलाज चल रहा था। बताते हैं कि महिला बीमारी को लेकर परेशान रहती थी। शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे पति ज्ञान प्रकाश खेत पर चला गया। घर पर तेरह वर्षीय पुत्र अरुण कुमार था। करीब नौ बजे अनीता ने बेटे को सामान खरीदने एक दुकान पर भेज दिया। इसके बाद महिला का शव कमरे में रस्सी के बने फंदे से लटका मिला। उसकी मौत हो चुकी थी। बेटे के शोर मचाने पर लोग जमा हो गए। परिवार वाले भी आ गए। फंदे से शव को नीचे उतारा।

# ससुराल पहुंचा शव तो पति -ससुर हुए फरार, मायके में अंतिम संस्कार

पीलीभीत कार्यालय

- ग्राम गौनेरा में मायके व ससुराल पक्ष के लोगों में विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस

**अमृत विचार :** ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा छत से फेंकी गई विवाहिता की इलाज के दौरान मौत होने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम कराने के बाद जब मायके वाले शव को लेकर ससुराल पहुंचे तो वहां ससुराल पक्ष के पुरुष फरार हो गए। सिर्फ घर में महिलाएं ही मौजूद मिली। इस पर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। विवाद की सूचना पर पहुंची जहानाबाद पुलिस ने मामला शांत कराया। इसके बाद मायके वाले शव को अपने गांव ले गए। वहां शव का अंतिम संस्कार किया गया।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम गौनेरा की रहने वाली कुंवरवती पुत्री त्रिमल प्रसाद की शादी क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर के गनेश पुत्र जशोदा नंदन से हुई थी। शादी के बाद पति-पत्नी के बीच विवाद रहने लगा। आरोप है कि 22 मई 2024 को रात नौ बजे कुंवरवती को उसके पति गनेश, ससुर जशोदा नंदन ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की नीयत से छत से फेंक दिया था। जिससे वह घायल हो गई थी।

बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद मायके पक्ष के लोग शव को लेकर ससुराल पहुंचे। जहां ससुराल में कोई भी पुरूष मौजूद नहीं मिला। यहां ससुराल और मायके पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी होने लगी। जिसके बाद मायके पक्ष के लोगों ने जहानाबाद थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर जहानाबाद पुलिस भी पहुंच गई। इसके बाद मायके पक्ष के लोग अपनी पुत्री के शव को लेकर उसके मायके गांव गौनेरा में पहुंचे। वहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। मृतका के पिता की तहरीर पर उसके पति गणेश और ससुर यशोदा नंदन के खिलाफ पूर्व में ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया था।

## फरार दो तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पूरनपुर, अमृत विचारः** तेरह दिन पहले ईंट भट्टे के पास गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने के मामले में पुलिस एक आरोपी को जेल भेज चुकी है। फरार चल रहे दो अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने धर दबोचा। उनके पास से तमंचा-कारतूस की बरामदगी की गई। दोनों को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। बता दें कि 19 मई को शेरपुरकलां में नहर पटरी के किनारे ईंट भट्ठे के पास गोवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े मिले थे। इस मामले में पुलिस ने 21 मई को रिपोर्ट दर्ज की। उसके बाद से पुलिस आरोपियों की खोजबीन कर रही थी। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने शेरपुर कलां रोड पर पशुओं का वध करने वाले आरोपी रिहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि उसके दो साथी तस्कर भाग गए थे। शनिवार को पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी शेरपुरकलां के मोइन और माधोटांडा क्षेत्र के डगा गांव के अनीस को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हाईवे के किनारे लिंक मार्ग पर जा रहे थे और पुलिस के हत्थे चढ़ गए। आरोपियों के पास से दो तमंचे और कारतूस की बरामगदी की गई। उधर, आरोपी अनीस उर्फ लल्ला की गिरफ्तार के बाद परिवार वाले पूरनपुर पहुंच गए थे। बताते हैं कि उसकी पत्नी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे, वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।


सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरेपी
हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181


## दवा लेकर लौट रहे दिव्यांग को पीटा, रिपोर्ट

**दियोरियाकलां, अमृत विचारः** दवा लेकर घर जा रहे दिव्यांग से मारपीट की गई। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव खरदहाई के रहने वाले विश्वकांत दीक्षित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मधवापुर गांव से दवा लेकर शुक्रवार को अपने घर लौट रहे थे। खरदहाई गांव में वीरेंद्र मिश्रा के मकान के सामने पहुंचते ही पहले से मौजूद गांव के श्रीकांत दीक्षित उर्फ भैयालाल ने उसे रोका। इसके बाद पत्नी को लेकर आपत्तिजनक शब्द बोलने लगा। जब विरोध किया तो हमला कर पिटाई कर दी। दिव्यांग होने की वजह से पीड़ित भाग नहीं सका। शोर पर लोग जमा हुए और बचाया। कोतवाल उमेश सोलंकी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

# नहर में मिला बाघ का सड़ा गला शव

संवाददाता, पीलीभीत/अमरिया

- सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे डीएफओ, की पड़ताल
- पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगा मौत का कारण

**अमृत विचारः** अमरिया क्षेत्र की एक नहर में बाघ का शव पड़ा होने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। डीएफओ ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। वनकर्मियों ने नहर से शव को बाहर निकाला। शव बुरी तरह से सड़ गल चुका है। बाघ की मौत कैसे हुई हैं, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगा।


नहर से शव को बाहर निकालते वनकर्मी। ● अमृत विचार

अमरिया क्षेत्र में ड्यूनीडाम से डीबी फीडर गुजरती है। इसी फीडर से गांव करगैना करगैनी के लिए छोटी नहर भीजाती है। शनिवार शाम करीब चार बजे कुछ ग्रामीणों ने गांव करगैना के समीप नहर की पिचिंग के पास एक बाघ के शव को पड़ा देखा। ग्रामीणों ने नहर में बाघ का शव पड़ा होने की जानकारी वन विभाग को दी। बाघ का शव नहर में पड़ा होने की जानकारी लगते ही करगैना समेत आसपास गांवों के ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर पहुंच गई। सूचना मिलते ही सामाजिक वानिकी प्रभाग की वन दरोगा सोनी सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। टीम ने इनकी जानकारी डीएफओ मनीष सिंह को दी। डीएफओ ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इसी बीच सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी रेंजर देवऋषि, वन दरोगा शैलेंद्र कुमार समेत अन्य वनकर्मी भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद बाघ के शव को बाहर निकाला गया। वन अफसरों की मानें तो शव काफी सड़ गल चुका है। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि वन्य जीव कौन सा है। हालांकि वह बाघ की तरह ही दिख रहा है। फिलहाल अब शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद ही वन्य जीव की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

> ग्रामीणों से बाघ का शव माइनर में फंसे होने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई है। शव बाघ का प्रतीत तो हो रहा है, लेकिन अभी स्पष्ट तौर पर यह नहीं कहा जा सकता है कि शव बाघ का ही है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। – **मनीष सिंह**, प्रभारी डीएफओ, सामाजिक वानिकी प्रभाग


नहर में पड़ा बाघ का शव।

## अकेले बुलाने पर नहीं गई छात्रा प्रवक्ता ने नंबर काटने की दी धमकी

**बदायूं कार्यालय।** शहर के एक महाविद्यालय से बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा ने महाविद्यालय के प्रवक्ता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्राचार्य को शिकायती पत्र देकर छात्रा ने बताया कि उसकी तबीयत खराब होने की वजह से वह 18 मई को परीक्षा नहीं दे पाई।

उसने परीक्षा की जानकारी के लिए कॉलेज के प्रवक्ता को फोन किया। प्रवक्ता ने 20 मई को छात्रा को महाविद्यालय बुलाया और उसका उत्पीड़न किया। अगले दिन अकेले आने को कहा। छात्रा ने मना कर दिया तो प्रवक्ता ने इंटरनल नंबर काटने की धमकी दी। इससे छात्रा को भारी मानसिक आघात पहुंचा। छात्रा के अनुसार वह दो बार सुसाइड करने की कोशिश कर चुकी है। छात्रा ने महाविद्यालय की प्राचार्य से कार्रवाई की मांग की है जिसका संज्ञान लेकर प्राचार्य ने उच्च शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर शिकायत से अवगत कराया है। बताया कि मामले की जांच के लिए महाविद्यालय की तीन प्रवक्ताओं की जांच कमेटी गठित की गई है। छात्रा ने अपना बयान भी दिया है।


B.I.U. BIUCHJ BAREILLY Towards Professional Excellence
प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनीटीज एण्ड जर्नलिज्म
● बी.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
● बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) ● एम.ए. (अंग्रेजी)
● एम.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● बी.कॉम. (ऑनर्स) ● एम.कॉम.
● बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) ● एम.बी.ए.
● बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)



VAMCRH SHAHJAHANPUR
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा
नगर पालिका टाउन हाल तिलहर में (पूर्व चेयरमैन इमरान खाँ की स्मृति में)
02 जून 2024, दिन रविवार
प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
हड्डी रोग चिकित्सा शिविर
का आयोजन किया जा रहा है।
शिविर में उपलब्ध सुविधायें
★ पंजीकरण मुफ्त। ★ चिकित्सीय परामर्श मुफ्त। ★ ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त ★ सामान्य दवाईयाँ मुफ्त ★ ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त।
शिविर के द्वारा अस्पताल में आये हुये मरीजों के लिये उपलब्ध मुफ्त सुविधायें
● खून की जांच C.B.C.(T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets) ● गुर्दे की जांच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
● लीवर की जांच L.F.T. (Serum Billrubin, SGOT, SGPT, S. Alkaline Phosphatase) ● हृदय की जांच ECG द्वारा।
अस्पताल में उपलब्ध विभाग
● न्यूरो सर्जरी ● सर्जरी (शल्य) रोग ● नाक कान एवं गला रोग ● बाल रोग
● प्लास्टिक सर्जरी ● नेत्र रोग ● स्त्री रोग
● कैंसर सर्जरी ● दन्त रोग ● छाती एवं टी.बी. रोग ● चर्म रोग
● सामान्य रोग ● हड्डी रोग ● मानसिक रोग
उपलब्ध सुविधायें
1. पंजीकरण मात्र 50/- रु.
2. परामर्श मुफ्त
3. मरीजों की सामान्य जाँचें सस्ते दरों पर
4. मुफ्त भर्ती एवं पलंग
5. दवाईयाँ भारी छूट पर
6. मुफ्त ऑपरेशन (दवा व ऑपरेशन थियेटर का खर्च अतिरिक्त)
7. नॉर्मल डिलीवरी मुफ्त
8. सी.टी. स्कैन एवं एम.आर.आई. (सस्ते दरों पर)
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु. में एक वर्ष के लिये उपलब्ध है।
नोट : 1. बच्चों एवं माताओं के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है।
2. अस्पताल में डिलीवरी कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं आशा को प्रसव लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक एवं आई.सी.यू. (I.C.U.) की सुविधा 24 घन्टे उपलब्ध।
4. ओ.पी.डी. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400/- रुपये, एक्सरे मात्र 150/- रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50/- रुपये।
5. आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों के लिए निःशुल्क गोल्डन कार्ड एवं निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध।
6. पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी केशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
7. C.T. स्कैन, M.R.I. एवं Dialysis (डायलिसिस) की सुविधा सस्ते दरों पर।
सौजन्य से - चेयरमैन, तिलहर (शाहजहाँपुर)
अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें :- रईस 7007248916, 7521001988


## खेत से लौट रहे युवक को मारी गोली, मां को पीटा

**विजय नगला, अमृत विचार :** प्रधान पद के चुनाव को लेकर एक गांव के दो पक्ष में विवाद चलता आ रहा है। मामला थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव जगुआसई का है। गांव निवासी जसवीर पुत्र अहिवरन का प्रधान पद के चुनाव के समय से कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। परिजनों के अनुसार दोनों पक्ष में झगड़ा होता रहता है। शुक्रवार शाम दोनों पक्ष में विवाद हुआ था। ग्रामीणों ने मामला शांत करा दिया था। शनिवार को जसवीर और उनकी मां रामा देवी पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गई थीं। चारा देकर वापस लौटते समय गांव के पंचायत घर के पास लगे हैंडपंप के पास दूसरे पक्ष ने मां-बेटे को घेर लिया। आरोपियों ने जसवीर से गाली-गलौज की। विरोध करने पर हाथापाई होने लगी। आरोपियों ने जसवीर को गोली मार दी। गोली उनके सीने को छूती हुई निकली। रामादेवी ने बेटे को बचाने की कोशिश की। आरोपियों ने उन्हें पीटा। मां-बेटा घायल हो गए। दोनों के बयान दर्ज किए गए।

# तेज धमाके के साथ उठा धूल का गुबार और थम गईं चार लोगों की सांसें

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचारः** पैगा भीकमपुर गांव के लिए शनिवार काला साबित हुआ। छांव में बैठे लोग अपने सुख दुख और बच्चों की शादी की बातें कर रहे थे। उनमें से चार लोगों के सांसे हमेशा के लिए थम गईं।

वहीं दो लोगों खून से लथपथ पड़े थे। भाग कर मौके पर पहुंचे लोगों ने जब ये मंजर देखा तो उनका कलेजा हलक में आ गया। चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते चार परिवारों की खुशियां मातम में बदल गईं। हादसे की सूचना जिसने सुनी उसकी मंजिल पैगा भीकमपुर बन गया।

गांव के धनपाल, रामप्रकाश ब्रह्मपाल, ज्ञानचंद, नेत्रपाल और एक अन्य व्यक्ति गर्मी और धूप से बचने के लिए पीपल के नीचे बैठे थे। सभी लोग आपस में बातचीत कर रहे थे। तभी तेज गति से आई पिकअप ने छह लोगों को टक्कर मार दी। तेज आवाज सुनकर गांव के लोग दौड़कर घटना स्थल पर पहुंचे। सभी ने जब वहां का मंजर देखा तो उनका कलेजा मुंह में आ गया। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हर कोई घटना पर अफसोस जता रहा था। वहीं चालक के खिलाफ आक्रोश जता रहा था। आसपास के गांवों के लोगों को जब घटना की सूचना मिली तो उनकी मंजिल भी पैगाभीकमपुर बन गया।


इसी जगह पर बैठकर बात कर रहे थे ग्रामीण।

- सूचना देने के बाद भी नहीं पहुंची एंबुलेंस और शव वाहन, अपनी जीप से शव ले गई पुलिस
- परिवार में शादी की तैयारी को लेकर चर्चा कर रहे थे ग्रामीण थकान मिटाने आया एक ग्रामीण

# गैंगस्टर के आरोपी की 15 लाख की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- तीन माह पहले कोतवाली में लिखा गया था मुकदमा

**अमृत विचार :** शासन-प्रशासन की सख्ती के बाद अपराधियों की आर्थिक रुप से कमजोर करने को चल रही कार्रवाई बरकरार है।

गैंगस्टर एक्ट के आरोपी का न्यूरिया के गांव महचंदी गौटिया उर्फ महचंदी गौटिया में बनाए गए मकान समेत 15 लाख रुपये से अधिक की अर्जित की गई संपत्ति सुनगढ़ी पुलिस ने कुर्क की। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मुनादी कराते हुए मकान को सील कर दिय। कुर्की कार्रवाई के पोस्टर चस्पा करा दिए गए। इसकी खरीद व बिक्री नहीं की जाएगी। इसमें कोई प्रवेश भी न करे।

थाना न्यूरिया के ग्राम महचंदी निवासी प्रमोद पाल पुलिस रिकार्ड में शातिर अपराधी है। उस पर वाहन चोरी के अलावा अन्य मुकदमे कोतवाली और न्यूरिया थाने में दर्ज हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ वर्ष 2023 में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली की ओर से सदर कोतवाली में दर्ज किया था। मुकदमे की विवेचना प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी द्वारा की जा रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी के द्वारा 15 लाख सात हजार सात सौ रुपये कीमत का एक मकान गांव महचंदी में है, जिसका नव निर्माण कराया गया है। चूंकि उसके पास आय का कोई अन्य स्त्रोत नहीं है। इसलिए आरोपी ने बाइक चोरी की अर्जित आय से ही उक्त मकान का निर्माण किया है। सुनगढ़ी पुलिस ने अपनी पूरी रिपोर्ट बनाकर पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जिला मजिस्ट्रेट को भेजी थी। जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी की संपत्ति कुर्क करने का आदेश 29 मई को दिया। शनिवार को एसडीएम अमरिया अजीत प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय, प्रभारी निरीक्षक न्यूरिया प्रदीप कुमार विश्नोई पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और आरोपी के मकान को कुर्क कर लिया। इसका नोटिस भी चस्पा किया।

## छत से गिरकर दिव्यांग युवक की मौत

**कादरचौक।** थाना कादचौक क्षेत्र के एक गांव निवासी दिव्यांग की छत से गिरने से मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। हादसा थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव गौरामई में हुआ। गांव निवासी मैफूज खां ने शनिवार दोपहर अपने दिव्यांग बेटे मौजूद खां (24) से बकरी चराने जाने को कहा था। मौजूद खां ने गर्मी में बकरी ले जाने से इन्कार कर दिया। इस पर उसके पिता ने कुछ कह दिया। तब वह नाराज होकर दूसरी मंजिल पर बने कमरे में चला गया। इसके बाद जैसे वह सीढ़ियों से नीचे उतर रहा था, वैसे ही पैर फिसलने से गिर गया और उसकी मौत हो गई। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरा एन.सी.सी. 'सी' सर्टिफिकेट वास्तव में कहीं खो गया है। जिसमें मेरा 'बी' ग्रेड आया था। जिसका नं. UPSW/2012/149658 है। शीबा खां पुत्री मो. शमीम खां निवासी लोधीपुर, शाहजहांपुर

For Rent
House on Rent in Prime Location of Rampur Garden
3 Bedroom Set, Modular kitchen, Drawing Room , Dining Hall, Store room, Balcony, Terrace, Parking
Govt Officer Preferred Only.
Mob.: 9837891810

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नौशाद व पुत्रवधू आसिया के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। औसाफ पुत्र यूसुफ निवासी पकड़िया नौगवा नगर पंचायत थाना सुनगढ़ी तहसील व जिला पीलीभीत।

आवश्यकता है
एक लड़की या महिला की हास्टल की देखभाल, खाना बनाने हेतु
आकर्षक वेतन (रहना, खाना)
गाँधी नगर, बरेली।
संपर्क करें- 9634260005, 9412148721

सूचना
मैं दिनांक 31.05.2024 को कचहरी जा रहा था। मेरे पास एक पॉलीथीन में ब्लू-मून लॉन से सम्बन्धित पुराने कागजात जिसमें एक मुख्तारनामा- वाहिच सं. पं. जिल्द 220 के पृष्ठ 11/13 दिनांकित 26/3/वा तथा एक मुख्तारनामा दिनांक 01.04.2021 वही सं. प. जिल्द 352 के पृष्ठ 319 से 328 क्रमांक 193 तथा एक बैनामा दिनांकित 30.03.91 पुस्तक सं. 1 खण्ड 34 पृष्ठ सं. 201-218 क्रमांक 1598 थे। रास्ते में यह कहीं गिर गये हैं। काफी तलाशने पर नहीं मिला। तसलीम रज़ा खां पुत्र स्व. नवाब दुला खां, 102 जाग्रति नगर, थाना किला, बरेली

आवश्यकता है
लड़के व लड़कियों के लिए फील्ड वर्क हेतु
Best Finance Solution
वेतन 5 अंकों में
मिलें 11 AM से 2 PM
35H/1A, निकट आनन्द आश्रम मन्दिर, रामपुर गार्डन, बरेली।
9675477414, 8279824300

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## हर डिवीजन पर बकाया बिल वाले 500 उपभोक्ता होंगे चिह्नित

**बरेली, अमृत विचार :** अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ने शनिवार को सभी अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई के साथ वर्चुअल बैठक की, जिसमें उन्होंने कहा कि सभी डिवीजन पर अधिक बकाया वाले 500 उपभोक्ताओं को चिह्नित करें। अगर गलत बिल हो तो सही करें। उपभोक्ता बिल जमा नहीं करते हैं कनेक्शन काटें। अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि हर बिजली घर पर लाइन लॉस संबंधी फीडर को चिह्नित किया जाएगा। लाइन लॉस कम करने के लिए जेई को जिम्मेदारी दी गई है। वह हर घर से मीटर के साथ ट्रांसफार्मर के लोड को चेक करेंगे।

**नरकुलागंज में बरसों पहले खत्म हो गया खांडसारी उद्योग लेकिन एक घर से अब तक नहीं हटी खांड बनाने की मशीन**

# जिस मशीन ने किस्मत बना दी... उसे कैसे घर से हटा दें

बरेली कार्यालय



- राजेंद्र अग्रवाल को है मशीन से भावनात्मक लगाव, बच्चों के कहने पर भी नहीं माने
- बोले- याद है पिता ने स्कॉटलैंड से मशीन मंगाने को कैसे किया था पैसे का इंतजाम

**अमृत विचार :** कभी गल्ला मंडी के नाम से जाने जाने वाले नरकुलागंज में अब मंडी के नाम की यादें ही रह गई हैं। किसी जमाने में यहां घर-घर कोई न कोई व्यवसाय होता था। खांडसारी मंडी भी लगती थी।

खांड बनाने की करीब सौ यूनिट थीं जो समय गुजरने के साथ तमाम बरस पहले ही खत्म हो चुकी हैं लेकिन राजेंद्र अग्रवाल के घर में एक मशीन फिर भी लगी हुई है। वजह वह भावनात्मक लगाव है जो कारोबारी सफर में बरसों बरस इस मशीन के साथ निभाने से पैदा हुआ। राजेंद्र अग्रवाल कहते हैं कि 1971 में जब वह 17 साल के थे, तब उनके पिता ने यह मशीन लगवाई थी। नरकुलागंज में तब खांड बनाने का खूब काम होता था। स्कॉटलैंड से मंगाई गई मशीन जब यहां पहुंची तो घर में जश्न का माहौल था। उस समय दो हजार रुपये खर्च करके यह मशीन लगाई गई थी। यह रकम उनके पिता ने कितना संघर्ष करके इकट्ठी की, वह उन्हें आज भी महसूस होता है लेकिन मशीन लगने के बाद दिन बदलने शुरू हो गए।

राजेंद्र बताते हैं कि उस वक्त दो से तीन रुपये क्विंटल गन्ना खरीदा जाता था। नरकुलागंज में ही तमाम कोल्हू भी लगे हुए थे। मशीन लगने के बाद काफी व्यवसाय चला। वर्ष 1990 के बाद खांडसारी उद्योग धीरे धीरे बंद होने लगा। सभी कारोबारियों ने मशीनों को हटाकर दूसरे व्यवसाय शुरू कर दिए। उन्हें भी उनके बच्चों ने कई बार सलाह दी कि मशीन को बेचकर काफी पैसे मिल जाएंगे लेकिन वह कभी इस मशीन को हटाने का निर्णय नहीं ले पाए। बच्चे भी अब मशीन को बेचने की बात नहीं करते।

### एक मशीन से कई लोगों को मिलता था रोजगार

राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि गुजरे जमाने में जिस कारोबारी के पास यह मशीन होती थी, वह कम से कम 40 लोगों को रोजगार देता था। कोई टिन का पीपा उठाता था तो कोई पैर से गन्ने को धकेलता था। राब को लाने और सुखाने के लिए अलग लोग होते थे। उन्होंने बताया कि गुड़ से राब बनाने के बाद उसे मशीन में डालकर फेंटने से उसका मैलापन निकल जाता था और केमिकल मुक्त शुद्ध खांड निकल आती थी। अब कंप्यूटर युग में सब खत्म हो गया है।

### उत्तराखंड में थी बरेली की खांड की सर्वाधिक मांग

राजेंद्र के मुताबिक बरेली में बनी खांड की उत्तराखंड में बहुत मांग थी। बाद में हल्द्वानी में भी यह काम होने लगा और वहीं से पहाड़ों में सप्लाई होने लगी। पहाड़ों में खांड की अब भी मांग है। वक्त के साथ इस खांड को सफेद और सुंदर बनाने के लिए क्रेशर लग गए जिनमें सल्फर, फास्फेट और कैल्शियम का प्रयोग होने लगा। खांड की जगह चीनी ने ली तो नरकुलागंज में खांडसारी उद्योग का अंत हो गया।

## मारिया फ्रोजन फैक्ट्री प्रबंधन ने पुलिस के दावे को बताया हवाई

बरेली कार्यालय

- तीन लोगों को गिरफ्तार फैक्ट्री में चोरी की भैंसों को कटवाने का किया था दावा
- 24 घंटे में पुलिस ने नहीं की कोई छानबीन, पूछताछ करने फैक्ट्री तक नहीं पहुंची

**अमृत विचार :** पांच सौ से ज्यादा भैंसे चोरी कर उन्हें मारिया फ्रोजन मीट फैक्ट्री में कटवाने का पुलिस का दावा 24 घंटे बाद भी पुष्टि की दिशा में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पाया। उधर, फैक्ट्री प्रबंधन ने इस दावे को पूरी तरह हवाई बताया है। उसका कहना है कि फैक्ट्री में कटने वाले पशुओं का पूरा रिकॉर्ड रखा जाता है। भैंस चोर गिरोह के सरगना नफीस का फैक्ट्री का कर्मचारी होने का दावा भी पूरी तरह गलत है।

फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने बृहस्पतिवार रात जगतपुर गौंटिया चांद मस्जिद निवासी आदिल, पुराना शहर के नफीस और अहलादपुर के आकाश को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से एक भैंस, एक पड्डा, 12 बोर की एक पौनिया, कारतूस, एक पिकअप और एक टेंपो बरामद करने का दावा करते हुए पुलिस ने बताया था कि तीनों भैंस चोर गिरोह के सदस्य हैं। तीन और भैंस चोर जुनैद, इमरान और लाडला मौके से भाग निकले। इस गिरोह ने पांच सौ से ज्यादा भैंसे चोरी कर मारिया फ्रोजन फैक्ट्री में कटवाई हैं। पुलिस का कहना था कि गिरोह का सरगना नफीस फैक्ट्री का कर्मचारी है जो चोरी की भैंसों को सिर्फ 30 मिनट में कटवा देता था जबकि सामान्य प्रक्रिया में इसमें 10 से 12 घंटे तक का समय लगता है।

पुलिस की छानबीन तो यह दावा करने के बाद एक भी कदम आगे नहीं बढ़ी। शनिवार को पुलिस कोई पूछताछ करने फैक्ट्री भी नहीं पहुंची, लेकिन दूसरी तरफ फैक्ट्री प्रबंधन ने पुलिस के दावे को सिरे से खारिज कर दिया। फैक्ट्री प्रबंधक ईशान ने बताया कि नफीस फैक्ट्री का कर्मचारी नहीं है। तीन दिन पहले पुलिस ने फैक्ट्री के बाहर से किसी को पकड़ा था, हो सकता है वह नफीस ही हो।

फैक्ट्री में सभी पशुओं का रिकॉर्ड रखा जाता है। तीन महीने पहले कैंट पुलिस को फैक्ट्री के सभी कर्मचारियों की सूची देकर वैरिफिकेशन कराया गया था। इससे भी इसकी पुष्टि की जा सकती है।उधर, एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक ने इतना ही बताया कि फरार हुए तीन भैंस चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## पत्नी ने कहा पति को नहीं छोड़ूंगी, प्रेमिका बोली-अब यह मेरा हो गया

संवाददाता, संभल/रजपुरा

- युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी पत्नी और प्रेमिका, हुई पंचायत

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र से फरार हुए प्रेमी युगल को पुलिस ने पकड़ लिया और थाने ले आई। अब पत्नी और प्रेमिका युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ गईं। काफी प्रयास के बाद नहीं मानी तो पंचायत बैठी। फिर भी घंटों तक कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी पांच वर्ष पहले बनियाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। युवक का ससुराल में आना-जाना रहता था। इसी दौरान युवक का ससुराल में ही एक महिला से प्रेम प्रसंग हो गया। करीब आठ दिन पहले युवक ससुराल से ही पत्नी को छोड़कर प्रेमिका को लेकर फरार हो गया। शनिवार को पुलिस ने बनियाठेर थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी आटा के पास से प्रेमी युवक और प्रेमिका को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस दोनों को थाना रजपुरा लाई। सूचना मिलने पर युवक की पत्नी और मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए। थाने में पत्नी और प्रेमिका युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी रहीं। जिसके बाद पंचायत भी हुई लेकिन घंटों बाद भी कोई हल नहीं निकल सका। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी है। अभी बातचीत चल रही है।

# चल भाई... नए कपड़े खरीदेंगे और ट्रेन में बैठकर घूमेंगे

### घर से एक लाख की रकम लेकर भाई संग चली आई थी नौ वर्षीय बच्ची

बरेली कार्यालय

- जीआरपी ने शनिवार को अलीगढ़ से आए माता-पिता के सुपुर्द किए भाई-बहन

**अमृत विचार :** घर में एक लाख रुपये उठाकर सैर के लिए निकली नौ वर्षीय बच्ची और छह साल के उसके भाई को शनिवार को अलीगढ़ से आए उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। पता चला कि इस रकम से सैरसपाटा करने का आयडिया बहन का था और वह छह साल के छोटे भाई को भी साथ ले आई थी।

जीआरपी ने बृहस्पतिवार रात अलीगढ़-बरेली पैसेंजर में बहजोई के पास इन दोनों को रोते हुए देखकर कब्जे में लिया था। उनके पास एक काली थैली में रखे एक लाख रुपये भी मिले थे। बरेली लाकर उन्हें रेलवे चाइल्ड लाइन के हवाले किया गया, फिर बाल कल्याण समिति ने उन्हें बॉर्न बेबी फोल्ड भेज दिया था। पैसों को मालखाने में जमा करा दिया गया था। शनिवार को अलीगढ़ की बिस्मिल्लाह कॉलोनी से उनके माता-पिता उन्हें लेने पहुंचे। मां ने चाइल्ड लाइन को बताया कि उनके पति ने प्लॉट खरीदने के लिए ये पैसे घर में रखे थे। चाइल्ड लाइन की सदस्य दिव्या कठेरिया ने बताया कि बच्ची ने अपने भाई को लालच दिया था कि इन पैसों से नए कपड़े खरीदेंगे और ट्रेन में बैठकर घूमेंगे।

उधर बच्चों की मां ने बताया कि वह अलीगढ़ के रहने वाले हैं। संबंधित थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। चाइल्ड लाइन सदस्य दिव्या कठेरिया ने बताया कि बच्चों को उनके मां बाप के सुपुर्द कर दिया गया है।

## सांड़ ने हमलाकर बुजुर्ग को मार डाला

**एटा, अमृत विचार:** खेत पर काम कर रहे एक बुजुर्ग पर सांड़ ने हमला कर दिया। इसमें गंभीर चोटें आने से उनकी मौत हो गई। कोतवाली देहात के गांव नगला बनवारी निवासी सवेन्द्र ने बताया कि उनके पिता रामदत्त (70) शुक्रवार देर शाम खेत पर काम कर रहे थे। तभी वहां एक सांड़ पहुंच गया और खेत में फसल का नुकसान करने लगा। उसके पिता रामदत्त के ललकारने पर सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गए। वहां आसपास मौजूद अन्य लोगों ने किसी तरह सांड़ को भगाया। रामदत्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी मौत हो गई।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE

Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

## गंगा सतलुज एक्सप्रेस में फायर अलार्म बजने से यात्रियों में हड़कंप

**बरेली, अमृत विचार :** बीच सफर में गंगा सतलुज एक्सप्रेस में फायर अलार्म बजने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। ट्रेन रास्ते में खुद रुक गई। आरपीएफ स्टाफ मौके पर पहुंचा, लेकिन फायर अलार्म क्यों बजा, यह स्पष्ट नहीं हो सका।

यह घटना सुबह करीब नौ बजे की है। तिलहर और बंथरा स्टेशन के बीच अचानक 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस के थर्ड एसी कोच में फायर अलार्म बजने लगा। एलएचबी रेक होने के कारण अलार्म बजने पर ट्रेन खुद बीच रास्ते में रुक गई। उधर, यात्रियों में अफरा तफरी का माहौल हो गया। गार्ड ने संबंधित कोच को चेक किया, लेकिन वहां कुछ ऐसा नहीं पाया गया, जिससे फायर अलार्म बजे। शाहजहांपुर में भी ट्रेन को चेक किया गया, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी ने धूम्रपान किया होगा जिसकी वजह से फायर अलार्म बजा होगा। फिलहाल, मामले की जांच की जा रही है।

## किशोरी के अपहरण मामले में नामजद आरोपी का फंदे से लटका मिला शव

- पांच लोग थे नामजद, नीमगांव पुलिस किशोरी को बरामद करने का बना रही थी दबाव

**बेहजम/मितौली, अमृत विचार:** किशोरी के अपहरण के मामले में नामजद नत्थू सिंह (55) का शव थाना मितौली क्षेत्र में स्थित एक आम की बाग में पेड़ से लटका बरामद हुआ है। परिजनों का आरोप है पुलिस किशोरी को बरामद करने के लिए उन पर मानसिक दबाव बना रही थी। वहीं मृतक का दामाद भी मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था, जबकि उसकी विवाहित पुत्री भी किशोरी के साथ ही गायब है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव बहादुरपुरा के एक व्यक्ति की 14 वर्षीय बेटी ने गांव के ही नत्थू सिंह, उसकी विवाहित पुत्री, पत्नी आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था 14 मई की रात उसकी छोटी बिटिया घर में ही पुत्री के साथ लेटी थी। तड़के चार बजे उसकी पुत्री को फुसलाकर किसी परिचित के साथ शादी करने के उद्देश्य से ले गई। पुलिस ने 17 मई को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस नत्थू सिंह पर किशोरी को बरामद करने का दबाव बना रही थी। शुक्रवार को भी पुलिस उसके घर गई थी। वह घर में नहीं मिले। उनका शव शनिवार सुबह गांव पहाड़ा में स्थित बाग के एक आम के पेड़ से लटका मिला। मोके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना को लेकर तरह क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## छात्र को बेल्टों से पीटा सिर पर किए कई प्रहार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** सीतापुर फोरलेन स्थित एक कोचिंग सेंटर से पढ़कर जा रहे छात्र को चार युवकों ने रोक लिया और उसकी हाथ के कड़े और बेल्टों से जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना फरधान के गांव अटकोनवा निवासी किशन वर्मा ने बताया कि वह सीतापुर फोरलेन पर स्थित एक कोचिंग सेंटर पर पढ़ने आता-जाता है। शुक्रवार की शाम वह कोचिंग पढ़कर अपने घर जा रहा था। जल भवन के पास थाना खीरी के गांव डिम्हैरा निवासी समीर ने अपने तीन अन्य अज्ञात साथियों के साथ रोक लिया और बेवजह गाली गलौज करने लगे। उसने जब बिना किसी कारण के गाली देने से मना किया तो चारों आरोपी भड़क गए। उसे बेल्ट से जमकर मारापीटा। हाथ में पहने कड़े से उसके सिर पर कई प्रहार किए, जिससे वह वह लहूलुहान हो गया और सड़क पर गिर गया। शोर शराबा सुनकर आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और पिटाई का विरोध किया। तब आरोपी उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर एलआरपी चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल घायल छात्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि.
बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक : बी.के.एस./क्रय/2024-25/309 दिनांक : 30.05.2024

ई-निविदा सूचना

इस मिल समिति में वर्ष 2024-25 में निम्न सामानों की आपूर्ति एवं ठेके के कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से ई निविदायें अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरांत आमंत्रित की जाती है। ई निविदा की नियम एवं शर्ते व विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि सायं 6:55 बजे तक | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 6:55 बजे तक | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि अपरान्ह 12:00 बजे | कामर्शियल बिड की तिथि अपरान्ह 3:00 बजे | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अन्य चीनी मिलों से लूज़ बैगास का परिवहन कार्य | 10.06.2024 | 18.06.2024 | 19.06.2024 | 19.06.2024 | 50000/- |
| 2. | आक्सीजन गैस की आपूर्ति | 10.06.2024 | 18.06.2024 | 19.06.2024 | 19.06.2024 | 5000/- |
| 3. | रिफैक्ट्री सामानों की आपूर्ति | 10.06.2024 | 18.06.2024 | 19.06.2024 | 19.06.2024 | 10000/- |
| 4. | सी.आई./जी.एम. कास्टिंग व कन्वर्जन सामानों की आपूर्ति | 10.06.2024 | 18.06.2024 | 19.06.2024 | 19.06.2024 | 5000/- |
| 5. | सी.एस. कास्टिंग व कन्वर्जन सामानों की आपूर्ति | 10.06.2024 | 18.06.2024 | 19.06.2024 | 19.06.2024 | 20000/- |
| 6. | मशीनों सामानों की आपूर्ति | 10.06.2024 | 18.06.2024 | 19.06.2024 | 19.06.2024 | 5000/- |
| 7. | क्लीनिंग उपकरण की आपूर्ति | 11.06.2024 | 19.06.2024 | 20.06.2024 | 20.06.2024 | 5000/- |
| 8. | जनरल हार्डवेयर सामानों की आपूर्ति | 11.06.2024 | 19.06.2024 | 20.06.2024 | 20.06.2024 | 5000/- |
| 9. | नट बोल्ट की आपूर्ति | 11.06.2024 | 19.06.2024 | 20.06.2024 | 20.06.2024 | 5000/- |
| 10. | लिफिटिंग मैटेरियल की आपूर्ति | 11.06.2024 | 19.06.2024 | 20.06.2024 | 20.06.2024 | 5000/- |
| 11. | टूल टैकिल्स एवं पाइप फिटिंग की आपूर्ति | 11.06.2024 | 19.06.2024 | 20.06.2024 | 20.06.2024 | 5000/- |
| 12. | पैकिंग ज्वाइटिंग की आपूर्ति | 12.06.2024 | 20.06.2024 | 21.06.2024 | 21.06.2024 | 5000/- |
| 13. | सी.आई. स्लूस बल्ब की आपूर्ति | 12.06.2024 | 20.06.2024 | 21.06.2024 | 21.06.2024 | 5000/- |
| 14. | जनरल इलैक्ट्रिकल सामानों की आपूर्ति | 12.06.2024 | 20.06.2024 | 21.06.2024 | 21.06.2024 | 5000/- |
| 15. | स्विचगेयर सामानों की आपूर्ति | 12.06.2024 | 20.06.2024 | 21.06.2024 | 21.06.2024 | 5000/- |
| 16. | पी.वी.सी. केबिल की आपूर्ति | 12.06.2024 | 20.06.2024 | 21.06.2024 | 21.06.2024 | 5000/- |
| 17. | रबर गोल्डेड सामानों की आपूर्ति | 13.06.2024 | 21.06.2024 | 22.06.2024 | 22.06.2024 | 5000/- |
| 18. | रबर की बेल्ट की आपूर्ति | 13.06.2024 | 21.06.2024 | 22.06.2024 | 22.06.2024 | 5000/- |
| 19. | नया डी.जी. सेट 63 केवीए की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य | 13.06.2024 | 21.06.2024 | 22.06.2024 | 22.06.2024 | 20000/- |
| 20. | सी.एस. ट्रांसमिशन गेयर (204 दांते) की आपूर्ति | 13.06.2024 | 21.06.2024 | 22.06.2024 | 22.06.2024 | 40000/- |
| 21. | नया हाइड्रोलिक ग्रैब (05 टन) की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य | 13.06.2024 | 21.06.2024 | 22.06.2024 | 22.06.2024 | 15000/- |
| 22. | 30 टन क्षमता के आई.डी. फैन की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य | 14.06.2024 | 24.06.2024 | 25.06.2024 | 25.06.2024 | 10000/- |
| 23. | मैगनेटिक स्टीम फ्लोमीटर की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य | 14.06.2024 | 24.06.2024 | 25.06.2024 | 25.06.2024 | 20000/- |
| 24. | कापर लाइनर एवं एस.एस. वायरनेटिंग की आपूर्ति | 14.06.2024 | 24.06.2024 | 25.06.2024 | 25.06.2024 | 5000/- |
| 25. | निकिल स्क्रीन की आपूर्ति | 14.06.2024 | 24.06.2024 | 25.06.2024 | 25.06.2024 | 10000/- |
| 26. | मोटर रिवाइडिंग कार्य | 14.06.2024 | 24.06.2024 | 25.06.2024 | 25.06.2024 | 10000/- |

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

(जय प्रकाश)
पी.सी.एस.
प्रधान प्रबन्धक

## कूरियर पैकेट से 1.12 करोड़ का गांजा जब्त

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर में पुलिस और सीमा शुल्क विभाग ने कई कूरियर पैकेट से 1.12 करोड़ रुपये मूल्य का प्रसंस्कृत गांजा जब्त किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि यह जब्ती अहमदाबाद शहर अपराध शाखा और सीमा शुल्क विभाग द्वारा संयुक्त अभियान में की गई। अपराध शाखा के अनुसार, तस्कर डार्क वेब और अन्य सोशल मीडिया मंचों का उपयोग करके कूरियर के माध्यम से तस्करी कर रहे थे। डार्क वेब इंटरनेट का एक हिस्सा है जो लोगों को अन्य लोगों और कानून प्रवर्तन से अपनी पहचान छिपाने की सुविधा देता है। विभागों को सूचना मिली थी कि तस्कर लंच बॉक्स, खिलौने, शिशु देखभाल की वस्तुओं, कपड़ों, हेडफोन, एयर प्यूरीफायर आदि में नशीले पदार्थों को छिपाकर सीमा पार पहुंचाने के लिए डार्क वेब और अन्य सोशल मीडिया मंचों का उपयोग कर रहे हैं। एक संयुक्त टीम ने कई कूरियर पार्सल की पड़ताल की, जिनमें 3.75 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाला प्रसंस्कृत गांजा था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.12 करोड़ रुपये है। अपराध शाखा ने शुक्रवार को मामला दर्ज कर लिया।

- **सोशल मीडिया प्लेटफार्म डार्क वेब का उपयोग कर रहे थे तस्कर**

## समस्तीपुर में रेल की पटरी टूटी, बड़ा हादसा टला

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर के भोला टॉकीज रेल गुमती संख्या-53ए के समीप रेल पटरी टूट गई,हालांकि 13019 बाघ एक्सप्रेस ट्रेन चालक की सूझबूझ से दुघर्टना होने के बच गई।

रेल सूत्रों ने बताया कि समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर रेल खंड के भोला टॉकीज गुमटी संख्या-53 ए के पास अप लाइन की पटरी आज टूटी हुई थी। इसी दौरान बाघ एक्सप्रेस ट्रेन समस्तीपुर से चलकर मुजफ्फरपुर की ओर जा रही थी। समस्तीपुर के न्यू कॉलोनी मुहल्ला निवासी मो.शकील के पुत्र मो.शाहबाज की नजर टूटी पटरी पर पड़ी। उसने तुरंत अपने पास रखे लाल गमछे को दिखाना शुरू कर दिया। लाल गमछे को देखते ही ट्रेन के लोको पायलट विधासागर ने सूझबूझ से इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया,जिसके कारण एक बड़ी रेल दुघर्टना टल गई। गार्ड अरूण कुमार दुबे ने सूचना कन्ट्रोल को दी।सूचना पर रेलकर्मियों ने मौके पर पहुंच कर टूटे हुए पटरी को तत्काल ठीक किया इसके बाद ट्रेन मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुई।

# अजमेर को बीसलपुर से मिलेगा 2.6 टीएमसी अतिरिक्त पानी

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश के बाद अजमेर जिले को पेयजल सप्लाई के लिए 1041 करोड़ रुपये की योजना ने गति पकड़ ली है और इसके तहत अजमेर जिले को वर्तमान में मिल रहे पांच टीएमसी पानी के अतिरिक्त 2.6 टीएमसी पानी मिलेगा। इसके बाद अजमेर जिले को 7.6 टीएमसी पानी मिलने लगेगा।

अजमेर जिले को सप्लाई के लिए 28 करोड़ रूपये की लागत से इनटेक वैल का काम भी शीघ्र शुरू होगा। देवनानी ने जलदाय विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को अजमेर जिले के लिए बनी 1041 करोड़ की पेयजल योजना का काम शीघ्र शुरू करने और रूके हुए टेंडर जल्द जारी करने के निर्देश दिए है। उन्होंने जलदाय विभाग के मुख्य अभियंता तकनीकी संदीप शर्मा से इस संबंध में विस्तृत चर्चा कर दिशा-निर्देश जारी किए है। उन्होंने



- **1041 करोड़ रुपये की योजना पर तेजी से हो रहा कार्य**

बताया कि बीसलपुर योजना से अजमेर जिले को पेयजल सप्लाई के लिए 1041 करोड़ रुपये की विस्तृत योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत लम्बे समय से अटके टेंडर और कार्यादेश शीघ्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बीसलपुर योजना तृतीय चरण के तहत यह काम शुरू करवाए जाएंगे। अजमेर जिले को पेयजल सप्लाई के लिए 28 करोड़ रूपये की लागत से इनटेक वैल बनाया जाएगा। इस वैल के बनने से जिले को पेयजल सप्लाई और अधिक तेज होगी।

## रिश्वत लेने के आरोप में दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बहरोड़ थाने के प्रभारी और एक कांस्टेबल को शनिवार को रिश्वत में आईफोन लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरदा के अनुसार, बहरोड़ के थाना प्रभारी राजेश कुमार और एक उप निरीक्षक और कांस्टेबल अजीत सिंह को एक शिकायतकर्ता से एक आईफोन और 15,000 रुपये नकद मांगते देखा गया। उन्होंने बताया थाना प्रभारी ने एक आईफोन की मांग की थी, जबकि कांस्टेबल ने बहरोड़ पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में उसे आरोपी नहीं बनाने के लिए शिकायतकर्ता से 15000 रुपये की मांग की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद, आईफोन का एक पैकेट लेते थाना प्रभारी और कांस्टेबल को पकड़ लिया गया।

# अवैध धनांतरण मामले में किसी का बचाव नहीं करेगी सरकार

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- **मुख्यमंत्री सिद्धरमैया बोले- कानून के अनुसार की जाएगी कार्रवाई**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार अवैध धन हस्तांतरण मामले में किसी का बचाव नहीं करेगी तथा कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़े इस मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

राज्य में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अवैध धन हस्तांतरण मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की है। साथ ही, पार्टी ने अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र को बर्खास्त करने की भी मांग की है। सिद्धरमैया ने मंत्री नागेंद्र से जुड़े मामले और उन्हें पद से हटाने की मांग से संबंधित एक सवाल के जवाब में कहा, हम किसी को भी नहीं बचाएंगे। हम कानून के अनुसार कार्रवाई करेंगे। धन के अवैध हस्तांतरण का यह मामला तब सामने आया था, जब निगम के लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली थी। उनका एक सुसाइड नोट भी मिला था। इससे यह खुलासा हुआ था कि निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये का अनधिकृत हस्तांतरण किया गया और उसमें से 88.62 करोड़ रुपये अवैध रूप से विभिन्न खातों में स्थानांतरित किए गए, जो जानी-मानी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और हैदराबाद स्थित एक सहकारी बैंक से संबंधित थे।

## एक नजर

### ओडिशा में कंटाबांजी के पास मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतरे

**भुवनेश्वर।** पूर्व तटीय रेलवे (ईसीओआर) के संबलपुर मंडल में कंटाबांजी स्टेशन के पास शुक्रवार की रात मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतर गये जिससे अप और डाउन लाइनों पर ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो गयी। ईसीओआर के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के बाद रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। आवश्यक सुधारकार्य के बाद सुबह 07.00 बजे तक ट्रेन सेवाएं बहाल कर दी गयी। इस बीच जूनागढ़ रोड से आज रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 08276 जूनागढ़ रोड-रायपुर एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया।

### रांची में मिट्टी धंसने से दो महिलाओं की मौत

**रांची।** झारखंड के रांची जिले में शनिवार को मिट्टी धंसने से हुई दुर्घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई और दो अन्य को बचा लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना राजधानी रांची से लगभग 35 किलोमीटर दूर बेरो थाना क्षेत्र के बोडा गांव में घटी। बेरो के पुलिस उपाधीक्षक अखिल कुजूर ने बताया, चार महिलाएं मिट्टी खोद रही थीं, तभी मिट्टी का एक हिस्सा धंस गया। इस घटना में 40 और 23 वर्ष की दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 22 और 23 साल की दो अन्य महिलाओं को बचा लिया गया।शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### तरण ताल में बच्ची के डूबने के बाद रिसॉर्ट मालिक के पर केस

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक रिसॉर्ट के तरण ताल में डूबने से सात वर्षीय बच्ची की मौत होने के बाद इसके मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि रिसॉर्ट के मालिक रोमन जे. डिमेलो पर लापरवाही से मौत के मामले में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुंबई के भांडुप इलाके की रहने वाली सात वर्षीय बच्ची 29 मई को पालघर जिले के रणगांव स्थित रिसॉर्ट के तरण ताल में डूब गई। बच्ची अपनी दादी के साथ गई थी। बच्ची ने 14 अन्य लोगों के साथ तैराकी का आनंद लिया। बाद में, उसकी दादी और अन्य लोग दोपहर एक बजे के आसपास भोजन करने के लिए चले गए, लेकिन लड़की पानी में ही रही और डूब गई।

# असम में बाढ़ से अब तक 12 की मौत, कई ट्रेनें प्रभावित

## सबसे ज्यादा प्रभावित कछार जिले में बंद किए गए शैक्षणिक संस्थान

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और 11 जिलों में 3.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। राज्य में 28 मई से बाढ़, बारिश और तूफान के कारण जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 12 पहुंच गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि चक्रवात रेमल के परिणामस्वरूप हुई भारी बारिश के कारण राज्य के कई हिस्सों में सड़क एवं रेल संपर्क कट गया है। सर्वाधिक प्रभावित कछार जिले में, मौसम की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर सभी शैक्षणिक संस्थान बंद हैं। हालांकि निर्धारित सेमेस्टर और पूरक परीक्षाएं कार्यक्रम के मुताबिक आयोजित की जाएंगी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार कार्बी आंगलोंग, धीमाजी, होजई, कछार, करीमगंज, डिब्रूगढ़, नगांव, हैलाकांडी, गोलाघाट, पश्चिम कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों में करीब 3.5 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। मेघालय में राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा बह जाने के कारण कई वाहन फंसे हुए हैं तथा बराक घाटी का राज्य और क्षेत्र के बाकी हिस्सों से सड़क संपर्क टूट गया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार, कई ट्रेनें रद कर दी गई हैं या उन्हें बीच में ही रोक दिया गया है। इस बीच, भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात रेमल के प्रभाव के कारण दक्षिण-पश्चिम मानसून अपने निर्धारित समय से पहले असम और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में प्रवेश कर गया है। राज्य के विभिन्न जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान किया गया है।



नगांव जिले में अपना सामान लेकर पानी से भरी सड़क से गुजरते लोग।

### 3000 लोगों ने राहत शिविर में ली शरण

करीब 3,000 लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है, वहीं जोखिम वाले इलाकों में फंसे लोगों को निकालने में कई बचाव एजेंसियां जुटी हुई हैं। कछार जिले में 1,19,997 लोग प्रभावित हुए हैं। इसके बाद नगांव 78,756, होजई 77,030 और करीमगंज 52,684 लोग प्रभावित हुए हैं। लगातार बारिश होने के कारण बराक घाटी और दीमा हसाओ में रेल और सड़क संपर्क बाधित हो गया है।

## ओडिशा में वन्यजीव अपराधी को तीन साल की सजा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बारागढ़ उपमंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शनिवार को एक वन्यजीव आरोपी को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा के तहत दोषी करार देते हुए तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 10 हजार का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, बरगढ़ जिले के खजुरिया गांव निवासी सत्यभान साहू को 24 नवंबर, 2020 को भुवनेश्वर के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने गिरफ्तार किया था और उसके कब्जे से तेंदुए की खाल के साथ-साथ अन्य वन्यजीव उत्पाद बरामद किये थे। जांच के बाद, आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। जांच के दौरान, जब्त तेंदुए की खाल को जैविक रासायनिक जांच के लिए भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूएलआई) देहरादून भेजा था।

# भिवानी में जिमनास्टिक खिलाड़ी की हत्या, चार के खिलाफ केस

**भिवानी, एजेंसी**

- **आरोपियों ने रात में फोन करके घर से बुलाया, अगली सुबह तालाब में मिला शव**

हरियाणा के भिवानी में जिमनास्टिक के एक खिलाड़ी की कथित तौर पर तालाब में डुबोकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सिटी थाने के सहायक उप निरीक्षक राज सिंह ने बताया कि भिवानी के डाना रोड दादरी गेट निवासी पंकज ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका छोटा भाई राहुल जिमनास्टिक खिलाड़ी था और उनकी जीतू पतित पावन स्कूल के पास टायर पंचर की दुकान है। उन्होंने बताया कि पंकज ने अपनी शिकायत में कहा कि 31 मई की रात 10 बजे वह दुकान बंद करके अपने घर चला गया, तभी राहुल का फोन आया कि वह अपने दोस्त विवेक के घर जा रहा है। पंकज ने अपनी शिकायत में बताया कि उसे पता चला की रात के समय प्रदीप,अंकित, दीपक, विवेक और अन्य लड़के साथ थे और उन्होंने शराब पी थी। सुबह विवेक के परिचित मोहित के पास फोन आया कि राहुल सोरे वाला मंदिर के पास बिछुवान जोहड़ में डूब गया है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने खिलाड़ी का शव तालाब से निकला और शनिवार शाम को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## पुरी पटाखा विस्फोट में मृतकों की संख्या 9 हुई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में पटाखों में विस्फोट की घटना में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर नौ हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न अस्पतालों में 21 लोग उपचाराधीन हैं।

पुरी में बुधवार शाम भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में हुए विस्फोट में 30 लोग घायल हो गए थे। अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात से तीन घायलों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

# मप्र में नाव पलटने से पांच बच्चों समेत सात की मौत

**श्योपुर (मप्र), एजेंसी**

- **तूफान या भंवर के कारण नाव पलटने की आशंका**

मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में शनिवार को सीप नदी में 11 लोगों को ले जा रही एक नाव के पलट जाने से पांच बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर मानपुर में शाम 4:30 बजे हुई इस घटना में चार अन्य लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने कहा, सात मृतकों में 4-15 आयु वर्ग के पांच बच्चे, 35 वर्षीय एक पुरुष और 30 वर्षीय एक महिला शामिल हैं। ये स्थानीय निवासी थे। वे एक व्यक्ति की मौत पर शोक व्यक्त करने के लिए पास के गांव में आए थे। स्थानीय निवासियों के अनुसार तूफान या भंवर के कारण नाव पलट गई होगी। जीवित बचे लोगों ने बताया कि नाव में 11 लोग सवार थे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अधिकारियों से युद्ध स्तर पर खोज और बचाव अभियान चलाने को कहा और राज्य के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया।

## नाले में गिरा ढाई साल का बच्चा, मौत

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई में शनिवार को घर के पास खुले नाले में गिरने से ढाई साल के बच्चे की मौत हो गयी।

वसई विरार नगर निगम के दमकल अधिकारी ने बताया कि यह घटना उमाले फाटा स्थित लोहिया झुग्गी बस्ती कॉलोनी में हुई। बच्चे की पहचान नरेन्द्र गोरीवाले के रूप में हुई है। वह उस समय पानी से भरे हुए नाले के पास गया जब उसके माता-पिता काम पर गए थे और उसकी दादी खाना बनाने में व्यस्त थी। बालक फिसलकर नाले में गिर गया। जब उसकी दादी ने उसे घर में नहीं देखा तो शोर मचाया, नाले में से उसका शव बरामद किया।

## बिल का भुगतान नहीं मिलने पर ठेकेदार ने की आत्महत्या

**दावणगेरे।** कर्नाटक में राज्य सरकार के एक निकाय के लिए किए गए काम के बिलों का भुगतान न होने के कारण एक ठेकेदार ने आत्महत्या कर ली।

पुलिस के मुताबिक, ठेकेदार पीएस गौदर ने 27 मई को आत्महत्या की और एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों और कर्नाटक ग्रामीण अवसंरचना विकास लिमिटेड (केआरआईडीएल) को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया। गौदर ने सुसाइड नोट में आरोप लगाया कि उसके परिवार के सदस्यों ने पैतृक संपत्ति के मामले को लेकर उसे मानसिक तनाव दिया। इसके अलावा चन्नागिरी तालुक के संतेबेन्नूर में कृषि विभाग के परिसर में उनके द्वारा पूरे किए गए कार्यों के बिलों का भुगतान नहीं किया गया। यह कार्य पिछले वर्ष केआरआईडीएल द्वारा उन्हें सौंपा गया था।

# महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती के लिए अब पहले से कर सकेंगे प्लान

**भोपाल, एजेंसी**

मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती की बुकिंग व्यवस्था को और अधिक सुगम और पारदर्शी बनाया गया है, जिसके तहत नई व्यवस्था आज से लागू हो रही है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार नई व्यवस्था के तहत पहले आओ पहले पाओ के आधार श्री महाकालेश्वर मंदिर की वेबसाइट पर एक से 31 जुलाई तक के लिए नौ हजार 153 श्रद्धालुओं की भस्म आरती का आवेदन स्वीकृत किया गया है। अगस्त, सितंबर और अक्टूबर माह की बुकिंग भी ओपन रहेगी। नई व्यवस्था के तहत अब श्रद्धालु पहले से ही अपनी भस्म आरती प्लान सकेंगे। जिसमें हर माह की एक तारीख को अगले माह की भस्म आरती की बुकिंग जारी कर दी जाएगी।

### आधार और मोबाइल नंबर से होगी जांच

भस्म आरती बुकिंग के लिए पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। भस्म आरती बुकिंग के लिए प्राप्त रिक्वेस्ट की मॉनिटरिंग होगी। आधार नंबर और मोबाइल नंबर की जांच कर देखा जाएगा कि संबंधित द्वारा भस्म आरती बुकिंग का दुरुपयोग न हों।

- **मोबाइल पर आएगी बुकिंग की जानकारी, 24 घंटे में जमा करना होगा शुल्क**

साथ ही उसके आगामी 3 माह के लिए भस्म आरती की बुकिंग खुली रहेगी। श्रद्धालुओं को अपनी भस्म आरती बुकिंग की जानकारी मोबाइल नंबर पर भेजी जायेगी, जिसके बाद उन्हें 24 घंटे के अंदर निर्धारित शुल्क जमा कर अपने पास जनरेट करने होंगे। 24 घंटे के अंदर पास नहीं जनरेट करने पर श्रद्धालु की रिक्वेस्ट कैंसल कर दी जाएगी और वेटिंग लिस्ट की मैरिट के आधार पर श्रद्धालु की रिक्वेस्ट स्वीकार की जाएगी। श्रद्धालु अपनी भस्म आरती की बुकिंग के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट श्रीमहाकालेश्वर डॉट कॉम पर जाकर भस्म आरती के एडवांस बुकिंग के ऑप्शन पर क्लिक कर अगस्त, सितंबर और अक्टूबर माह के लिए अपनी भस्म आरती बुक कर सकते हैं। भस्म आरती की बुकिंग की पुरानी व्यवस्था में 15 दिन पहले भस्म आरती बुक की जाती थी, इसे 15 जून तक पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा। इसके पहले पोर्टल खोलते ही 10 से 15 मिनट में भस्म आरती बुकिंग फुल हो जाती थी, जिससे श्रद्धालुओं को काफी असुविधा होती थी।


**हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड**

HINDUJA HOUSING FINANCE

मुख्य व्यवसायिक कार्यालय : नं. 167-169, दूसरी मंजिल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015
क्षेत्रीय कार्यालय : पहली मंजिल, एस.आर.पी. कॉम्पलेक्स, कर्मचारी नगर, बरेली-243001

**नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट-IV-A) (नियम 8(6))**

वित्तीय प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एचएचएफ) के पास गिरवी रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री, जिसका कॉरपोरेट कार्यालय 167-169, दूसरी मंजिल, लिटिल माउंट, सैदापेट, चेन्नई-600 015 है। बरेली-243001 का और शाखा कार्यालय:-हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड-पहली मंजिल, एसआरपी कॉम्पलेक्स, कर्मचारी नगर, संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद ''अधिनियम'')। जबकि एचएचएफ के अधिकृत अधिकारी (''एओ'') ने निम्नलिखित ऋण खातों/संभावित संख्याओं में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्तियों पर कब्जा कर लिया था, उन्हें बेचने के अधिकार के साथ रुपये की बकाया राशि की वसूली के लिए ''जैसा है जहां है आधार और जैसा है जो है आधार'' पर। 35,30,752/- बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट: https//bankauctions.in/ पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणकर्ता/ सह ऋणकर्ता/ जमानती | मांग नोटिस दिनांक व धनराशि | अचल सम्पत्ति/सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण | सांकेतिक कब्जे का दिनांक | आरक्षित मूल्य / अग्रिम धनराशि जमा (ई.एम.डी.) / बिड वृद्धि राशि | नीलामी की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्री देवेन्द्र यादव (ऋणकर्ता) 2. श्रीमती नीतू यादव (सह ऋणकर्ता) | 11.07.2024 35,30,752/- रुपये +ब्याज व अन्य खर्चे; कुल बकाया धनराशि 35,30,752/- दिनांक 11.07.2023 तक | स्थित- मकान नं 6, नगरिया परीक्षित, तहसील व जिला बरेली जो खसरा नं. 75/1, 75/2, 77, 78, 79/1 का भाग है। जिसका क्षेत्रफल 72.74 वर्ग मी. है। **सीमायें : उत्तर**-रास्ता 12 फिट चौड़ा, **दक्षिण**-अन्य का मकान, **पूरब**-मकान नं. 05, **पश्चिमी**-मकान नं. 07 | 29/09/2023 | ₹ 30,60,000/- / ₹ 3,06,000/- / ₹ 10000/- | 03.07.2024 11:00 बजे से 13:00 बजे तक |
| | | | ई.एम.डी. अंतिम तिथि 01.07.2024 सायं 5 बजे तक; सम्पत्ति के निरीक्षण की दिनांक : 28.06.2024 प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक | | | |
| | भुगतान का प्रकार: क्रमांक 1 के लिए सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बरेली में देय डिमांड ड्राफ्ट द्वारा या आरटीजीएस/एन एफटी के माध्यम से किया जाएगा। खातों का विवरण इस प्रकार है: (ए) खाते का नाम: -हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड। (बी) बैंक का नाम: एचडीएफसी, (सी) खाता संख्या:-HHFLTDUPLKNBRLYA978d, (डी) आईएफएससी कोड:-HDFC0004989 | | | | | |
| 2. | 1. श्री मेराज खान (ऋणकर्ता) 2. श्रीमती बानो बेगम (सह ऋणकर्ता) | 28.01.2023 31,35,799/- रुपये +ब्याज व अन्य खर्चे; कुल बकाया धनराशि 31,35,799/- दिनांक 28.01.2023 तक | सम्पत्ति स्थित- नगरिया, तहसील व जिला बरेली मौजा- नगरिया परीक्षित, थाना एन.के.पी. जो खसरा नं. 75/1, 75/2, 77, 78, 79/1 का भाग है। जिसका क्षेत्रफल 74.74 वर्ग मी. है। **सीमायें : उत्तर**-रास्ता 12 फिट चौड़ा, **दक्षिण**-अन्य का प्लॉट, **पूरब**-मकान नं. 03, **पश्चिम**-मकान नं. 05 | 02/11/2023 | | |
| | | | ई.एम.डी. अंतिम तिथि 01.07.2024 सायं 5 बजे तक; सम्पत्ति के निरीक्षण की दिनांक : 28.06.2024 प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक | | | |
| | भुगतान का प्रकार: क्रमांक 1 के लिए सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बरेली में देय डिमांड ड्राफ्ट द्वारा या आरटीजीएस/एन एफटी के माध्यम से किया जाएगा। खातों का विवरण इस प्रकार है: (ए) खाते का नाम: -हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड। (बी) बैंक का नाम: एचडीएफसी, (सी) खाता संख्या:-HHFLTDUPLKNBRLYA936d, (डी) आईएफएससी कोड:-HDFC0004989 | | | | | |

**ऑनलाईन ई-नीलामी के नियम व शर्तें :-**

1. जो "जैसा है जहां है, जो कुछ भी है और बिना संसाधन के आधार पर" बेचा जाता है। चूँकि बिक्री किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना होती है।
2. संपत्ति/परिसंपत्तियों का विवरण द्धअर्थात ई-नीलामी बिक्री नोटिस में निर्दिष्ट सीमा और माप सुरक्षित लेनदार की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है और सुरक्षित लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। वास्तविक विस्तार और आयाम भिन्न हो सकते हैं।
3. सुरक्षित ऋणदाता द्वारा जारी ई-नीलामी बिक्री नोटिस आम जनता को अपनी बोलियां प्रस्तुत करने के लिए एक निमंत्रण है और यह सुरक्षित ऋणदाता की ओर से किसी भी प्रतिबद्धता या किसी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे बोली जमा करने से पहले सुरक्षित लेनदार के साथ स्वामित्व विलेख की प्रतियों का अध्ययन करें और संपत्ति/परिसंपत्तियों के स्वामित्व और वर्तमान स्थिति और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/बकाया के बारे में स्वयं स्वतंत्र पूछताछ/उचित परिश्रम करें।
4. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट : https://bankauctions.in के माध्यम से ''ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड'' के माध्यम से होगी या ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से नीलामी की पूरी प्रक्रिया की व्यवस्था और समन्वय करके नीलामी प्रदान की जाएगी। सेवा प्रदाता मेसर्स 4 क्लोजर, जो करेगा।
5. बोलीदाता अपनी पसंद के स्थान से बोली लगाने के लिए ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी बोलीदाता को स्वयं सुनिश्चित करनी होगी। सुरक्षित ऋणदाता/सेवा प्रदाता को इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, स्वयं के सिस्टम क्रैश, बिजली विफलता आदि के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। ई-नीलामी पर मदद, प्रक्रिया और ऑनलाइन बोली लगाने के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता मेसर्स 4 क्लोजर से संपर्क कर सकते हैं। 605ए, छठी मंजिल, मैत्रीवनम कॉमर्शियल
6. विवरण के लिए, कॉम्प्लेक्स, अमीरपेट, हैदराबाद 500038 (संपर्क व्यक्ति: श्री भारती राजू फोन नंबर 8142000735, श्री सुबाराव फोन नंबर: 8142000061 मेल: Subbarao@bankauctions.in, मेल. bharthi@bankauctions.in में भाग लेने के लिए ई-नीलामी बिक्री के इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम https://bankauctions.in/ पर पंजीकृत करना चाहिए। पहले से ही उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर लेंगे। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सेवा प्रदाता से पासवर्ड प्राप्त होने पर तुरंत उसे बदल लें।
7. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य का 10] (जैसा कि ऊपर बताया गया है) वापसी योग्य बयाना जमा (ईएमडी) जमा करना होगा, जो इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा डिमांड ड्राफ्ट / एन एफटी / आरटीजीएस के माध्यम से देय होगा। हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड" 21-09-2023 को या उससे पहले।
8. इच्छुक बोलीदाताओं को विधिवत भरा हुआ बोली (फॉर्म https://bankauctions-in/ पर उपलब्ध प्रारूप) के साथ एक सीलबंद लिफाफे में एमडी के लिए डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। प्राधिकृत अधिकारी एचएचएफ क्षेत्रीय कार्यालय को संबोधित हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 9वीं मंजिल, यूनिट नंबर- 910, प्लॉट नंबर-टीसी/जी-2/2 और टीसी/जी-5/5, साइबर हाइट्स, विभूति खंड, गोमतीनगर, लखनऊ, यूपी-226010। 01-07-2024 को शाम 05:00 बजे तक। सीलबंद लिफाफे के ऊपर '' श्री देवेन्द्र यादव की संपत्ति के लिए ऋण खाता संख्या UP/LKN/BRLY/A000000978 (जैसा कि ऊपर बताया गया है) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए बोली'' लिखा होना चाहिए।
9. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी अपने द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेगा और योग्य बोलीदाताओं (जिनके पास है) के विवरण की पुष्टि करेगा। आरक्षित मूल्य से अधिक पर अपनी बोलियां उद्धृत की और सेवा प्रदाता मेसर्स 4 क्लोजर को सुरक्षित ऋणदाता के साथ निर्दिष्ट ईएमडी का भुगतान किया ताकि वे केवल उन्हीं को अनुमति दे सकें बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित तिथि और समय पर ऑनलाइन परस्पर बोली/नीलामी कार्यवाही में भाग लेना होगा। योग्य बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोली योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से शुरू होगी। परस्पर बोली की प्रक्रिया के दौरान असीमित विस्तार होगा।
10. प्रत्येक ''10'' मिनट, यानी ई-नीलामी का अंतिम समय स्वचालित रूप से हर बार 10 मिनट तक बढ़ाया जाएगा यदि बोली अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर लगा जाती है।
11. एक बार बोली लगाने के बाद उसे रद्द या वापस नहीं लिया जाएगा। बोली लगाने वाले को दी गई यूजर आईडी से लगाई गई सभी बोलियां अकेले उसके द्वारा लगाई गई मानी जाएंगी।
12. ई-नीलामी की कार्यवाही बंद होने के तुरंत बाद, उच्चतम बोली लगाने वाले को प्राधिकृत अधिकारी, श्री अरुण कुमार सिंह (आरएलएम), क्षेत्रीय कार्यालय संख्या हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस को -मेल द्वारा अपने द्वारा उद्धृत बोली की अंतिम राशि की पुष्टि करनी होगी। लिमिटेड - 9वीं मंजिल, यूनिट नंबर-910, प्लॉट नंबर -टीसी/जी-2/2 और टीसी/जी-5/5, साइबर हाइट्स, विभूति खंड, गोमतीनगर, लखनऊ,
13. यूपी-226010 एवं सेवा प्रदाता को ई -नीलामी विक्रय कार्यवाही में सफल बोलीदाता घोषित किये जाने हेतु। सफल बोली लगाने वाले को बिक्री के उसी दिन बोली राशि का 25] (ईएमडी सहित) जमा करना होगा, जो उसके पक्ष में होगा और शेष 75] बोली राशि 15 के भीतर जमा करनी होगी। हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में डीडी/पे ऑर्डर/एन एफटी/आरटीजीएस/सीएचक्यू द्वारा बिक्री की तारीख से कुछ दिन।
14. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित समय के भीतर उपरोक्त निर्धारित राशि के भुगतान में चूक की स्थिति में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और राशि पहले ही भुगतान किया गया (ईएमडी सहित) जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
15. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी अपने पूर्ण विवेक से बोली राशि की शेष राशि जमा करने के लिए लिखित रूप में अतिरिक्त समय दे सकता है।
16. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 1] टीडीएस (बिक्री आय में से) का भुगतान करना होगा और अधिकृत अधिकारी को टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा और बिक्री की पूरी राशि जमा करनी होगी।
17. मूल्य (टीडीएस के लिए (1) की कटौती के बाद), अधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति के 15 कार्य दिवसों के भीतर, या ऐसे अन्य विस्तारित समय के भीतर ईएमडी को समायोजित करना प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उचित समझा जाएगा, अन्यथा गिर जाने पर बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। बिक्री प्रमाण पत्र जारी करने से पहले सफल बोलीदाता को नगरपालिका/पंचायत कर, बिजली बकाया (यदि को हो) और किसी अन्य प्राधिकरण बकाया (यदि को हो) का भुगतान करना होगा। संपत्ति से संबंधित सभी वैधानिक बकाया को ध्यान में रखते हुए बोलियां लगा जाएंगी।
18. संपूर्ण खरीद मूल्य/बोली राशि जमा करने और आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही सफल बोलीदाता के पक्ष में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। सभी करों/प्रभारों के भुगतान के संबंध में।
19. वाहन, स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क और अन्य आकस्मिक शुल्क के लिए लागू कानूनी शुल्क नीलामी क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा।
20. प्राधिकृत अधिकारी बिना को कारण बताए -नीलामी बिक्री कार्यवाही को स्थगित/रद्द कर सकता है। यदि निर्धारित ई-नीलामी बिक्री को बिक्री की निर्धारित तिथि से 30 दिन पहले किसी बाद की तारीख के लिए स्थगित कर दिया जाता है, तो इसे सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।
21. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और निर्ववाद है।
22. बोलियां जमा करने वाले सभी बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री के नियमों और शर्तों को पढ़ने और समझने वाला माना जाएगा और वे उनसे बंधे होंगे।
23. अधिक जानकारी और प्रश्नों के लिए, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी, श्री दीपक सिंह, मो. नंबर 9506011777.9453220448 से संपर्क करें।
24. यह प्रकाशन सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियमों के नियम 8(6) के अनुसार उपरोक्त ऋण खाते के उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटरों के लिए 30 (तीस) दिनों का नोटिस भी है। 2002, उपर्युक्त दिनांक/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के संबंध में।

**स्थान : बरेली**
**दिनांक : 02.06.2024**

**ऑथोराईस्ड अधिकारी**
**हिंदुजा हाउसिंह फाइनेंस लिमिटेड**

**विशेष निर्देश/सावधानी:** बोलीदाताओं को अपने हित में अंतिम मिनट/सेकंड में बोली लगाने से बचना चाहिए। ऐसे मामलों में बोली लगाने वाले की ओर से किसी भी चूक/विफलता (इंटरनेट विफलता, बिजली विफलता, आदि) के लिए न तो हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होंगे। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोली लगाने वालों से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था/विकल्प जैसे बैक-अप बिजली आपूर्ति और जो भी आवश्यक हो, करें ताकि वे ऐसी स्थिति से निपटने में सक्षम हों और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग लेने में सक्षम हों।

# प्राचीन राष्ट्र भारत


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई।

भारत प्राचीन राष्ट्र है,लेकिन कई यूरोपीय और देश के वाम विचार के विद्वान भारत को राष्ट्र नहीं मानते। इस विशाल देश में अनेक बोलियां, अनेक रीति रिवाज व अनेक भाषाएं हैं। वामपंथी इतिहासकार रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' में भारतीय संस्कृति को विलक्षण बताया है। यह शर्मा जी की लिखी सुंदर किताब है। उन्होंने लिखा है, "भारत अनेकानेक मानव प्रजातियों का संगम रहा है। प्राक् आर्य, हिन्द आर्य, यूनानी, शक, हूण और तुर्क आदि प्रजातियों ने भारत को अपना घर बनाया है। प्रत्येक प्रजाति ने भारतीय सामाजिक व्यवस्था,शिल्प कला, वास्तु कला और साहित्य के विकास में यथाशक्ति अपना अपना योग दिया है। सभी समुदाय और उनके सांस्कृतिक वैशिष्ट्य इस तरह मिल गए हैं कि उनमें से किसी को हम उनके मूल रूप में पहचान भी नहीं सकते।" यूनानी, शक, हूण आदि इस तरह मिल गए कि उन्हें पहचानना कठिन है। शर्मा ने इस घुलनशीलता का श्रेय मूल भारतीय आर्य संस्कृति को नहीं दिया। इस्लाम भारतीय समाज में घुल नहीं पाया। ब्रिटिशों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास परंपरा और दर्शन को परलोकवादी बताया। दुर्भाग्य से उनके निष्कर्ष यहां 'आधुनिक' कहे जाते हैं। यह चुनौती बड़ी है। देश में बाहर से आई प्रजातियों के योगदान की प्रशंसा उचित है। कला और साहित्य के विकास में भी उनके योगदान का उल्लेख सही है,लेकिन शर्मा जी ने यहां के मूल निवासी अभिजनों के रचनात्मक कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया है।

भारत में वैदिक काल में ही शिल्प, वास्तु और साहित्य का विकास हो चुका था। भारत के लोग राष्ट्रीय एकता के लिए सक्रिय रहे हैं। इसका मूल कारण उनके चित्त में सक्रिय सांस्कृतिक राष्ट्रभाव था। रामशरण शर्मा ने भी लिखा है, "भारत के लोगों ने इस विशाल उपमहाद्वीप को एक अखंड देश समझा। सारे देश को भरत नामक एक प्राचीन वंश के नाम पर 'भारतवर्ष' नाम दिया गया।" ऋग्वेद के अनेक ऋषि भरतजन हैं। ऋग्वेद में इनकी चर्चा है। शर्मा ने लिखा है, "हिमालय से समुद्र तक फैली यह भूमि को सार्वभौम राजा के द्वारा शासित क्षेत्र के रूप में कल्पित है। हिमालय से कन्याकुमारी तक। पूर्व में ब्रह्मपुत्र की घाटी से पश्चिम में सिंधु पार तक अपना राज्य फैलाने वाले राजाओं का व्यापक यशोगान किया है।" राष्ट्र यहां के निवासियों के लिए आराध्य रहा है। सो इस अखंड देश का राजा यशस्वी होना चाहिए। ऐसे राजा प्राचीन काल में चक्रवर्ती कहलाते थे। देश के बड़े भूभाग की राजनैतिक एकता का स्वप्न काल्पनिक नहीं था। ईसा पूर्व तीसरी सदी में अशोक ने अपना साम्राज्य सुदूर दक्षिणांचल को छोड़कर सारे देश में फैलाया। इसके पहले चन्द्रगुप्त मौर्य का शासन भी उल्लेखनीय है। चैथी सदी में समुद्रगुप्त की विजय यात्रा गंगा की घाटी से तमिल देश के छोर तक पहुंची थी। शर्मा ने याद दिलाया है कि राजनैतिक एकता के अभाव में भी सारे देश में राजनैतिक ढांचा कमोबेश एक जैसा था। इसका कारण संस्कृति है।

सांस्कृतिक एकता महत्वपूर्ण होती है। यहां सांस्कृतिक एकता मजबूत करने के प्रयास जारी रहे हैं। ईसा पूर्व तीसरी सदी में प्राकृत भाषा काफी बड़े हिस्से में प्रयुक्त होती थी। अशोक के शिलालेख प्राकृत और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए। शर्मा जी ने संस्कृत भाषा के संबंध में सही बात लिखी है, "बाद में संस्कृत ने प्रतिष्ठित स्थान पाया। संस्कृत देश के अधिकांश हिस्सों में राजभाषा के रूप में स्वीकृत थी।" प्राचीन भारत का इतिहास प्रेरक है। भारतीय विद्वानों ने हस्तलिखित महाकाव्यों और पुराणों आदि में अपने प्राचीन इतिहास को लगातार व्यवस्थित करने का काम जारी रखा,लेकिन यूरोपीय विद्वानों की शिकायत है कि प्राचीन भारत के इतिहास में इतिहास लेखन की यूरोपीय शैली नहीं मिलती।

ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई। भारत की विधि व्यवस्था पर अलग-अलग प्राचीन ग्रंथों में सामग्री थी। रामशरण शर्मा ने बताया है कि 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से किया गया। 1784 में कोलकाता में ईस्ट इंडिया कम्पनी के सिविल सर्वेंट विलियम जोंस (1746-1794) ने 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' नामक शोध संस्था की स्थापना की। दिलचस्प बात यह है कि जोंस ने 1789 में कालिदास के 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नामक नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। एक विद्वान विलकिंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी अनुवाद किया। एशियाटिक सोसाइटी काफी चर्चा में थी। मुम्बई में भी एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई और लंदन में भी। विलियम जोंस ने लिखा है कि मूलतः यूरोपीय भाषाएं संस्कृत और ईरानी भाषाओं से बहुत मिलती हैं। यह बड़ा तथ्य था। उन्होंने संस्कृत की प्रशंसा की।

जर्मनी, फ्रांस, रूस आदि यूरोपीय देशों में भारतीय दर्शन के प्रति विद्वानों में आकर्षण बढ़ा। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर (1823-1902) ने वैदिक साहित्य का अनुवाद किया। अंग्रेज 1857 के विद्रोह से परेशान थे। उन्हें अनुमान हो गया कि भारत जैसे विशाल देश पर राज करना आसान नहीं है। भारतीय परपंराओं और सामाजिक व्यवस्था का अध्ययन जरूरी था। ईसाई मिशनरी धर्मांतरण के लिए सक्रिय थे। वे भी हिन्दू धर्म की खामियां बढ़ा चढ़ाकर बता रहे थे। ईसाई धर्मांतरण का उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य की मजबूती था। लेकिन भारतीय दर्शन के प्रति पूरे यूरोप में रुचि बढ़ रही थी। मैक्समूलर के सम्पादन में प्राचीन भारतीय ग्रंथों का बड़ी मात्रा में अनुवाद हुआ। यह अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ दि ईस्ट' सीरीज में लगभग 50 खण्डों में संकलित है।

पाश्चात्य विद्वानों ने जानबूझकर निष्कर्ष निकाला कि प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और तिथि क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के आदी रहे हैं। वे आध्यात्मिक या पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे। पाश्चात्य विद्वानों ने कहा कि भारतवासियों को राष्ट्रीय भावना का अहसास नहीं था। ऐसे सारे निष्कर्षों के आधार पर विंसेंट स्मिथ की पुस्तक 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' चर्चा का विषय रहती है। उनका दावा है यह प्राचीन भारत का पहला सुव्यवस्थित इतिहास है। भारत के विरुद्ध सारे आरोप मिथ्या थे। कालिदास ने रघुवंश में राम के समय के इतिहास-बोध की चर्चा की है। भवभूति, कालिदास और राजशेखर ने रामायण को इतिहास बताया है। बौद्ध जातकों में अयोध्या के इक्ष्वाकुवंशीय मांधाता, दशरथ और राम का उल्लेख है। बौद्ध पंथ अंधविश्वासी नहीं है। राम भारत की श्रुति व स्मृति में हैं। कुछेक राजनेता, वामदल और विद्वान राम को इतिहास नहीं मानते। दरअसल भारत ने यूरोपीय तर्ज पर इतिहास संकलन नहीं किया। अलबरूनी का भी आरोप था-"हिन्दू चीजों के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते, वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।" भारत ने राजाओं की विवरणी नहीं बनाई। भारतीय इतिहासकारों का मुंह भविष्य की ओर था। उन्होंने इतिहास से अनुकरणीय पात्र छाटें, उन्हें काव्य और गीत बनाया। लोकस्मृति ने बुद्धि में सुरक्षित जगह दी और लोकमन ने हृदय में। राजा और राज्य बहुत हुए,लेकिन राम राज्य ने गांधी को भी मोहित किया। आधुनिकता अंग्रेजी सभ्यता की नकल नहीं हो सकती।

# प्रकृति से लड़ पाना अत्यंत कठिन

एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के समय भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की।


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लंबे अरसे से प्राकृतिक संसाधनों के साथ छेड़छाड़ का जवाबी प्रहार यह होने हो रहा है कि आसमान से आग बरसने लगी है। प्रचंड धूप से लोकतंत्र का महापर्व में मतदान भी प्रभावित हुआ है। तमाम प्रयासों के बावजूद मतदान में गिरावट के पीछे प्रकृति के प्रकोप को भी माना जा रहा है।

दरअसल प्रकृति के सबसे बड़े संरक्षक वृक्ष होते हैं। ऐसी भी प्रजाति के वृक्ष होते हैं,जो ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की प्रचंड और घातक किरणों को धरती पर आने से पहले खुद झेलकर अवशोषित तथा निष्प्रभावी कर देते हैं। जिस तरह देश की सीमाओं पर तैनात सेना के जवान दुश्मन राष्ट्र की ओर से होने वाले आघातों को रोकते हैं,ठीक उसी तरह की भूमिका पेड़ निभाते हैं और अंतरिक्ष से आने वाले घातक शत्रु-दल को निष्प्रभावी कर देते हैं,लेकिन विकास तथा आधुनिकीकरण के चलते पृथ्वी के संरक्षक वृक्षों पर सर्वाधिक प्रहार किया जा रहा है। जब अपने संरक्षक पर ही चोट होगी तब उसके घातक परिणाम भुगतने ही होंगे।

यदि देखा जाए तो पेड़ों का भी अपना परिवार होता है। एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के वक्त भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की। यदि पूरे वन-क्षेत्र में पेड़ न होते तो शायद श्रीराम को सीता का पता पाने में कठिनाई होती। पेड़ों को धरती पर रहने में सहयोगी भूमिका अदा करने के चलते भारतीय संस्कृति में पेड़ों की पूजा का विधान किया गया है। यहां तक हर मांगलिक कार्यक्रमों में 'स्वस्तिवाचन' मंत्रों को पढ़ते समय वनस्पतियों के साथ पंचभौतिक जल, अग्नि, औषधि, पृथ्वी, अंतरिक्ष आदि की शांति की कामना की जाती है। वृक्षों की पूजा में जलदान एवं खाद्य पदार्थ आदि के अर्पित करने के पीछे यही उद्देश्य रहा है कि पेड़ों की छत्रछाया में रहने वाले जीव-जंतु भी आहार प्राप्त कर सकें।

पेड़ों के कटने से ऐसे तमाम जीव-जंतु तथा विषाणु जिन्हें वृक्ष अपने अधीन रखते थे, वे मानव आबादी की तरफ भाग रहे हैं जिसका प्रभाव यह है कि बीमारियां बढ़ रही हैं और संक्रामक रोगों का आक्रमण भी हो रहा है। इन स्थितियों को देखते हुए ऋषियों द्वारा 'वसुधैव कुटुंबकम्' के बताए गए सिद्धांत के तहत पंच भौतिक तत्वों को भी कुटुंब का सदस्य मानना पड़ेगा वरना प्रकृति की जवाबी कार्रवाई को झेल पाना कठिन होगा।

# क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णत: विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए।



अब चुनाव नतीजे का इंतजार है। मैं उन व्यक्तियों में नहीं हूं,जो सोचते हैं कि यह चुनाव तय कर देगा कि देश में लोकतंत्र बचेगा या नहीं। या तय हो जाएगा कि भारत धार्मिक राष्ट्र बन जाएगा या सेकुलर रहेगा। मैं इतनी आसानी से कुछ भी होते नहीं देख पा रहा हूं, भले यह देश फिलहाल लोकतंत्र और सेकुलर भावना से काफी दूर चला गया है। जटिलताएं बढ़ी हैं। अतः इसी लोकसभा चुनाव से सब कुछ तय होने जा रहा है, ऐसा नहीं है। फिर भी क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का? बस यह देखने के लिए कि इस युग के एक बड़े ढोंग और पतन से हमारा देश कितनी ताकत से लड़ रहा था। वह कितना लड़ पाया,उसकी हजारों साल की उदात्त मानवीय ताकत और धार्मिक राष्ट्रवाद की सौ सालों की सामुदायिक ताकत में फिलहाल कौन भारी पड़ा?


हमें चुनाव के नतीजों से देखना यह है कि भारत ने अपनी भारतीयता को कितना पुनरुपलब्ध किया है और अभी 'भारतीय पुनर्निर्माण' के लिए आत्मनिरीक्षण, आत्मसुधार और संघर्ष करना कितना बाकी है। हमें इस पर सोचना है कि अब अधिक उदार होकर किस तरह पहले से ज्यादा मेहनत करनी होगी और भारतीय एकता के लिए अपने को सुधारना होगा, ताकि एक बड़ी समवेत आवाज बन सके।

स्पष्ट है, आगे का रास्ता किसी के लिए भी बड़ा कठिन है। एग्जिट पोल पर भरोसा न करके हमें चार जून का इंतजार करना चाहिए। हमारे लिए चुनाव के आंकड़े से ज्यादा महत्वपूर्ण है देश की विविधता, सामाजिक न्याय और बौद्धिक स्वतंत्रता की रक्षा। लोकतंत्र का सच्चा दर्पण उसकी भाषा है। लोकसभा चुनाव 2024 की बात की जाए तो चुनाव प्रचार में आज से पहले किसी लोकसभा चुनाव में इतनी लुटी-पिटी, खोखली और उन्मादपूर्ण भाषा नहीं थी। आज से पहले किसी चुनाव में इतने झूठ नहीं बोले गए थे। राजनीति कभी इतनी विपन्न नहीं थी। इस चुनाव में नेताओं के बड़प्पन की जगह हमेशा उनका बड़बोलापन ही दिखता रहा। बौद्धिक बल की जगह भौतिक बल प्रदर्शित हुआ।

पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णतः विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए गए। यह महान विचारों को अलविदा कहना है और संकुचित स्वार्थ की जयजयकार करना है।

मीडिया और अपने को सर्वाधिक तेज घोषित करने वाले न्यूज चैनल पहली बार इतनी बेशर्मी से सत्ताधारी दल का ढोल बने। वे खुद पार्टी प्रचारक बन गए। जिस देश में तर्क विस्थापित हो जाता है, वहां अंततः लोकतंत्र का भी विस्थापन हो जाता है। इस लोकसभा चुनाव में देश के नागरिकों ने अपने लोकतांत्रिक मताधिकार का उपयोग तो किया, पर आखिर भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया की एक कितनी अंधेरी दुनिया में पहुंचकर, इस पर सोचने की जरूरत है। जिस देश में भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया एक रक्ताक्त अंधेरे में पहुंचा दिए गए हों, उस देश में अंततः आम लोगों के लिए कितनी आजादी और सुख-शांति बची रहेगी, इस पर सोचा जा सकता है। यह चुनाव यह भी बताएगा कि आखिर इस सार्वभौम ढोंग और पतन से फिलहाल महान भारत कितना लड़ पाया और वह कितना दबा दिया गया। एक दूसरा दिलचस्प सवाल है,इतने तामझाम भरे प्रचार और सैकड़ों अरब खर्च करने के बावजूद देश में पिछली बार से औसतन 5-6 प्रतिशत वोट कम क्यों पड़ते रहे? अगर देश पहले से अधिक जाग्रत हुआ है तो वोट प्रतिशत बढ़ना चाहिए था।

# दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

कभी लगता है,यह दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ है। बिना किसी दिल-दिमाग के उगती-फैलती चली गई। इस ग्रोथ में हम बहुत बाद में आए। हम आए तो वाइल्ड ग्रोथ से ही,लेकिन आने के बाद इसे देखा (शायद पहली बार कोई इसे देख रहा था),महसूस किया और फिर इसे पालतू बनाने में लग गए। फिर कुछ लोग आए जिन्होंने इस पर अपनी अमलदारी का दावा कर दिया। बोले,मैंने (या मेरे आका ने) इसे बोया,सींचा और बड़ी किया,इसे फैलाया, तुमको भी बनाया। अब मेरे बताए रास्ते पर चलो, मेरा नाम जपते रहो,मेरे शुक्रगुजार बने रहो तो इसमें भटकोगे नहीं। अब वाइल्ड ग्रोथ तो भाई साहब वाइल्ड ग्रोथ। इसने दुनिया के सारे अमलदारों को ठेंगा दिखाया और अपने झाड़-झंखाड़ के रास्ते चलती रही। हमारा छोटा-सा दिमाग, वह भी आखिर उसी वाइल्ड ग्रोथ का हिस्सा। जितना कर सकते थे किया और दुनिया में कुछ लोगों के लिए ही सही थोड़ी चमक-दमक आई,रास्ता आसान हुआ। औरों के लिए भी आशा बंधी,लेकिन कुछ लोगों ने जो भी दिमाग था,उसे भी ताक पर रख दिया और आंख मूंदकर अमलदारों के बताए रास्ते पर चल पड़े। फिर तो जो होना था,वही हुआ। उन्हें बताया गया। रास्ता दुर्गम जंगल में ले गया और वहीं छोड़कर गुम हो गया। वे छाती पीट रहे हैं और वाइल्ड ग्रोथ और ग्रो कर रही है और वाइल्ड हो रही है। अमलदार से पूछते हैं तो कहता है,हमने तो रास्ता ठीक बताया था,तुम उससे भटक गए तो मैं क्या करूं, अब झेलो। अरे भाई! रास्ता बताते समय हमारी काबिलियत-नाकाबिलियत पर गौर क्यों नहीं किया? और नहीं किया तो किस बात के अमलदार! हम इस काबिल होते तो आपकी जरूरत ही क्या थी? लेकिन वही हाथ गहे की लाज,हम कह नहीं पाते किअपनी अमलदारी अपने पास रखो और रास्ता नापो। हमारे पास जितना भी दिमाग है,उसी से रास्ता खोजेंगे, नहीं तो अरुंझकर मर जाएंगे। किसी के एहसान के बोझ तले दबकर मरने की नौबत तो नहीं आएगी,लेकिन हम ठहरे आलसी और डरपोक। वाइल्ड ग्रोथ और वाइल्ड होती जा रही है। हम अमलदार से कुछ कह नहीं पाते। उसके बताए रास्ते को बिना देखे सही सिद्ध करने के लिए कट-मरते हैं,लेकिन जो भी दिमाग है उसे लगाकर अपने तईं रास्ता नहीं खोजते,न औरों को खोजने देते है। जब हमें बनाने वाला सांचा ही वाइल्ड है तो हम अपनी काबिलियत पर भी क्या भरोसा करें! नतीजतन,भेड़ियाधसान जारी है और जारी रहने वाली है।

# हत्या का अर्थ


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहुत सारे धर्मों में हत्या करने की मनाही है,लेकिन इसकी विवेचना ठीक से नहीं की गई है। हत्या का क्या अर्थ है? अगर बहुत विस्तृत अर्थ लिया जाए तो हत्या का अर्थ है किसी सजीव की जीवन-प्रक्रिया में व्यवधान करने के कार्य में शामिल होना,लेकिन इस परिभाषा के अनुसार आदमी जी ही नहीं सकेगा और खुद की हत्या का सचेष्ट दोषी होगा।

पौधे भी तो जीव हैं और उनके बीज भी जीव हैं। यह परिभाषा फूड सायकिल को तोड़ देगी तो ऐसा उपदेश निरर्थक है,लेकिन परिभाषा को विस्तृत रखना हमारी मजबूरी नहीं है। हम संकुचित परिभाषा पर सोचें। हम कल्पना करें कि किसी आदमी में अमुक गुणों का होना अनिवार्य है जिनमें वे गुण न हों वह होमोसैपियन या होमो इरेक्टस होने के बावजूद आदमी नहीं है। किसी व्यक्ति में उन गुणों के रहने की प्रक्रिया में बाधा पहुंचाना हत्या है। सज्ञान और सचेष्ट हत्या नहीं करनी चाहिए।

संकुचित परिभाषा के अनुसार आततायी वध के योग्य है। संगीन अपराधी को फांसी दी जा सकती है। युद्ध में दुश्मन को मारा जा सकता है। बकरे की बलि दी जा सकती है। मछली और चिकन खाया जा सकता है। हम देखते हैं कि सारे धर्मों में अंततः संकुचित परिभाषा ही ग्राह्य है। फर्क है उस लिस्ट में जो ह्युमेन क्वालिटीज और उसके स्कोप का वर्णन करते हैं।

# तापमान वृद्धि एक वैश्विक समस्या


डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों।

तापमान वृद्धि यद्यपि वैश्विक समस्या है तथापि भारत में तापमान वृद्धि की भयावह स्थिति को देखते हुए अब बड़े-बड़े जयघोषों को छोड़कर केन्द्र में नव सरकार बनते ही इसी वर्ष से सशक्त कानून बनाएं जाने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में विधिवत क्रियान्वयन की नितांत आवश्यकता है। अन्यथा की स्थिति में प्रतिवर्ष जिस द्रुतगति से तापमान बढ़ रहा है उससे अनुभव होता है अगले 10-15 वर्षों में भारत के कुछ नगर-महानगर और मैट्रो शहर जीव-मानवों के रहने योग्य नहीं रह पाएंगे।

फिर क्या करेंगे ऐसे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से और क्या करेंगे कथित जयघोषित विकसित भारत से और कैसे पहुंच पाएंगे 2047 तक? जब व्यक्ति को लेने के लिए शुद्ध प्राणवायु उपलब्ध नहीं हो पाएगी,जब व्यक्ति को पीने को जल नहीं मिल पाएगा और जब व्यक्ति 50-55 डिग्री सेल्सियस तापमान में जल रहा होगा। देश में बढ़ती हुई शिक्षित-प्रशिक्षित-युवा बेरोजगारी, कम होता कृषि क्षेत्र,राजनैतिक तुष्टिकरण, सरकारी शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था आदि को तो तापमान वृद्धि विषय पर गौण ही कर दीजिए। भारत के कई शहर आज जल रहे हैं, जलस्रोत सूख रहे हैं और लू चलने से लोग मर रहे हैं। इनको निम्नलिखित प्रमुख कारणों से रेखांकित किया जा सकता है- देश में जनसंख्या वृद्धि,देश में 1947-50 से ही अनियंत्रित एवं अनियोजित भौतिक विकास। राष्ट्रीय राजमार्ग ,एक्सप्रेस वे तथा सड़क मार्गों के कटान में कटने वाले लाखों पेड़ों के स्थान पर सड़क मार्ग के किनारे-किनारे पौधे लगाकर उसकी भरपाई करने का कानून आजतक न होना। अगले पांच वर्ष तक टेंडर में ही ठेकेदार की जिम्मेदारी तय न करना न ही संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय करना। बढ़ती जनसंख्या के कारण बढ़ती वाहन संख्या उनमें बढ़ता हुआ एसी प्रयोग,पैट्रोल-डीजल के बढ़ते हुए प्रयोग से बढ़ती हुई कार्बन डाइऑक्साइड गैस आदि का उत्सर्जन। सीमेंट और कंक्रीट का बढ़ता हुआ प्रयोग,घरों एवं सरकारी कार्यालयों में एसी का बढ़ता प्रयोग और उससे निकलने वाली गर्मी। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति सशक्त कानूनों का अभाव,वनों में आग लगाने वालों के लिए सशक्त कानून का अभाव,प्राकृतिक जीवन को छोड़कर कृत्रिम जीवन को अपनाने का प्रभाव जिस कारण खान-पान-परिधान आदि के लिए बढ़ती हुई कंपनी, कारखानों का आधिक्य,उनसे निकलने वाला धुआं, होने वाली ध्वनि विकृत तरंग आदि। प्राकृतिक,आध्यात्मिक और शांतिमय जीवन की अपेक्षा भौतिक-चकाचौंध मय जीवन को प्रधानता।

भारतीय राजनेताओं एवं उच्च वर्ग का भोग-भौतिक-विलासितापूर्ण जीवन, एक गाड़ी की जगह आगे-पीछे चलने वाली 40-50 गाड़ियां जिसमें खर्च होने वाला पैट्रोल-डीजल और उतनी गाड़ियों से निकलने वाली गैस। देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है,क्रय शक्ति बढ़ रही है, वेतन-भत्ते बढ़ रहे हैं,लोगों की आमदनी बढ़ रही,जिस कारण देश की अर्थव्यवस्था भी कुछ क्षेत्रों के कारण बढ़ रही है। आने वाले कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का भी जोर-शोर से जयघोष दिया जा रहा है,लेकिन लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। समाचार पत्रों में प्रतिदिन चार-चार पृष्ठ पानी के संकट से भरे पड़े हैं। लोगों को अपनी संपत्ति तुच्छ लग रही है,उच्च वर्ग,उच्च मध्यम वर्ग गर्मी से राहत के पाने के लिए अपनी लग्जरी गाड़ियां से बद्रीनाथ,केदारनाथ,गंगोत्री, यमुनोत्री आदि पर्वतीय क्षेत्रों में आकर पर्वतीय क्षेत्रों के तापमान को बढ़ाने में लगा है। कई सरकारें प्रसन्न मुद्रा में इसीलिए हैं कि उनका राजस्व बढ़ रहा है। अखबारों में वे स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे हैं,लेकिन जरा सोचिए हम और हमारी सरकारें अपनी भविष्य के लिए और आने वाली पीढ़ी के लिए क्या करने में लगे हैं?

आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों। स्वतंत्रता के बाद देश में नियोजित/ नियंत्रित विकास हुआ होता तो अवश्य ही देश तापमान वृद्धि में बहुत पीछे होता। विधि निर्माताओं की परवरिश माहौल के कारण आजतक देश में सशक्त कानून नहीं बन पाए। साथ ही उन लाखों देश के दल ध्वज वाहकों से भी आग्रह है कि कभी बंद कमरे में आप भी अपने साथियों से इस विपदा के विषय में बातें करें,क्योंकि इस तप्त विपदा में आप भी तप्त पीड़ित ही हैं,जो वर्तमान में अनुभव किया जा सकता है। अभी तापमान वृद्धि चरम पर है,इसीलिए केवल इसी समय जागरूक होने की आवश्यकता नहीं,अपितु आने वर्ष चौबीस घंटे प्रत्येक नागरिक को कानून के माध्यम से हो या चैतन्य स्तर से हो अब जागरूक हो ही जाना है। अन्यथा जीव मात्र का भविष्य कुछ ही वर्षों में संकट में जाएगा जिसका निराकरण तत्क्षण असंभव ही लगता है।

# ढूंढने होंगे रोजगार के अवसर


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

गर्मियों की छुट्टी बिताने आई अपनी नातिनों (ग्रैंड डॉटर्स) की जिद्द पूरी करने के लिए कई महीनों बाद मॉल का रुख करना पड़ा। बढ़े हुए तापमान से बचने के लिए गर्मियों में मॉल घूमना काफी भाता है। यही कारण है मॉल में भीड़ देखने को मिली। सबसे ज्यादा भीड़ खाने-पीने के स्टाल पर थी। दूसरी ओर बड़े-बड़े सुसज्जित चमचमाते शोरूम में इक्का-दुक्का ही ग्राहक दिखे।

इन बड़े शोरूम के एक युवा कर्मचारी से उसकी दिनचर्या के विषय में जानना चाहा तो उसने बड़े निराशा जनक तरीके से बताया की वो दो साल से वहा काम कर रहा है। प्रतिदिन 12 घंटे की ड्यूटी के बदले प्रतिमाह 10000 रुपये मिलते हैं। सीजन पर अच्छी सेल होती है तो मालिक की तरफ से थोड़ा बहुत इंसेंटिव के रूप में भी मिल जाता है। माह में केवल 4 छुट्टी ही मिलती है,अगर 10 मिनट लेट हो जाओ तो छुट्टी कट जाती है। अभी शादी नहीं हुई है। मां-बाप साथ रह रहे हैं। थोड़ी सी खेती होती है इसलिए गुजारा चल रहा है। कमोबेश यही हाल दूसरे युवा कर्मचारियों का दिखा। असंगठित क्षेत्र में अन्य जगह काम करने वाला युवा किस तरह से उपेक्षित है इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। अक्सर मीटिंग या अन्य अवसरों पर जब असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं से चर्चा होती रहती है तो पता चलता है सबसे बुरा हाल होटलों, अस्पतालों, दुकानों, पटरी पर काम करने वालो का है,कितनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों में उन्हें काम करना पड़ता है इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

भारत युवाओं का देश कहा जाता है। जहां जनसंख्या का 66 प्रतिशत में 35 वर्ष से कम के युवा है। भारत में श्रम बल में लाखों युवा काम कर रहे हैं,लेकिन रोजगार की संभावनाएं कम होती जा रही हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार बेरोजगारी की फोर्स में 83 प्रतिशत युवा है,जो या तो रोजगार तलाश रहे हैं या कोई छोटा-मोटा रोजगार कर गुजारा कर रहे हैं। इस युवा पीढ़ी की दुश्वारियां भी लगातार बढ़ रही हैं। पूंजीपतियों का फरमान काम के घंटे बढ़ाने के साथ-साथ उनकी निगाह इन लोगों को मिलने वाले साप्ताहिक अवकाश पर भी है। युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के अच्छे और सम्मानजनक अवसर ढूंढने होंगे तभी उनको निराशा से बचाया जा सकेगा।

## वाराणसी समेत कई लोस सीट पर मतदान व्यवस्था को लेकर आरोप-प्रत्यारोपों का रहा दौर

# चुनाव के अंतिम चरण में भी चली सत्तापक्ष-विपक्ष में खींचतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- कहीं पीठासीन अधिकारी तो कही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों पर लगे आरोप

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के दौरान भी सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच चुनावी व्यवस्थाओं को लेकर खींचतान चलती रही। शनिवार को उप्र. की 13 सीट के लिए चुनाव संपन्न हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी समेत कई लोस सीट पर मतदान व्यवस्था को लेकर विपक्ष की ओर से आरोपों का दौर रहा। भाजपा की तरफ से इन सभी आरोपों का खंडन करते हुए उल्टा कई क्षेत्रों में इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं पर ही अभ्रदता का आरोप लगाया।

मतदान के बीच उप्र. कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष व वाराणसी लोस. सीट से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार अजय राय ने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को नजरबंद कर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अजय राय ने लिखा, वाराणसी लोस. में प्रशासन द्वारा इंडी गठबंधन के नेताओं, कार्यकर्ताओं को घर पर नज़रबंद करके मतदान को प्रभवित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने लिखा, चुनाव आयोग कृपया यह संज्ञान ले कि हमारे गठबंधन के लोगों को चिन्हित करके ऐसा क्यों किया जा रहा है?

वहीं, देवरिया में सपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि वहां की तमकुही राज विधानसभा में बूथ संख्या 86 पर थाना अध्यक्ष द्वारा सपा बूथ एजेंट को बाहर कर दिया गया है। साथ ही फर्जी मतदान की आशंका है। वहीं सपा की एक एक्स पोस्ट सामने आयी जिसमें आरोप लगाया है कि मिर्जापुर लोकसभा के छानबे विधानसभा में बूथ संख्या 381 पर पीठासीन अधिकारी द्वारा भाजपा के पक्ष में स्वयं ही मतदान किया जा रहा है।

यह भी आरोप लगाया गया कि मिर्जापुर सीट के छानबे विधानसभा में बूथ संख्या 77, 78, 79 पर चौकी इंचार्ज द्वारा भाजपा नेताओं के साथ मिलकर सपा के सेक्टर इंचार्ज और कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता की गई है। उधर, बलिया सीट की जहूराबाद विधानसभा में बूथ संख्या 61, 63 पर धीमा मतदान होने की शिकायत भी चुनाव आयोग से की गई।

### सपा प्रमुख ने भी लगाया आरोप

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए दावा किया कि भाजपा की पराजय की पटकथा लिखने के साथ ही मतदाताओं ने सत्ता में आने का मार्ग सपा और इंडी गठबंधन के लिए प्रशस्त कर दिया। सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी एक संदेश में कहा कि अंतिम चरण के चुनाव में सत्ता के बल पर मतदाताओं को डराने धमकाने, मतदान में बाधा डालने के साथ पोलिंग एजेंट को धमकाने या भगा देने की तमाम शिकायतें भाजपा के खिलाफ दर्ज हुई हैं। उन्होंने सवाल किया कि मिर्जापुर छानवे विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 430, 431 पर प्रशासन ने सीसीटीवी क्यों बंद करा दिया? धीमी गति से मतदान के खिलाफ आवाज उठाने पर पडरौना में पूर्व प्रधान को गिरफ्तार करा दिया गया। बलिया में भी खराब ईवीएम में मतदान कराया गया।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पलटवार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने इंडी गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक पर प्रतिक्रिया दी कि वहां हार का ठीकरा फोड़ने के लिए ईवीएम, सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग और चुनाव आयोग की भूमिका को घेरने के लिए चर्चा हुई है। शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेताओं में साहस की कमी रही, इस कारण राहुल गांधी और अखिलेश यादव सभी 80 लोकसभा सीटों पर जाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाये। उन्होंने कहा कि चुनाव में जिस तरह से विपक्षी गठबंधन ने बंटवारे की राजनीति की, निम्न स्तर पर उतर कर भाषाई मर्यादायें लांघीं, उसका जवाब जनता ने भाजपा के समर्थन में मतदान करके दिया।

# इटावा सफारी में शेरनी नीरजा ने तीन शावकों को दिया जन्म

कार्यालय संवाददाता, इटावा



सीसीटीवी की निगरानी में शेरनी नीरजा।

**अमृत विचार :** इटावा लॉयन सफारी पार्क से बड़ी खुशखबरी मिली। बीती रात शेरनी नीरजा ने यहां तीन शावकों को जन्म दिया। पहले शावक का जन्म रात 9:50 बजे, दूसरा 10:50 बजे और कुछ घंटे के इंतजार के बाद रविवार सुबह तीन बजे शेरनी नीरजा ने तीसरे शावक को जन्म दिया। इस घटना से सफारी में खुशी का माहौल है। शेरनी नीरजा गर्भवती थी और डॉक्टरों ने डिलीवरी डेट 29 या 30 मई बताई थी। इस कारण उसे खास देखभाल और निगरानी में रखा जा रहा था।

नीरजा ने 31 मई और पहली जून की रात तीन शावकों को सफलता पूर्वक जन्म दिया। इनमें से एक शावक को नीरजा अपना दूध भी पिलाने लगी है। सफारी के निदेशक डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि शेरनी नीरजा और नवजात शावक पूरी सरह स्वस्थ हैं।

### सफारी में अब हो गए 16 बब्बर शेर

सफारी पार्क में तीन शावकों के जन्म लेने से अब बब्बर शेरों की संख्या 16 हो गयी है। दो सप्ताह पहले सफारी से एक शेर और एक शेरनी को गोरखपुर प्राणि उद्यान भेजा गया था। इसके बाद यहां 13 शेर-शेरनी रह गए थे।

## दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर ही बयाना राशि जब्त की जा सकती है

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खनन पट्टे के लिए जमा की गई बयाना राशि को जब्त करना गलत मानते हुए कहा कि खनन पट्टे के लिए जमा की गई बयाना राशि तभी जब्त की जा सकती है, जब जांच के दौरान किसी व्यक्ति के दस्तावेज झूठे या फर्जी पाए जाएं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने मेसर्स प्रज्ञासन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की याचिका को स्वीकार करते हुए विपक्षियों को 90 लाख रुपए की बयाना राशि वापस करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि शासनादेश दिनांक 9 अक्टूबर 2017 के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य में किसी भी व्यक्ति को 50 हेक्टेयर से अधिक कुल क्षेत्रफल के लिए दो से अधिक खनन पट्टे नहीं दिए जा सकते हैं। उक्त शर्त का उल्लंघन होने पर अंतिम पट्टा निरस्त कर दिया जाता है और उसके लिए जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाती है। कोर्ट ने विपक्षियों को याची द्वारा जमा की गई राशि लौटने का निर्देश दिया।

# कुत्तों के हमले से बचने को तालाब में कूदा युवक, डूबने से हुई मौत

## मॉर्निंग वॉक पर निकला था, अचानक कुत्तों का झुंड टूट पड़ा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** आशियाना में शनिवार सुबह टहलने निकले युवक पर कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया। दहशत में आकर युवक ने बचने के लिए तालाब में छलांग लगा दी। युवक को तैरना नही आता था, इलसिए डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक मृतक कुछ दिन पहले अपने भाई से मिलने के लिए हैदराबाद से आया था।

पुलिस के अनुसार औरांगाबाद जागीर में रहने वाले कासिम पीरा का छोटा भाई कासिम (25) हैदराबाद में एयरपोर्ट पर सुपरवाइजर था। सप्ताह भर पहले भाई से मिलने लखनऊ आया था। सुबह करीब 4 बजे वो टहलने निकला था। इसी दौरान कुत्तों का झुंड उसपर टूट पड़ा। इनसे बचने के लिए दौड़कर कासिम तालाब में कूद गया। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस पहुंची तो गोताखोरों को बुलाकर कासिम को बाहर निकाला गया तो मौत हो चुकी थी। उसके भाई पीरा ने बताया कि शनिवार शाम को ही उसे हैदराबाद वापस लौटना था। लेकिन सड़क पर घूम रहे खूंखार कुत्ते उसका काल बन गए।

### बढ़ते तापमान में हिंसक हो रहे कुत्ते

पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा का कहना है कि भीषण गर्मी का असर कुत्तों पर भी पड़ रहा है। इसकी वजह से सड़क पर घूमने वाले कुत्ते हिंसक हो रहे हैं। इनसे खुद का बचाव करना जरुरी है। घटना की जानकारी होते ही कैटल कैचिंग दस्ते को औरंगाबाद जागीर भेजा गया। वहां से नौ कुत्तों को पकड़कर जरहरा श्वान केंद्र भेजा गया। नसबंदी और टीकाकरण के बाद इन्हें छोड़ा जाएगा।

### अधिक गर्मी कुत्तों में बढ़ा रही व्याकुलता

पशु कल्याण अधिकारी का कहना है कि 35 से 37 डिग्री सेल्सियम तापमान तक कुत्ते सामान्य अवस्था में रहते हैं। 42 डिग्री के उपर पारा पहुंचने पर इनमें व्याकुलता बढ़ जाती है। इसकी वजह से हिंसक होकर राहगीरों पर हमला बोल देते हैं। उन्होंने बताया कि तीन साल में अभियान चलाकर 80 हजार कुत्तों को श्वान केंद्र पहुंचाया गया। यहां उनकी नसबंदी और टीकाकरण कराने के लिए उन्हें उसी इलाके में छोड़ा गया जहां से पकड़ा गया था। उनका कहना है कि कुत्तों का क्षेत्र बदलने से वे नई जगह पर वे और हिंसक हो जाते हैं।

## कन्या के खाते में भेजे जा सकते हैं गृहस्थी के दस हजार रुपये

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कन्या को गृहस्थी के लिए दिए जाने वाले दस हजार रुपये भी सीधे खाते में भेजे जा सकते हैं। हालांकि इसका निर्णय शासन स्तर पर होना है। जून या जुलाई में होने वाली कैबिनेट बैठक में इसका प्रस्ताव पारित हो सकता है। बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रदेश के कुछ जिलों से गड़बड़ियों की बात सामने आई थीं। बलिया में विवाह कर चुके व्यक्ति को भी लाभार्थी दिखाया गया था। साथ ही एक कन्या को बिना विवाह के ही योजना में शामिल किया गया था। मामले का खुलासा होने पर एक अधिकारी को निलंबित किया गया था। जबकि आठ अपात्र लाभार्थियों समेत नौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। योजना में फर्जीवाड़े की शिकायतें आने के बाद ही तय किया गया कि वर और वधु-पक्ष के पास-पड़ोस के पांच-पांच लोगों से गवाही कराई जाएगी। पड़ोस के लोग प्रमाणित करेंगे कि वर या वधु का विवाह नहीं हुआ है।

# एक ही मामले में दो विरोधाभासी आदेश पारित करने पर न्यायिक अधिकारी से जवाब-तलब

विधि संवाददाता,प्रयागराज



- गाजियाबाद के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश
- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को सुनिश्चित की

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को एक ही मामले में एक ही दिन दो विरोधाभासी आदेश पारित करने के लिए अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची को आर्थिक अपराध शाखा में शिकायत दर्ज करानी पड़ी और आईपीसी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी भी दर्ज करानी पड़ी। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद ने मानहानि मामले में दो विरोधाभासी आदेश पारित किए।

बता दें कि विभिन्न समाचार पत्रों में याची के खिलाफ समाचार प्रकाशित होने के कारण गाजियाबाद में याची के विरुद्ध विपक्षी अंकुर गर्ग द्वारा मानहानि का मुकदमा दाखिल किया गया था, जिसके सापेक्ष मजिस्ट्रेट ने दो विरोधी आदेश पारित किए।एक आदेश सीआरपीसी की धारा 203 के तहत शिकायत को खारिज करते हुए पारित किया गया। इसके बाद दूसरे आदेश में याची को आईपीसी की धारा 500 के तहत मानहानि के मुकदमे के लिए समन जारी किया गया। अंत में कोर्ट ने मानहानि के मुकदमे में याची के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्यवाही न करने का निर्देश देते हुए गाजियाबाद के मजिस्ट्रेट संदीप सिंह द्वारा पारित दो विरोधाभासी आदेशों के लिए उनसे जानकारी तलब की। मामले की अगली सुनवाई आगामी 9 जुलाई को सुनिश्चित की गई है।

# मतगणना स्थल पर ड्यूटी दे रहे सिपाही की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुरादाबाद पीएसी 23वीं वाहिनी में तैनात था सिपाही आदेश

**अमृत विचार :** रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में मतगणना स्थल पर ड्यूटी दे रहे पीएसी के सिपाही आदेश प्रजापति (32) की शनिवार दोपहर में मौत हो गई। कारण हीट स्ट्रोक बताया जा रहा है। उसे दस्त व सीने में दर्द की शिकायत पर लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सहारनपुर के सरसावा निवासी आदेश प्रजापति मुरादाबाद पीएसी 23वीं वाहिनी में जीडी लेखक के पद पर तैनात था। 11 मार्च को मुरादाबाद पीएसी की गारद लखनऊ आकर रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में रुकी थी। शनिवार दोपहर ड्यूटी के दौरान करीब 12.30 बजे उसे दस्त होने लगे। सिपाही ने सीने में दर्द के साथ कमजोरी की शिकायत की। इस पर साथी उसे लोकबंधु हॉस्पिटल ले गए। वहां से उसे सिविल अस्पताल रेफर किया गया, जहां पहुंचने के कुछ देर बाद सिपाही ने दम तोड़ दिया।

### शादी के बाद से नहीं मिली थी छुट्टी

आदेश 2019 में जीडी लेखक के पद पर भर्ती हुआ था। आदेश की शादी फरवरी में हुई थी। साथी सिपाहियों ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद ही ड्यूटी पर आ गया था। फिर सहारनपुर नहीं लौट सका था।

### न पंखा न कूलर

मतगणना स्थल पर ड्यूटी दे रहे पुलिस व पीएसी के सिपाहियों के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। रमाबाई रैली मैदान में ड्यूटी दे रहे सिपाहियों ने बताया कि यहां न पंखा लगा है और न कूलर। इस संबंध में पीएसी के बड़े अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

## सरकारी वकीलों के लिए बीमा योजना बनाने पर विचार करे सरकार: हाईकोर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार को सलाह दी है कि वह सरकारी वकीलों के लिए बीमा योजना बनाने पर विचार करे। इसके पूर्व न्यायालय ने पूछा था कि सरकार के पास हाईकोर्ट के सरकारी वकीलों के लिए ऐसी कोई योजना है जिससे दुर्घटना आदि की स्थिति में उनकी आर्थिक मदद की जा सके। इसके जवाब में न्यायालय को बताया गया कि फिलहाल ऐसी कोई स्कीम नहीं है। न्यायालय ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अधिवक्ता एचपी गुप्ता की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में हाईकोर्ट में तैनात नीरज चैरसिया के साथ हुई दुर्घटना के बाद इलाज में उनके परिवार के समक्ष आ रही आर्थिक समस्या का मुद्दा उठाया गया है।

# राम मंदिर ट्रस्ट के इंजीनियर को ईडी का फर्जी नोटिस

अयोध्या कार्यालय

- ईडी के सहायक निदेशक ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण की निगरानी और सहयोग के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से नियुक्त इंजीनियर जगदीश शंकर आफले को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का एक नोटिस मिलने का मामला प्रकाश में आया है। इंजीनियर की शिकायत पर प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ ज़ोन ने प्रारंभिक जांच में नोटिस फर्जी मिला। सहायक निदेशक ने अज्ञात के खिलाफ थाना राम जन्मभूमि में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के इंजीनियर जगदीश आफले को गत माह लेटर हेड पर जारी हुआ प्रवर्तन निदेशालय का नोटिस मिला था। परेशान इंजीनियर ने सहायक निदेशक प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ कार्यालय में पत्र के साथ नोटिस की छायाप्रति भेज जानकारी मांगी थी। जिसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने प्रारंभिक जांच की तो उनको नोटिस फर्जी मिला। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय लखनउ में सहायक निदेशक के पद पर तैनात रूचीन कुमार ने ट्रस्ट इंजीनियर के शिकायती पत्र व नोटिस की छाया प्रति के साथ थाना रामजन्मभूमि पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में सहायक निदेशक का कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय के लेटर हेड पर जारी नोटिस में किसी भी प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय का पता नहीं दिया गया है। हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी का जो नाम दर्शाया गया है, उस नाम का कोई अधिकारी उत्तर प्रदेश के किसी प्रवर्तन कार्यालय में तैनात नहीं है।

## वर्ग पहेली-88

**बाएं से दाएं**

2.1.जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2.बुरा।

4.बहुधा, प्राय:, अनेक बार, बार-बार।

5.1.किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2.विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।

8.सार्वजनिक इमारतों

10.1.साठ वर्ष की उम्र का होना 2.बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3.साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**


1.वह स्थान जहाँ चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।

3.किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।

6.1.पानी से सराबोर करना 2.खेत आदि को पानी से सींचना।

7.1.कठिनता से घुसना।

9.1.(भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2.कछारी भूमि।



### वर्ग पहेली -87 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | ■ | ■ | ■ | 2 स |
| ■ | ■ | ■ | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | ■ | ■ | ह |
| न | ■ | ■ | पि | ■ | 5 दे | ■ |
| फू | ■ | 6 उ | त | रा | व | ■ |
| ल | ■ | मा | ■ | ■ | रा | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 गु | हाँ | ज | नी |

## सुडोकू-1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 4 | 8 | | |
| 5 | | 9 | | | 3 | | 6 | |
| | 3 | | 9 | | 1 | | | 5 |
| | | 1 | | | | 9 | | 2 |
| 3 | 9 | | | | | | 1 | 7 |
| 7 | | 5 | | | | 4 | | |
| 1 | | | 6 | | 9 | | 7 | |
| | 4 | | 2 | | | 6 | | 1 |
| | | 8 | 5 | | | | | 9 |

### सुडोकू -166 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 3 जून 02.41 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-रेवती 3 जून 01.40 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष:** आज भाषा की मर्यादा का विशेष ध्यान रखें। लोग आपको गुस्सा दिलाने का प्रयास करेंगे। गुप्त शत्रु आपको काफी लंबा नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। ऋण लेने के कारण आपको परेशानी महसूस होगी।

**वृष:** आज परिवार का माहौल बहुत अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में अपेक्षा से बेहतर परिणाम मिलेंगे। नौकरी में आय बढ़ने की संभावना बन रही है। बच्चों को लेकर कोई समस्या दूर होगी। परिस्थितियों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे काफी आकर्षित हो सकते हैं।

**मिथुन:** आज प्रबंधन से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिलेगी। परिजन आपसे किसी गंभीर मामले पर चर्चा कर सकते हैं। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। मन में किसी बात को लेकर असुरक्षा हो सकती है। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** आज घर के बुजुर्ग आपसे काफी खुश रहेंगे। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। सेहत को लेकर सावधान रहें। धूप में निकलने से बचें। पैतृक संपति से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। प्राचीन विद्याओं को सीखने की रुचि मन में हो सकती है।

**सिंह:** आज कार्यक्षेत्र में डाटा अथवा सूचनाओं में त्रुटियां हो सकती हैं। अपने कम्प्यूटर या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी क्षमता से ज्यादा काम न करें। इससे एक तो आपके काम रुकेंगे दूसरा आपकी विश्वसनीयता में भारी कमी आ सकती है।

**कन्या:** आज अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। होटल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। नए कार्यों की शुरुआत की योजना बना सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको प्रबुद्ध लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**तुला:** आज अपने विरोधियों की गतिविधियों पर ध्यान रखना आवश्यक है। किसी अपरिचित व्यक्ति से आपको काफी मदद मिल सकती है। आप जॉब को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। मन में अज्ञात भय रहेगा। स्थान परिवर्तन को लेकर परिवार में चर्चा करेंगे।

**वृश्चिक:** आज व्यापारी अपने ग्राहकों को लेकर थोड़े कठोर हो सकते हैं। स्वार्थी भाव रखने के कारण कुछ लोग आपसे दूरी बनाने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक मामलों को तूल न दें। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**धनु:** आज व्यक्तिगत कार्यों के लिए आप दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। घर के सदस्य भी असंतुष्ट हो सकते हैं। अपने घर की चर्चा बाहर वाले लोगों से करना उचित नहीं होगा। विरोधी आपका नुकसान करने की योजना बना सकते हैं।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। यदि आप अपने प्रेमी को विवाह के लिए प्रपोज करना चाह रहे हैं तो दिन बेहद शुभ है। आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। संतान की उन्नति पर गर्व होगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आपका प्रभाव मजबूत होगा।

**कुंभ:** आज आप कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क करना चाहेंगे, किंतु ध्यान रखें गुप्त बातों को शेयर न करें। अनिर्णय की स्थिति में हैं तो अपने मित्रों से सहयोग ले सकते हैं। विवादित मामलों पर प्रतिक्रिया न करें। आप घर पर आराम करना पसंद करेंगे।

**मीन:** आज घर पर रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति पर निवेश करने के लिए समय शुभ है। नया कारोबार शुरू करने में सहयोगियों की मदद मिलेगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। कुछ अच्छी सूचनाएं मिलने से आपकी चिंता दूर होगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- लोहा — सुबह : 09.23
- गुरुदेव — शाम : 04.26

**Sony Max**
- आजा नचले — सुबह : 09.50
- हर दिल जो प्यार करेगा — शाम : 06.00

**Sony Pix**
- स्पाइडर मैन — सुबह : 10.29
- द अनहोली — रात : 07.26

**Zee Cinema**
- रॉकस्टार — सुबह : 10.00
- आप तो ऐसे न थे — रात : 07.20

**Colors Cineplex**
- जॉनी दुश्मन — दोपहर : 12.05
- स्पाई — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां-बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है?
बेटी – मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां- बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या?
बेटी खुश होके – हां मां बहुत पसंद है
मां – तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू- भाई समोसा खाएगा?
मिंटू- नहीं ,आज मेरा व्रत है।
चिंटू- भाई मेरी तरफ से है।
मिंटू- मीठी चटनी डालकर लाना

# मृत्यु से पहले दिया गया प्रामाणिक बयान दोषसिद्धि का हो सकता है एकमात्र आधार

## कांस्टेबल की पत्नी की हत्या का मामला: सजा बरकरार रखते हुए न्यायालय ने की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालत को विश्वास दिला सकने वाले 'मृत्यु-पूर्व प्रामाणिक बयान' पर भरोसा किया जा सकता है और यह बिना किसी पुष्टि के किसी आरोपी को दोषी ठहराने का एकमात्र आधार हो सकता है। महाराष्ट्र के बीड जिले में 22 साल पहले पुलिस कांस्टेबल पत्नी की हत्या के मामले में एक पूर्व सैन्यकर्मी की सजा बरकरार रखते हुए शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की।

अदालत की वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार न्यायालय ने कहा कि अदालत को मृत्यु-पूर्व बयान की सावधानीपूर्वक पड़ताल करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि यह सुसंगत एवं विश्वसनीय हो तथा किसी के सिखाने पर न दिया गया हो। इसने कहा-जब मृत्यु-पूर्व दिया गया बयान प्रामाणिक और अदालत को विश्वास दिला सकने वाला हो तो उस पर भरोसा किया जा सकता है तथा यह बिना किसी पुष्टि के दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा-हालांकि, इस तरह के मृत्यु-पूर्व बयान को स्वीकार करने से पहले अदालत को संतुष्ट होना चाहिए कि यह स्वेच्छा से दिया गया है, सुसंगत और विश्वसनीय है तथा किसी के सिखाने पर नहीं दिया गया है। एक बार जब इस तरह के निष्कर्ष पर पहुंच लिया जाए तो जैसा कि पहले भी कहा गया है कि यह सजा का एकमात्र आधार बन सकता है। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि महिला के साथ उसके पति और ससुराल के अन्य लोगों ने क्रूरता की थी। उसके हाथ-पैर बांधकर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दी गई।



### फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने भी रखा था बरकरार

निचली अदालत ने 2008 में पति को हत्या के मामले में दोषी ठहराया था और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी तथा 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। इस फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने महिला के मृत्यु-पूर्व बयान को वैध सबूत के रूप में स्वीकार करते हुए कहा कि सबूतों पर गौर करने के बाद इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता कि अपीलकर्ता अपराध करने का दोषी है। इसने कहा कि अपीलकर्ता को अपनी सजा पूरी करने के लिए दो सप्ताह के भीतर निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है।

### न्यायालय ने लैंगिक संवेदीकरण पर समिति का किया पुनर्गठन

**नआ दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अपनी लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, भारत के उच्चतम न्यायालय में लैंगिक संवेदनशीलता और महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) विनियम, 2013 के खंड 4(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में सभी सक्षम प्रावधानों के तहत, भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश हिमा कोहली 12 सदस्यीय समिति की अध्यक्ष हैं। इस समिति में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, अतिरिक्त रजिस्ट्रार सुखदा प्रीतम और वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा एवं महालक्ष्मी पावनी भी शामिल हैं।

# राहुल ने अग्निपथ योजना को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप करने का किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता ने पत्र लिखकर जवानों के परिवारों के साथ भेदभाव किए जाने का लगाया आरोप



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को अग्निपथ'योजना के खिलाफ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा और आरोप लगाया कि इस योजना के चलते वीरगति को प्राप्त होने वाले जवानों के परिवारों को दिए जाने वाले लाभ में भेदभाव हो रहा है। राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में अपवाद जरूरी है क्योंकि वह भारत के सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर हैं और यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करता है।

राष्ट्रपति को लिखे अपने दो पन्नों के पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि वह उन्हें देश की सेवा में अपना जीवन न्यौछावर करने वाले अग्निवीरों को न्याय प्रदान करने की अपील के साथ लिख रहे हैं। उन्होंने अपना पत्र साझा करते हुए कहा-नियमित सैनिकों की तुलना में हमारे मारे गए अग्निवीरों के परिवारों को दिए जाने वाले लाभों की प्रकृति और सीमा में भेदभाव पर आपको तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

कांग्रेस के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-यह अन्याय है। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के हमारे सहयोगियों ने अग्निपथ योजना का कड़ा विरोध किया है और सरकार बनने पर इसे रद करने का वादा किया है।

### जिला अधिकारियों को फोन पर धमका रहे हैं अमित शाह: रमेश

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को दावा किया कि गृहमंत्री अमित शाह मतगणना से पहले जिला अधिकारियों से फोन पर बात कर रहे हैं और यह अफसरों को धमकाने का प्रयास है। कांग्रेस के इस आरोप पर फिलहाल सरकार या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, निवर्तमान गृहमंत्री आज सुबह से ज़िला कलेक्टर से फोन पर बात कर रहे हैं। अब तक 150 अफसरों से बात हो चुकी है। अफसरों को इस तरह से खुल्लमखुल्ला धमकाने की कोशिश निहायत ही शर्मनाक है और अस्वीकार्य है।

### एक नजर

#### पंजाब में आप कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के अजनाला में बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने आम आदमी पार्टी (आप) के एक कार्यकर्ता दीपिंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और इस घटना में चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हमलावर अजनाला के लखुवाल गांव में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। अजनाला थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) बलबीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात जब कुछ लोग घर के बाहर बैठे थे उस दौरान यह घटना हुई।

#### कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में कल देर रात आग लग गयी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह आग पुलिस उपायुक्त कार्यालय तक फैल गयी जो थाना परिसर के समीप ही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि देर रात करीब 12 :45 बजे आग लगने के बारे में एक कॉल आयी जिसके बाद 12 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गयीं। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन थाने के 15 कमरे एवं पुलिस बैरक आग में क्षतिग्रस्त हो गए।

## अधिक पानी के लिए हरियाणा को निर्देश देने के अनुरोध संबंधी याचिका पर 3 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें हरियाणा को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त पानी को राष्ट्रीय राजधानी के लिए जारी करे, ताकि यहां का जल संकट दूर किया जा सके। उच्चतम न्यायालय की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ द्वारा मामले की सुनवाई किये जाने की संभावना है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया है।

## कटरा में तंबाकू की बिक्री और सेवन करने पर रोक

जम्मू, एजेंसी

- शहर की धार्मिक पवित्रता को देखते हुए आदेश जारी

जम्मू-कश्मीर में रियासी जिले के कटरा शहर के उप-मंडल में प्रशासन ने सभी तरह के तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने, रखने और सेवन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

रियासी के उपायुक्त विशेष पॉल महाजन ने जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए शनिवार को इस संबंध में एक आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, कटरा शहर श्री माता वैष्णो देवी का आधार शिविर है और हर साल एक करोड़ से अधिक लोग यहां आते हैं। कटरा शहर की धार्मिक पवित्रता को देखते हुए कटरा शहर के आठ किलोमीटर के दायरे में शराब और मांस की बिक्री करने, रखने और सेवन पर पहले से ही प्रतिबंध है और अब तंबाकू पर भी प्रतिबंध लगाया जा रहा है। आदेश में कहा गया, "सिगरेट सहित तम्बाकू (चबाने योग्य और न चबाने योग्य) उत्पादों का सेवन जन स्वास्थ्य के लिए काफी जोखिम पैदा करता है। यह कैंसर, श्वसन संबंधी बीमारियों और विभिन्न गंभीर बीमारियों में योगदान देता है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने कन्याकुमारी में पूरी की ध्यान साधना

कन्याकुमारी (तमिलनाडु), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की अपनी ध्यान साधना पूरी की और तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर को पुष्पांजलि अर्पित की।

ध्यान सत्र के समापन पर, सफेद वस्त्र पहने मोदी ने स्मारक के बगल में स्थित उस परिसर का दौरा किया, जहां तिरुवल्लुवर की 133 फुट ऊंची प्रतिमा स्थित है और वहां एक विशाल माला चढ़ाई। वह नौका द्वारा प्रतिमा परिसर गए और बाद में वह तट पर पहुंचे। प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से तिरुवनंतपुरम पहुंचे और वहां से दिल्ली के लिए रवाना हुए। मोदी ने 30 मई को यहां पहुंचने पर भगवती अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाद में विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे। स्मारक में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने ध्यान लगाया और सूर्योदय के समय सूर्य अर्घ्य दिया। सूर्य अर्घ्य के तहत भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है। ध्यान साधना के लिए प्रधानमंत्री की कन्याकुमारी यात्रा का तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) समेत 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने विरोध किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कन्याकुमारी में तिरुवल्लुवर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। • एजेंसी

प्रधानमंत्री के प्रवास के मद्देनजर द्रमुक नेता एवं तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने आरोप लगाया कि पर्यटकों को उस क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जिससे स्थानीय व्यवसाय पर गंभीर असर पड़ा है। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थगई ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा-कोई व्यक्ति 14 कैमरों के सामने बैठकर ध्यान कैसे कर सकता है? क्या यह ध्यान है? यह ध्यान साधना चुनावी राजनीति को ध्यान में रखकर की गई है। कन्याकुमारी सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है और मेमोरियल तट के पास एक छोटे-से टापू पर स्थित है। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान साधना शुरू की थी और शनिवार को इसे पूरा कर लिया।

### दिल्ली सरकार को अग्नि सुरक्षा मानदंडों पर निर्णय लेने का निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को छोटे अस्पतालों और नर्सिंग होम के लिए नियमित अग्नि सुरक्षा ऑडिट और अग्नि सुरक्षा मानदंड तैयार करने के अनुरोध संबंधी दो प्रतिवेदन पर शनिवार को निर्णय लेने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने यह निर्देश ऐसे समय में दिया है जब हाल ही में नवजात शिशुओं के एक नर्सिंग होम में भीषण आग लगने की घटना में सात नवजात की मौत हुई है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि अग्नि सुरक्षा के मुद्दे को उठाने वाली दोनों याचिकाओं को सरकार द्वारा प्रतिवेदन के रूप में माना जाना चाहिए।

# अदालत ने राहुल गांधी को 7 को पेश होने का दिया निर्देश

बेंगलुरु, एजेंसी

### मानहानि मामला

- कोर्ट ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व शिवकुमार को दी जमानत



भाजपा द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में यहां की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पेश होने का निर्देश दिया और इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तथा उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को जमानत दे दी। इस मामले के संबंध में राहुल गांधी को 7 जून को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है।

कथित झूठे विज्ञापनों पर मानहानि का मुकदमा भाजपा महासचिव केशव प्रसाद ने दायर किया था। सिद्धरमैया और शिवकुमार बेंगलुरू में जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश हुए, जबकि गांधी, जिन्हें उपस्थित होना था, पेश नहीं हुए। भाजपा के अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताई और कहा कि गांधी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत छूट नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि वह दूसरी बार उपस्थित नहीं हुए हैं।

कांग्रेस के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि गांधी नयी दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में भाग ले रहे थे और वह लोकसभा चुनाव में भी उम्मीदवार हैं। उन्होंने अदालत से शनिवार की सुनवाई से छूट मांगी और वादा किया कि कांग्रेस नेता अगली तारीख पर मौजूद रहेंगे। अदालत ने गांधी को छूट देते हुए उन्हें सात जून को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह आरोप लगाते हुए मानहानि का मामला दर्ज कराया था कि इन कांग्रेस नेताओं ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन दिये। सभी लोक निर्माण कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने पिछली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार रेट कार्ड भी प्रकाशित किया था। शिकायतकर्ता ने कांग्रेस पार्टी पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के खिलाफ बदनाम करने वाला अभियान चलाने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि वे एक निजी शिकायत के सिलसिले में अदालत में पेश हुए थे।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 975 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 855।

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2085, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1755, रविन्द्रा 1970, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1525, सचिन 1545, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1915, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000–28500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शरबती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलेक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15800, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600–15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**–डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# शीर्ष 100 कंपनियां अफवाहों की बताएंगी सच्चाई

## सेबी का यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए भी होगा लागू

नई दिल्ली, एजेंसी



बाजार पूंजीकरण के हिसाब से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों को एक जून से अपने संबंध में मुख्यधारा के मीडिया में आने वाली किसी भी बाजार अफवाह की पुष्टि या खंडन करना होगा। यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए लागू होगा।

सेबी के नियमों के तहत, इन कंपनियों को मुख्यधारा के मीडिया में बताई गई किसी भी असामान्य घटना या सूचना की पुष्टि, खंडन या स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर करना होगा। एमएमजेसी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक मकरंद एम जोशी ने कहा कि इस कदम से ऐसी सूचना लीक होने से रोकी जा सकेगी, जो किसी खास कॉरपोरेट कार्यवाही में मूल्यांकन को प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि सेबी की यह पहल अफवाह सत्यापन ढांचे को मजबूत करने और एक निष्पक्ष बाजार हासिल करने में मदद करेगी। इससे भारत दुनिया भर के निवेशकों के लिए एक पसंदीदा बाजार बन जाएगा।

बाजार की अफवाहें स्टॉक की कीमतों में महत्वपूर्ण अस्थिरता का कारण बन सकती हैं, जिससे अक्सर ऐसे लेनदेन होते हैं जो किसी कंपनी के वास्तविक मूल्य को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। ये अफवाहें प्रबंधन परिवर्तन, ऑर्डर रद्दीकरण या वित्तीय स्वास्थ्य से जुड़ी हो सकती हैं।

### शेयरचैट, अन्य ने डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर आईएएमएआई की दलीलों का किया विरोध

**नई दिल्ली।** मैट्रिमोनी डॉट कॉम और शेयरचैट उन चार कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा कि वे डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर उद्योग निकाय आईएएमएआई की दलीलों से सहमत नहीं हैं। गौरतलब है कि चारों कंपनियां आईएएमएआई की सदस्य हैं। इनका दावा है कि आईएएमएआई की दलीलें पूरे डिजिटल स्टार्टअप इकोसिस्टम या 540 से अधिक इसके सदस्यों की राय को नहीं दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यों के केवल एक छोटे से हिस्से ने मसौदा डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक (डीसीबी) के पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध और पश्चात नियमन व्यवस्था को जारी रखने से स्थापित खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा और नवाचार को दबाने का मौका मिलेगा। पूर्व नियमन से तात्पर्य ऐसे नियमों से है, जो बड़े मंचों को कुछ खास तरह के आचरण में शामिल होने से पहले ही रोक देते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा कम हो सकती है। इस सप्ताह की शुरुआत में कॉरपोरेट मामलों के सचिव मनोज गोविल को भेजे गए पत्र पर मैट्रिमोनी डॉट कॉम के संस्थापक मुरुगावेल जानकीरमन, होइचोई के सह-संस्थापक विष्णु मोहा, मैच ग्रुप के अधिकारी मॉर्गन कॉविन आदि ने हस्ताक्षर किए थे।

### तिलहन और दलहन फसलों में उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता

**उदयपुर।** राजस्थान में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि हमारे देश ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है ।

डॉ कर्नाटक ने यह विचार यह तिलहनी फसलों में अनुसंधान को गति प्रदान करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान हैदराबाद से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि एमपीयूएटी ने कहा कि हमारे राष्ट्र ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है, लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है।

## यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों का समाधान नहीं है वर्क फ्रॉम होम: चंद्रशेखरन

नई दिल्ली, एजेंसी

- टीसीएस के चेयरमैन ने कहा-लोगों को शिक्षित करने की है जरूरत



देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि यौन उत्पीड़न के मामलों से बचने के लिए घर से काम करना (वर्क फ्रॉम होम) कोई समाधान नहीं है। इसकी बजाय इस मामले में लोगों को शिक्षित करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान टीसीएस कर्मचारियों द्वारा रिपोर्ट की गई यौन उत्पीड़न की शिकायतों की कुल संख्या 110 रही जो पिछले वर्ष 49 थी। हालांकि, आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में बताया है कि 2023-24 के आंकड़ों में कर्मचारियों की ओर से विश्व स्तर पर रिपोर्ट किए गए आंकड़े शामिल हैं जबकि 2022-23 के आंकड़े भारतीय परिचालन से जुड़े हैं। टीसीएस में 152 देशों के 6,01,546 कर्मचारी काम करते हैं, इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी 35.6% है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में एक शेयरधारक की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में चंद्रशेखरन ने कहा कि टीसीएस जैसी बड़ी कंपनी में ऐसे मामलों की इतनी संख्या हो सकती है। आगे उन्होने कहा कि ऐसे मामलों का सामधान वर्क फ्राम होम से नहीं बल्कि लोगों को शिक्षित करने से ही संभव है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 93,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,300–55,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,600 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 90,100। |

## अडाणी पोर्ट ने तंजानिया का प्रमुख कंटेनर बंदरगाह 30 साल के लिए लिया

अहमदाबाद / अबू धाबी, एजेंसी

अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के पूर्ण स्वामित्व की कंपनी अडाणी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एआईपीएच) ने तंजानिया में दार एस सलाम बंदरगाहर में कंटेनर टर्मिनल-2 के संचालन और प्रबंधन के लिए तंजानिया पोर्ट्स अथॉरिटी के साथ 30 साल के रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

अडाणी पोर्ट्स की एक विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया, दार एस सलाम पोर्ट एक गेटवे पोर्ट है, जिसमें सड़क और रेलवे का एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ नेटवर्क है। चार बर्थ वाले कंटेनर टर्मिनल 2 की वार्षिक माल लादने-उतारने की क्षमता 10 लाख कंटेन (20फुटे कंटेनर) है। इस टर्मिनल से 2023 में 8.2 लाख कंटेनरों की आवाजाही हुई थी जो तंजानिया में कुल कंटेनर की आवा-जाही का 83 प्रतिशत होने का अनुमान है। ईस्ट अफ्रीका गेटवे लिमिटेड (ईगल) को एआईपीएच, एडी पोर्ट्स ग्रुप और ईस्ट हार्बर टर्मिनल्स लिमिटेड (ईएचटीएल) के संयुक्त उद्यम के रूप में गठित किया गया है।

### कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटकर 5,200 रुपये प्रति टन

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 5,700 रुपये से घटाकर 5,200 रुपये प्रति टन कर दिया। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नयी दरें एक जून से प्रभावी हैं। भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। यह कर ऊर्जा कंपनियों के मुनाफे पर लगाया जाता है।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री चुनावों के कारण रही धीमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मारुति और हुंदै मोटर इंडिया के वाहनों के बिक्री में थोड़ी रही बढ़ोत्तरी



भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में मई में मामूली वृद्धि देखी गई। इसका कारण उच्च आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण मांग में कमी रहा। कंपनियों से डीलरों तक कुल यात्री वाहन आपूर्ति पिछले महीने चार प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,50,257 लाख इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3,35,436 इकाई था।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की घरेलू बाजार में यात्री वाहन खंड में कुल बिक्री कुछ बढ़कर 1,44,002 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 1,43,708 इकाई थी। कंपनी ने पिछले महीने शुरुआती स्तर की और कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री में सालाना आधार पर गिरावट देखी। बहुपयोगी वाहनों- ब्रेजा, ग्रैंड विटारा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 की बिक्री मई में बढ़कर 54,204 इकाई हो गई, जो मई, 2023 में 46,243 इकाई थी। एमएसआई के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) पार्थो बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा-इस बात पर चर्चा हुई है कि इस साल वृद्धि दर बहुत अधिक नहीं होगी। उच्च आधार प्रभाव के कारण यह एकल अंक में रहेगी। दूसरी बात, चुनाव थे और भीषण गर्मी का भी मई में कुल बिक्री पर असर पड़ा। कंपनी की ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री मई में घटकर 9,902 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 12,236 इकाई थी। इसकी प्रतिद्वंद्वी हुंदै मोटर इंडिया (एचएमआई) की मई में घरेलू वाहन बिक्री में एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



चोट के कारण लंबे समय तक मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद, बोले- खेल का आनंद ले रहा हूं

# जीत की कुंजी हैं जसप्रीत बुमराह



न्यूयॉर्क, एजेंसी

चोट के कारण लंबे समय तक क्रिकेट के मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का टी-20 विश्वकप में प्रदर्शन भारत के लिए काफी अहम माना जा रहा है। चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ने हाल के दिनों में मैदान पर सफल वापसी की है और टी-20 विश्व कप के दौरान वह उस लय को बरकरार रखने की उम्मीद कर रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में दूसरे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब के लिए भारत की खोज में बुमराह को एक प्रमुख कुंजी के रूप में देखा जा रहा है। बुमराह 2022 और 2023 के बीच काफी समय तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहे। पिछले साल अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ वापसी की और उसके बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा। विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत की ओर से वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज थे जिन्होंने 18.65 की औसत से 20 विकेट लिए, जबकि उनकी इकॉनोमी केवल चार की थी। बुमराह भारत के लिए जीत की कुंजी हैं, जो अकेले मैच को बदलने की क्षमता रखते हैं।

बुमराह ने कहा जब से मैं अपनी चोट से उबरा हूं, मैंने केवल जितना हो सके खेल का आनंद लेने पर ध्यान केंद्रित किया है। मैं खेल को लेकर अनिश्चितता के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि कुछ चीजें मेरे अनुकूल होंगी। कुछ चीजें मेरे अनुकूल नहीं होंगी। ये सभी चीजें मेरी प्रक्रिया का हिस्सा होंगी। मैं अंतिम परिणाम के बजाय उस पर ध्यान केंद्रित करूंगा। उस पहलू में आप अपना दबाव कम करते हैं और खेल का आनंद लेते हैं। जब आप उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिन्हे आप नियंत्रित नहीं कर सकते,तो परिस्थितियां जटिल हो सकती है।

## किसी को भी अधिक सीख देने की कोशिश नहीं करता

**न्यूयॉर्क।** भारतीय तेज गेंदबाजों की नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक माने जाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह युवा खिलाड़ियों को बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते और जब उनसे पूछा जाता है तभी मदद करते हैं क्योंकि वह उन पर किसी तरह का बोझ नहीं डालना चाहते हैं। भारत के लिए टी-20 विश्व कप के अभियान में 30 वर्षीय बुमराह की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। माना जा रहा है कि वह मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह जैसे कम अनुभवी तेज गेंदबाजों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएंगे। बुमराह ने कहा आप बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते। यह कुछ ऐसा है जो मैंने सीखा है। जब भी कोई मेरे के पास मदद के लिए आता है तो मैं उसे सवाल पूछने देता हूं क्योंकि मैं बहुत अधिक जानकारी देना अच्छा नहीं समझता हूं। बुमराह ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अधिक जानकारी का बोझ लिए बिना अपना मार्ग प्रशस्त करना महत्वपूर्ण होता है।


मैच से पहले अभ्यास सत्र में पसीना बहाते ऋषभ पंत।

# टी-20 विश्वकप में खुल कर खेले भारतः गांगुली

कोलकाता, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने आगामी टी20 विश्व कप मैचों की तैयारी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की क्षमता पर भरोसा जताया है। गांगुली ने कहा हमें उम्मीद है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को खुलकर खेलने की सलाह दी और टी-20 क्रिकेट में छक्के मारने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा जो टीम सबसे ज्यादा छक्के मारेगी वह जीतेगी और भारत का हर बल्लेबाज लंबे छक्के मार सकता है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या और जिस टीम में सूर्यकुमार यादव हैं, क्या वे कमजोर पक्ष हो सकते हैं। उन्होंने टी-20 क्रिकेट की अप्रत्याशितता पर ध्यान दिया, जहां कोई भी टीम शीर्ष पांच में पहुंचने की क्षमता रखती है।

मैं भारतीय कोच रखने के पक्ष में हूं क्योंकि हमारे देश में अपार प्रतिभा है। हमारे देश में बेहद कुशल खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में बहुमूल्य योगदान दिया है और उन्हें व्यवस्था का हिस्सा होना चाहिए। गांगुली से पूछा गया कि क्या कोच पद की दौड़ में आगे चल रहे गंभीर इस भूमिका के लिए उपयुक्त व्यक्ति होंगे, उन्होंने कहा क्या गंभीर ने आवेदन किया है, क्योंकि पहले उन्हें आवेदन करना होगा और फिर उसी के बाद वह यह पद हासिल कर पाएंगे।

- पूर्व कप्तान बोले- गंभीर कोच पद के लिए बेहतरीन उम्मीदवार

मुझे लगता है कि 27 मई आवेदन की अंतिम तिथि थी। जाहिर है, बीसीसीआई के पास समय सीमा बढ़ाने का अधिकार है। अगर गंभीर आवेदन करते हैं और अगर वह चाहते हैं, तो वह बहुत अच्छे उम्मीदवार होंगे। आपने देखा होगा कि इस साल केकेआर के लिए उन्होंने किस तरह से काम किया। आप उनकी जीत की भूख और जुनून देख सकते थे और बोर्ड उन्हें यह पद सौंपने का फैसला करता है तो मुझे खुशी होगी। मेरा मानना है कि वह इस पद के लिए अच्छे उम्मीदवार हैं।

## खेल डायरी


मुंबई में ब्लू ओशन कॉरपोरेशन इंटरनेशनल प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली को किया गया सम्मानित। ● एजेंसी

### ताइवान ओपन में डीपी मनु ने जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली।** भारत के डीपी मनु ने शनिवार को ताइपे में 81.58 मीटर थ्रो के साथ ताइवान ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ने अपने आखिरी प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया। ताइवान ओपन विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर की प्रतियोगिता है। इसमें खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक भी मिलते हैं। मनु ने 78.32 मीटर थ्रो के साथ शुरुआत की, जबकि उनका दूसरा प्रयास 76.80 मीटर का रहा। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे और पांचवें प्रयास में भाले को 80.59 मीटर और 81.52 मीटर दूर फेंककर अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया। वह अपने चौथे प्रयास में वैध थ्रो नहीं कर सके। यह प्रदर्शन हालांकि मनु के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.35 मीटर से बहुत दूर था। यह मौजूदा सत्र में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रयास 82.06 से भी कम है, जो पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में आया था।

### डोरमी ओपन में प्रणवी संयुक्त बढ़त पर

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स लेडीज यूरोपियन टूर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डोरमी ओपन में दूसरे दौर के बाद तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई है। उन्होंने बारिश से प्रभावित पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद दूसरे दौर में छह अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला। प्रणवी इंग्लैंड की कारा गेनर (65-71) के साथ बढ़त बना ली है। प्रणवी पिछले सप्ताह जाबरा क्लासिक गोल्फ प्रतियोगिता से हटने से पहले इस सत्र में इस प्रतियोगिता में कट में जगह बनाने में सफल रही है। अन्य भारतीयों में त्वेसा मलिक (70-71) संयुक्त 15वें स्थान पर है और वह कट में आसानी से जगह बना लेंगी। पहले दौर में 70 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने दूसरे दौर में अपना खेल शुरू नहीं किया है।

### शुभंकर ने यूरोपीय ओपन के कट में जगह बनाई



**हैमबर्ग (जर्मनी)।** शुभंकर शर्मा शनिवार को यहां यूरोपीय ओपन के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर दो दौर के खेल के बाद कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर है। पहले राउंड में तीन बर्डी और तीन बोगी के साथ 73 का स्कोर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाईं। इस बीच वीर अहलावत (79-70) और ओम प्रकाश चौहान (75-76) कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

### इंयिन ओपन ऑफ सर्फिंग में तमिलनाडु का दबदबा

**मंगलुरु।** इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के पांचवें संस्करण के दूसरे दिन शनिवार को भी तमिलनाडु के सर्फर्स ने अपना दबदबा बनाये रखा और पुरुषों के ओपन श्रेणी में चारों फाइनल स्थान और महिला ओपन श्रेणी के फाइनल में दो स्थान हासिल किए। दूसरे दिन की शुरुआत पुरुषों के ओपन सर्फ श्रेणी के क्वार्टरफाइनल्स के साथ हुई, जहां सिवराज बाबू और तमिलनाडु के सर्फर्स ने बढ़त को जारी रखा, सिवराज ने दिन के सबसे अधिक अंक (15.17) इकट्ठे किए। इस श्रेणी में अन्य सर्फर्स जो सिवराज के साथ सेमीफाइनल्स में शामिल हुए वे संजेकुमार एस (12.83), संजय सेल्वमानी (11.63), अजीष अली (11.43), श्रीकांत डी (10.33), मणिवन्ना टी (9.40) थे। दिन की प्रक्रिया सर्फिंग ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज क्वार्टर फाइनल के साथ शुरु हुई, जहां हरीश पी, जो वर्तमान में भारत में 5वें स्थान पर हैं, ने 10.17 के साथ श्रेणी में उच्चतम स्कोर बनाया।

### दिनेश कार्तिक ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



**चेन्नई।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने दो दशक तक देश के लिए खेलने के बाद शनिवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर से बाहर होने के बाद उनका संन्यास लेना तय था लेकिन कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर आधिकारिक रूप से फैसला लिया। कार्तिक ने एक्स पर लिखा, काफी सोच विचार के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हूं। तीनों प्रारूपों में भारत के लिए 180 मैच में प्रतिनिधित्व करते हुए कार्तिक ने एक शतक और 17 अर्धशतक से 3463 रन बनाए हैं। बतौर विकेटकीपर उन्होंने 172 को आउट किया है।

# अभ्यास मैच में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 60 रन से रौंदा

न्यूयार्क, एजेंसी

टी-20 विश्वकप के खिताब पर दूसरी बार कब्जे के इरादे से निकले भारतीयों ने शनिवार को अपने एकमात्र अभ्यास मैच में बांग्लादेश को 60 रनों से रौंद दिया। अभ्यास मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाए जिसके जवाब में बांग्लादेश की 19.5 ओवर में नौ विकेट पर 121 रन ही बना सकी। पूरे मैच में भारतीयों के आगे बांग्लादेश किसी भी विभाग में नहीं टिके।

ऋषभ पंत ने मात्र 32 गेंदो में चार चौके और चार छक्के की मदद से 53 रन ठोके वहीं आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरे हार्दिक पांड्या ने 23 गेंदों में दो चौके और चार छक्के की बदौलत 40 रन की नाबाद पारी खेली। शिवम दुबे (14) अपने अंदाज के अनुरुप छाप छोड़ने में विफल रहे वहीं संजू सैमसन भी अपने हाथ दिखाने में



सफल नहीं हुए। विस्फोटक सूर्य कुमार यादव अपने चिरपरिचित अंदाज से खेले और 18 गेंदों में चार चौकों की मदद से 31 रन बनाकर लौटे। रोहित शर्मा ने 23 रन बनाए। कप्तान रोहित ने 20 ओवर के खेल में आठ गेंदबाजों को हाथ खोलने का मौका दिया। शिवम दुबे ने दो विकेटों चटकाए वहीं अर्शदीप ने दो विकेट झटके। बुमराह, अक्षर, हार्दिक और जडेजा ने एक-एक विकेट बांटे। बांग्लादेश की ओर से महमूदउल्लाह (40) और शाकिब (28) ही कुछ समय तक भारतीय आक्रमण के सामने टिक सके।

# जीत की तलाश में उतरेगी वेस्टइंडीज

जॉर्जटाउन (गुयाना), एजेंसी

ईडन गार्डन्स में कार्लोस ब्रेथवेट के चार छक्कों से दूसरा टी-20 विश्व खिताब जीतने के आठ से ज्यादा साल बाद वेस्टइंडीज की टीम रविवार को यहां जब नौवें चरण में घरेलू मैदान पर पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत से शुरूआत कर मजबूती हासिल करने की होगी।

ब्रेथवेट ने तब बेन स्टोक्स पर अंतिम ओवर में लगातार चार छक्के जड़े थे जिससे वेस्टइंडीज दो बार टी-20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी थी। इससे पहले उन्होंने 2012 में खिताब जीता था, लेकिन इसके बाद टीम बदलाव के दौर में खुद को संभाल नहीं सकी और उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 2021 में उन्हें पांच में से चार मैच में हार मिली जिससे टीम सुपर 12 से



बाहर हो गई। इसके बाद तो हालत और खराब हो गए और ऑस्ट्रेलिया में 2022 चरण में वेस्टइंडीज कमजोर स्कॉटलैंड और आयरलैंड से हारकर मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर सकी। ईडन गार्डन्स में पिछला खिताब जीते हुए 2982 दिन हो गए हैं और अब जब टूर्नामेंट उनकी सरजमीं पर हो रहा है तो वे ट्राफी जीतने के लिए बेताब होंगे।

### कनाडा के खिलाफ अमेरिका का पलड़ा भारी

**डलास।** अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाले टी-20 विश्व कप मुकाबले में हाल में आईसीसी की पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को हराने वाली मेजबान टीम जीत की दावेदार होगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ अमेरिका के कोच हैं। टी20 विश्व कप में पदार्पण करने वाली टीम कुछ हैरानी भरे नतीजे हासिल कर सकती है। अमेरिका ने टूर्नामेंट की तैयारियों में पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को 2-1 से हराकर साबित कर दिया कि उसे कमजोर नहीं आंका जा सकता। हाल में अमेरिका ने कनाडा को 4-0 से हराया था। न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और 2015 विश्व कप फाइनल खेलने वाले कोरी एंडरसन भी टीम में हैं जिसकी अगुआई विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक पटेल करेंगे।

# अल्काराज और सबालेंका ने जीते मैच

पेरिस, एजेंसी

स्टेफानोस सिटसिपास ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके कार्लोस अल्काराज, यानिक सिनर और इगा स्वियातेक के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। सिटसिपास ने झांग झिझेन को 6-3, 6-3, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला इटली के गैर वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हराया।

इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिनर ने पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर का अगला मुकाबला फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से होगा। एलिना रिबाकिना और आर्यना सबालेंका ने शनिवार को यहां सीधे सेट में जीत दर्ज कर फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। रिबाकिना ने बेल्जियम की एलिसे मर्टन्स को हराया। सबालेंका ने पाउला बडोसा पर जीत हासिल की।

दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज ने भी 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 7-6 (5), 6-3 से हराकर चौथे


● फ्रेंच ओपन: स्टेफानोस सिटसिपास चौथे दौर में स्वियातेक, रिबाकिना और सिनर भी बढ़े आगे

दौर में जगह बनाई। अल्कराज पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हार गए थे। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैरी बौजकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला गैर वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से होगा। अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की सेमीफाइनलिस्ट दयाना यास्त्रेम्स्का को 6-2, 6-4 से हराया, लेकिन उनकी हमवतन सोफिया केनिन को हार का सामना करना पड़ा। केनिन को डेनमार्क की गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्लारा टूसन ने 6-2, 7-5 से हराया। टूसन का अगला मुकाबला विंबलडन में दो बार उपविजेता रही ओन्स जबूर से होगा। ट्यूनीशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जबूर ने 31वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज को 6-4, 7-6 (5) से हराया। विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने फ्रांसीसी खिलाड़ी क्लो पैक्वेट को 6-1, 6-3 से पराजित किया। चेक गणराज्य की पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना अब क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच से होगा।

भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वेरेला मार्टिनेज ने डैन एडेड और थियो एरिबेज की जोड़ी को तीन सेटों में हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बालाजी और मार्टिनेज की जोड़ी ने एक घंटे 42 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में फ्रांस की जाड़ी को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया।

# सेमीफाइनल में हार के बाद त्रिसा-गायत्री का सफर खत्म

सिंगापुर, एजेंसी

भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी का सिंगापुर ओपन में स्वप्निल सफर शनिवार को यहां सेमीफाइनल में नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। इस हार से भारत का बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 में भी अभियान खत्म हो गया। गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी की निगाहें शीर्ष 10 खिलाड़ियों पर जीत की हैट्रिक बनाने पर लगी थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री की जोड़ी जापान की खिलाड़ियों के आगे नहीं टिक सकीं जिन्होंने 47 मिनट में 23-21 21-11 से जीत हासिल की। जापान की जोड़ी ने इस तरह

सिंगापुर ओपन



फरवरी में एशिया टीम चैंपियनशिप में त्रिसा और गायत्री से सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। जापान की जोड़ी का भारतीय जोड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड अब 3-1 हो गया है। त्रिसा और गायत्री ने इससे पहले दुनिया की दूसरे नंबर की बाएक हा ना और ली सो ही की जोड़ी को प्री क्वार्टर में और दुनिया की छठे नंबर की किम सो यियोंग और कोंग ही यंग की जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में हराया था।

# भारत ने जर्मनी को हराया

लंदन, एजेंसी

भारत ने जर्मनी की कमजोर रक्षापंक्ति का फायदा उठाते हुए तीन गोल दागे जिससे हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो हॉकी लीग में विश्व चैम्पियन को 3-0 से हराकर लंदन चरण में जीत से शुरुआत की। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत (16वें मिनट), सुखजीत सिंह (41वें मिनट) और गुरजंत सिंह (44वें मिनट) ने जर्मनी की युवा टीम के खिलाफ गोल दागे। जर्मनी ने शानदार शुरुआत की लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी।

विश्व की पांचवें नंबर की भारतीय टीम 13 मैचों में 24 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि अर्जेंटीना 14 मैचों में 26 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने प्रो लीग के एंटवर्प चरण में अर्जेंटीना को दो बार हराया था। नीदरलैंड 12 मैचों में 26 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। भारत के अनुभवी गोलकीपर



पीआर श्रीजेश ने पहले क्वार्टर में जर्मनी के लगातार हमलों को रोकते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर को नाकाम कर दिया। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम को दबाव में ला दिया। भारतीय कप्तान ने 16वें मिनट में नीची फ्लिक जर्मनी के गोलकीपर एलेक्जेंडर स्टैडलर की ओर बढ़ाई जो बैरी एंथियस से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चली गयी। भारतीय टीम अब आठ जून को फिर से जर्मनी से भिड़ेगी जिसके बाद उसका सामना दो और नौ जून को ग्रेट ब्रिटेन से होगा।

# टीम की हार के बाद रो पड़े रोनाल्डो



**जेद्दा।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल के हाथों हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। रोनाल्डो अपनी टीम की हार के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो उनकी आंखों में आंसू थे। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर की टीम सऊदी अरब में कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीत पाई। अल हिलाल ने यह मैच पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता। दोनों टीम अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रोनाल्डो टीम की हार के बाद निराशा में जमीन पर लेट गए और उनके साथियों ने उन्हें सांत्वना दी।

### मुंबई सिटी एफसी ने ब्रैंडन के साथ किया करार

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने शनिवार को भारत के मिडफील्डर ब्रैंडन फर्नांडिस के साथ तीन साल का अनुबंध किया, जो 2015 में आईएसएल की इस टीम के साथ संक्षिप्त समय बिताने के बाद वापसी कर रहे हैं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने इसके बाद सात साल तक एफसी गोवा का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने एफसी गोवा के लिए 130 मैचों में 17 गोल किए। इस दौरान गोवा की टीम ने 2019-20 में आईएसएल लीग शील्ड जीती। उन्होंने टीम को क्रमशः 2019 और 2021 में इंडियन सुपर कप और डूरंड कप जीतने में भी मदद की। गोवा के इस खिलाड़ी ने करार पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा मैं मुंबई सिटी एफसी में वापसी करके खुश हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# रक्त के नमूने बदलने पर मां गिरफ्तार

पुणे कार हादसा

पुणे, एजेंसी

पुणे पुलिस ने पोर्श कार दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी की मां को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया जा सकता है। शहर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाबालिग की मां को इस बात की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार किया गया कि किशोर के रक्त नमूने उसके रक्त नमूने से बदले गए थे।

पुलिस ने अपनी जांच के तौर पर नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में उस सुधार गृह में एक घंटे तक पूछताछ की जहां उसे 5 जून तक रखा गया है। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने दुर्घटना की जांच का हवाला देते हुए बताया कि किशोर के रक्त नमूने उसकी मां के रक्त नमूने से बदले गए थे। पुलिस ने दो दिन पहले एक स्थानीय अदालत में कहा था कि किशोर के रक्त के नमूने एक महिला के रक्त के नमूने से बदले गए थे।

- पुलिस ने मां की मौजूदगी में नाबालिग से एक घंटे पूछताछ की



अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेश बलकवडे ने पुलिस के नाबालिग से पूछताछ करने से पहले कहा हम नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में सुधार गृह के भीतर पूछताछ करेंगे। किशोर न्याय बोर्ड ने नाबालिग से पूछताछ करने के लिए शुक्रवार को पुलिस को अनुमति दी थी। किशोर न्याय अधिनियम के तहत किसी नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में ही की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री ने मामले में गहन जांच का दिया आश्वासन

**जबलपुर।** पुणे में नाबालिग चालक की पोर्श गाड़ी से हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाली आईटी पेशेवर अश्विनी कोष्टा के पिता ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से जबलपुर भेजे गए विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) ने मुख्यमंत्री शिंदे से फोन पर बात कराई। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को तेज रफ्तार पोर्श कार ने मध्य प्रदेश की निवासी 24 वर्षीय अश्विनी कोष्टा और उसके दोस्त अनीश अवधिया की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी।

# किशोरावस्था में धूम्रपान की लत मौत को निमंत्रण



विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग तीन करोड़ 70 लाख बच्चे तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं। 2023 में, ई-सिगरेट अमेरिका में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला तंबाकू उत्पाद था, जिसमें 7.7% मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के छात्रों ने ई-सिगरेट के उपयोग की सूचना दी थी। सिगरेट अगला सबसे आम था, 1.6% माध्यमिक और उच्च विद्यालय के छात्रों ने कहा कि उन्होंने पिछले महीने में इसका सेवन किया था। शोध से पता चलता है कि ज्यादातर लोग तंबाकू का सेवन बचपन से ही शुरू कर देते हैं। रटगर्स विश्वविद्यालय में सामाजिक और व्यवहार विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर जॉन-पैट्रिक अल्लेम ने कहा मैं एक सार्वजनिक स्वास्थ्य शोधकर्ता हूं जो उन विभिन्न तरीकों का अध्ययन करता है जिनसे निगम किशोर स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, वर्तमान परियोजनाएं किशोरों और युवा वयस्कों के बीच तंबाकू मार्केटिंग के जोखिम के स्रोतों की पहचान करने पर केंद्रित हैं।

### धूम्रपान दिमाग पर डालता है असर, हर अंग के लिए हानिकारक

धूम्रपान मानव शरीर के हर अंग के लिए हानिकारक है और अन्य समस्याओं के अलावा कई प्रकार के कैंसर और हृदय रोग का कारण माना जाता है। ई-सिगरेट और खैनी जैसे उत्पादों में मौजूद निकोटीन, किशोरों के मस्तिष्क के विकास के लिए हानिकारक है। किशोर मस्तिष्क प्रारंभिक वयस्कता में विकसित होता है, विशेषकर प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स में। मस्तिष्क का यह हिस्सा उच्च संज्ञानात्मक विकास में शामिल है, जिसमें ध्यान, स्मृति और संज्ञानात्मक लचीलेपन से संबंधित कार्य शामिल हैं। शोध से पता चला है कि निकोटीन के संपर्क से मस्तिष्क में दीर्घकालिक कार्यात्मक और संरचनात्मक परिवर्तन होते हैं। दशकों के शोध से पता चला है कि कैसे तंबाकू कंपनियां अपने व्यवसाय को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए युवा ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए वर्षों तक तंबाकू उत्पादों की मार्केटिंग करती रहीं।

### जागरुकता बढ़ाने की जरूरत

बच्चों और किशोरों को उन संदेशों से बचाने के लिए सिगरेट और ई-सिगरेट मार्केटिंग पर प्रतिबंधों को प्रभावी ढंग से लागू और विस्तारित करना होगा जो उन्हें धूम्रपान और वेपिंग के लिए प्रोत्साहित करते हैं। युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए हर जगह अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। अधिकांश माता-पिता, शिक्षक और अन्य प्राधिकारी शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि युवा किस हद तक ऑनलाइन तंबाकू सामग्री के संपर्क में हैं, जिसमें तंबाकू विज्ञापन और सोशल मीडिया पर सहकर्मी-जनित पोस्ट शामिल हैं जो तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाते हैं।

### बदल रहा मार्केटिंग का तरीका

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के जरिये तंबाकू कंपनियों को अपनी मार्केटिंग रणनीति को पत्रिकाओं, बिलबोर्ड और खुदरा स्टोर जैसे पारंपरिक चैनलों से ऑनलाइन चैनलों में स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित किया है, जिससे युवा लोगों की ओर से स्क्रीन पर बिताए जा रहे समय का फायदा उठाया जा रहा है। तंबाकू कंपनियों ने ब्रांडेड सोशल मीडिया अकाउंट पेजों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की मदद से ऑनलाइन तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाने में मदद की है।

## एक नजर

### ज़िज़ांग के नागकू में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया

**बीजिंग/ल्हासा।** दक्षिण पश्चिम चीन के जिजांग स्वायत्त क्षेत्र में नागकू शहर के न्यिमा काउंटी में शनिवार सुबह 8:46 बजे (बीजिंग समय) 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने यह जानकारी दी। भूकंप का केंद्र 34.14 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 86.36 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया। सीईएनसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप 8 किमी की गहराई पर आया। भूकंप का केंद्र न्यिमा काउंटी सीट से 275 किमी दूर और क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से 672 किमी दूर स्थित है।

### ड्रोन हमले में अमेरिका समर्थित 4 लड़ाके मारे गये

**सीरिया।** उत्तरी सीरिया में शुक्रवार शाम को तुर्की के ड्रोन हमले अमेरिका समर्थित चार लड़ाके मारे गये जबकि 11 नागरिक घायल हो गये। कुर्द की अगुवाई वाले बल ने यह जानकारी दी। अमेरिका समर्थित एवं कुर्द की अगुवाई वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) पर इस हमले से एक दिन पहले ही तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा था कि कुर्द की अगुवाई वाले समूह यदि स्थानीय चुनाव कराने की अपनी योजना पर आगे बढ़ते हैं तो उनकी सरकार उन पर कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी।

### ईरान ने अधिकारियों ने प्रतिबंधों की निंदा की

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने शुक्रवार को कई ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं पर यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों की निंदा की। कनानी ने कहा कि यूरोपीय संघ ने गाजा में इजरायली युद्ध अपराधों पर ध्यान केंद्रित करने और उनके लिए इजरायल को दंडित करने के बजाय, कुछ ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं को अपनी प्रतिबंधों की सूची में शामिल किया था जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी और प्रभावी थे।

### मिशेल ओबामा की मां मारिया का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा की मां मारियां शील्ड्स रॉबिन्सन का निधन हो गया है। वह 86 वर्ष की थी। वह अपने दामाद बराक ओबामा के राष्ट्रपति चुने जाने पर उनके परिवार के साथ व्हाइट हाउस में ही रही थीं। 'व्हाइट हाउस' अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय है। मिशेल ओबामा और परिवार के अन्य सदस्यों ने एक बयान जारी कर रॉबिन्सन के निधन की जानकारी दी।

## सिंगापुर के शंगरी-ला रक्षा मंच पर कई देशों के रक्षा मंत्रियों ने रखी अपनी बात

# चीन से युद्ध पर अमेरिका बोला हर बातचीत सुखद नहीं होती

ऑस्टिन सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर के शंगरी-ला रक्षा मंच पर कई देशों के रक्षामंत्री पहुंचे। यहां कई नेता द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते दिए तो कई एक दूसरे को चेतावनी देते नजर आए। अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के एक समूह से कहा कि एशिया-प्रशांत में तेजी से बढ़ते तनाव के बावजूद चीन के साथ युद्ध न तो आसन्न है और न ही अपरिहार्य है।

चीन से युद्ध पर पूछे गए सवाल पर ऑस्टिन ने कहा हर बातचीत सुखद नहीं होती। उन्होंने गलतफहमियों से बचने के लिए उनके तथा चीनी समकक्ष के बीच नए सिरे से संवाद की महत्ता पर जोर दिया। ऑस्टिन ने सिंगापुर में शंगरी-ला रक्षा मंच पर ये टिप्पणियां चीन के रक्षा मंत्री डोंग जुन के साथ एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बाद कीं। वर्ष 2022 में नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद अमेरिका और चीन की सेनाओं के बीच संपर्क समाप्त हो गया था। इसके बाद से दोनों शीर्ष रक्षा अधिकारियों के बीच यह आमने-सामने की पहली बैठक है। विस्तार से बताने से इनकार करते हुए ऑस्टिन ने कहा दोनों नेता फिर से बात कर रहे हैं।



अमेरिका के रक्षामंत्री अपने चीनी समकक्ष के साथ।

### अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण

**सिंगापुर।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित है तथा दोनों देशों के संबंधों की गति में और तेजी आयेगी। ऑस्टिन ने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में एक प्रतिनिधि के प्रश्न के उत्तर में यह टिप्पणी की। हर साल सिंगापुर में आयोजित होने वाला सांगरी ला डायलॉग एशिया का एक प्रमुख रक्षा सम्मेलन है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने प्रतिनिधियों से कहा फिलहाल भारत के साथ जो हमारा संबंध है, वह पहले जितना ही अच्छा या उससे भी बेहतर है। उन्होंने कहा हम भारत में बख्तरबंद वाहनों का सह-उत्पादन कर रहे हैं। इस परियोजना में अच्छी प्रगति हुई है।

### चीन बोला - ताइवान को आजाद नहीं होने देंगे

चीन के केंद्रीय सैन्य आयोग के संयुक्त स्टाफ विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जिंग जियानफेंग ने शनिवार को कहा कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ताइवान को कभी भी स्वतंत्र होने या अलग होने की अनुमति नहीं देगी। सिंगापुर में आईआईएसएस शांगरी-ला डायलॉग के मौके पर जिंग ने यह बयान दिया। ताइवान की आजादी युद्ध के समान है। सैन्य अधिकारी ने कहा कि पीएलए सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी।

### भारत से और मजबूत करेंगे संबंध : फिलीपींस

फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा है कि उनकी सरकार क्षेत्रीय स्थिरता में मददगार स्तंभों के निर्माण के क्रम में भारत जैसे मित्रों के साथ संबंधों को और अधिक मजबूत करेगी। इसके साथ ही उन्होंने चीन को दक्षिण चीन सागर में सीमा रेखा पार न करने की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बीजिंग के जानबूझकर किए गए कार्यों के परिणामस्वरूप फिलीपीन के किसी भी नागरिक की मृत्यु होती है तो मनीला इसे युद्ध के कृत्य के रूप में मानेगा और इसी के अनुसार जवाबी कार्रवाई करेगा।

## साइबर ठगों ने नोएडा के व्यवसायी से नौ करोड़ ठगे

**नोएडा।** शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यवसायी से 9.9 करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस अनुसार, एक महीने पहले पीड़ित को व्हॉट्सऐप समूह में जोड़ा गया था और फिर एप डाउनलोड करा शेयर बाजार कारोबार में फर्जी मुनाफे का लालच देकर ठगी को अंजाम दिया गया।

उसने बताया कि शुक्रवार को सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और कारोबारी के खाते में 1.62 करोड़ रुपये के लेनदेन को रोक दिया गया है। उसने बताया कि जांच जारी है। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध पुलिस थाना) विवेक रंजन राय ने कहा सेक्टर-40 ब्लॉक-बी के रजत बोथरा ने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल को उन्हें व्हॉट्सऐप समूह पर जोड़ा गया।

समूह में शेयर बाजार कारोबार के मुनाफे के बारे में बताया जाता था। उन्होंने 27 मई तक शेयर बाजार कारोबार में 9.09 करोड़ रुपये का निवेश किया। हालांकि, इसके बाद उनका (ट्रेडिंग) खाता बंद हो गया। राय ने कहा जब हमें शिकायत मिली तो हमने तुरंत जांच शुरू कर दी और हम उनके बैंक खाते से 1.62 करोड़ रुपये का लेन-देन रोकने में कामयाब रहे।

# दक्षिण अफ्रीका में एएनसी पार्टी को नहीं मिला बहुमत

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

- रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने 30 साल बाद गंवाया बहुमत पहली बार बनेगी गठबंधन सरकार

दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को हुए आम चुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं। यहां हुए ऐतिहासिक चुनाव के परिणाम में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) को संसद में बहुमत नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका को रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने इस तरह 30 साल में पहली बार बहुमत गंवा दिया। चुनाव के लिए 99.5 प्रतिशत मतगणना हो चुकी है और सत्तारूढ़ एएनसी को 40% से अधिक मत मिले है जो बहुमत से कम है।

राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी ने 30 साल पहले 1994 में नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपना बहुमत खो दिया। निर्वाचन आयोग ने अभी अंतिम नतीजों की औपचारिक रूप घोषणा नहीं की है।

विपक्षी दलों ने इसे गरीबी और असमानता से जूझ रहे देश के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता बताया। एएनसी हालांकि किसी तरह सबसे बड़ी पार्टी बनी रही, लेकिन अब उसे सरकार में बने रहने और राष्ट्रपति रामाफोसा को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुनने के लिए गठबंधन सहयोगियों की तलाश करनी होगी। राष्ट्रीय चुनाव के बाद संसद दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चुनाव करती है। इस परिणाम से दक्षिण अफ्रीका में एएनसी का तीन दशक से चला आ रहा प्रभुत्व समाप्त हो गया।



बहुमत न मिलने से निराश एएनसी नेता व राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा।

### जादुई आंकड़े से दूर

सरकार बनाने के लिए वार्ताओं का दौर शुरू होने वाला है और संभवत: वे जटिल होंगी। एमके पार्टी ने कहा कि किसी भी समझौते के लिए उनकी शर्तों में से एक यह है कि रामाफोसा को एएनसी नेता और अध्यक्ष के पद से हटा दिया जाये। एएनसी बहुमत के जादुई आंकड़े से बहुत दूर है और ऐसी संभावना है कि उसे तीन मुख्य विपक्षी दलों में से किसी एक से संपर्क करना होगा।

# बाइडेन का दावा- इजराइल ने सीजफायर प्रस्ताव स्वीकारा

वाशिंगटन, एजेंसी

- कहा-अब जंग रोकने का वक्त आ गया, हमास में इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को दावा किया कि इजराइल ने एक नए सीजफायर प्लान को स्वीकार कर लिया है। व्हाइट हाउस में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाइडेन ने कहा कि हमास अब इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं रखता है। इजराइल ने कहा है कि वो सभी बंधकों की रिहाई के बदले जंग खत्म करने को तैयार है।



अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बीच इजराइल का समर्थन करने पर बाइडेन की काफी आलोचना हो रही है। इस बीच व्हाइट हाउस के स्टेट डाइनिंग रूम से उन्होंने कहा, अब जंग खत्म करने का वक्त आ गया है। बाइडेन ने कहा कि इजराइल ने जंग रोकने के लिए प्रोपोजल दिया है। हमास भी सीजफायर की मांग कर रहा है। यही वक्त है कि वो ये साबित कर दें कि वे सच में सीजफायर के लिए तैयार हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक हमास-इजराइल के बीच किसी भी तरह की सीजफायर बाइडेन की चुनावी कैंपेन में अहम भूमिका निभाएगी।

## पासिंग आउट परेड



चेन्नई के ताम्बरम वायु सेना स्टेशन पर संयुक्त पासिंग आउट परेड के दौरान अग्निवीर वायु प्रशिक्षु ने सलामी दी। 234 महिलाओं सहित 1983 अग्निवीर वायु प्रशिक्षु उत्तीर्ण हुए। ● एजेंसी

# बाइडेन से मिला अमेरकी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाला छात्र

वाशिंगटन, एजेंसी

- स्पेलिंग बी स्पर्धा में छाया भारत का ब्रुहत सोम पहुंचा व्हाइट हाउस

स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता के चैंपियन ब्रुहत सोम समेत फाइनल में जगह बनाने वाले सात अन्य प्रतिभागियों को व्हाइट हाउस आमंत्रित किया गया जो इन किशोर प्रतिभाओं के लिए जीवन का अहम अनुभव रहा।

फ्लोरिडा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र ब्रुहत (सातवीं कक्षा के विद्यार्थी) को बृहस्पतिवार को स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया और 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद और अन्य पुरस्कार दिए गए। एक दिन बाद, उन्हें व्हाइट हाउस ने एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जहां राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनसे मुलाकात की।



पीली टी-शर्ट और माथे पर लाल तिलक लगाए ब्रुहत के साथ सात अन्य प्रतिभागी और उनके माता-पिता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। फाइनल में जगह बनाने वाले चार अन्य प्रतिभागी भी भारतीय अमेरिकी हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# कार्तिक आर्यन के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा : कबीर

**मुंबई।** अभिनेता कबीर का कहना है कि फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। इस फिल्म में कबीर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। भूल भुलैया 3 की शूटिंग पूरी हो गई है। कबीर ने कहा भूल भुलैया 3 में काम करना किसी रोमांच से कम नहीं रहा है। हमने फिल्म बनाने में जीजान लगा दी है। मुझे यकीन है कि फिल्म दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगी। कार्तिक आर्यन और अनीस बज्मी सर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। टी-सीरीज और सिने 1 स्टूडियोज द्वारा निर्मित भूल भुलैया 3 इस साल के अंत में रिलीज होने वाली है।

# बिग बॉस ओटीटी-3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर इंडिया अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 को होस्ट करेंगे। जिसकी अनाउंसमेंट हो चुकी है। इस बार सलमान खान किन्हीं कारणों से होस्ट करेंगे। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी का तीसरे सीजन जल्द शुरू होने वाला है, जिसका प्रोमो सामने आ चुका है। बिग बॉस ओटीटी 3 जियो सिनेमा पर प्रीमियर होने के लिए तैयार है। शो के प्रोमो और टीजर में अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। बिग बॉस का आजाग जून में ही होगा।

## आईएसआईएस संदिग्धों का आका गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की पुलिस ने आईएसआईएस के साथ कथित संबंधों के कारण भारत में अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के आका (हैंडलर) को गिरफ्तार कर लिया है। डेली मिरर पोर्टल ने बताया कि कोलंबो में आपराधिक जांच विभाग ने पुष्पराजा उस्मान (46) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

उसकी गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ नोटिस जारी किया था और उसका एक वीडियो भी जारी किया था, जिसमें जनता से उसके बारे में जानकारी मांगी गई थी। पुलिस ने बताया कि माना जाता है कि उस्मान ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किए गए चार लोगों से टेलीफोन पर संपर्क किया था।

## खगोल विज्ञान

## जलवायु परिवर्तन को लेकर भौतिकी शोध में किया गया दावा

# जलवायु को प्रभावित करने में गुरुत्वाकर्षण बड़ी वजह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे जलवायु में बदलाव आ रहे हैं, वैसे वैसे पृथ्वी व अन्य ग्रहों के बीच चेताने वाले शोध सामने आ रहे हैं। हाल में भौतिकी आधार पर हुए शोध में सामने आई जानकारी के अनुसार गुरुत्वाकर्षण मंगल और पृथ्वी पर जलवायु व समुद्री धाराओं में बदलाव लाने का बड़ा कारण है।

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय और पेरिस में सोरबोन विश्वविद्यालय के भू-वैज्ञानिकों ने भौतिक आधार पर साक्ष्य जुटाए हैं। जिसमें बताया गया है कि पृथ्वी और मंगल की कक्षाओं में 2.4 मिलियन वर्ष में बदलाव आता है। जिस कारण जलवायु में बड़ा परिवर्तन आता है। दरअसल गुरुत्वाकर्षण के कारण गर्म महासागरों के परिणामस्वरूप गहरा परिसंचरण अधिक तीव्र होता है।



पृथ्वी और मंगल गृह की तस्वीर। ● अमृत विचार

ध्यान रहे कि मंगल ग्रह में भी कभी गहरे विशाल सागर नदियां बहा करती थी, जो आज समाप्त हो चुके हैं। यह शोध नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है। इस खोज के लिए वैज्ञानिकों को प्राचीन गहरे समुद्र के कोर में खुदाई करनी पड़ी। इससे पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव की जानकारी जुटाई गई। इससे समुंदर की जलधराओं पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जो जलवायु परिवर्तन में गहरा असर डाल सकता है। इसकी सबसे बड़ी वजह मंगल और पृथ्वी के बीच जुड़े गुरुत्वाकर्षण है, जो एक दूसरे की कक्षा को प्रभावित करती हैं।

सिडनी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एड्रियाना डुट्किविज़ का कहना है कि गहरे समुद्र तलछटी में 2.4 मिलियन वर्षीय चक्र के दौरान मंगल और पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने की परस्पर क्रिया के चक्रों से गहरे जुड़े हुए हैं, जो मंगल व पृथ्वी के गहरे समुद्र की धाराओं को मजबूत और कमजोर करता है। बहरहाल पृथ्वी की जलवायु के भविष्य के लिए मंगल व शुक्र ग्रह पर शोध करने होंगे।

### कहां गायब हुआ मंगल का वातावरण

वैज्ञानिक मानते हैं कि कभी मंगल पर पृथ्वी की तरह वातावरण रहा होगा और जलवायु पृथ्वी की तरह रही होगी, बारिश व बर्फबारी भी होती होगी। तभी नदियां बहा करती होंगी। मगर अब मंगल वीरान हो चुका है। इसकी वजह समझने को वैज्ञानिक प्रयासरत हैं। इस रहस्य का खुलासा होने के बाद, पृथ्वी के भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकेगा।